शर्मা হার্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, ● www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 41 | गुवाहाटी | सोमवार, 4 सितंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



चाय बागान से पंचायत की सीट नहीं जीत सकती कांग्रेस : भाजपा पेज 3

'आईएनडीआईए' कर रहा सनातन धर्म का का अपमान ये जितना बोलोंगे... पेज 4

चौकी इंचानर्ज को धम का रहे प्रत्याशी पुत्र, निर्वाचन आयोग से करेंगे... पेज 5

आईएनडीआईए कर रहा सनातन धर्म का अपमान, ये जितना बोलेंगे... पेज 8


## एक अरब भूखों का भारत अब एक अरब दिमागों वाला देश : पीएम

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की मेजबानी करने से एक सप्ताह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि *सबका साथ-सबका विकास* मॉडल विश्व के कल्याण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हो सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि दुनिया का जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण, अब मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में बदल रहा है। मोदी ने अपने लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि जीडीपी का आकार चाहे जो भी हो, हर आवाज मायने रखती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी अरब के राजा मोहम्मद



बिन सलमान सहित 19 विकासशील और विकसित देश तथा यूरोपीय संघ के नेता, नवनिर्मित भारत मंडपम सम्मेलन हॉल में 9-10 सितंबर को प्रमुख वार्षिक बैठक के लिए एकत्र होंगे। मोदी ने जी-20 और संबंधित मुद्दों पर केंद्रित 80 मिनट के साक्षात्कार में कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता से कई सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उनमें से कुछ मेरे दिल के बहुत करीब हैं। जी-20 का दुनिया की जीडीपी में 80 फीसदी, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 75 फीसदी, दुनिया की आबादी में 65 फीसदी और दुनिया के भूभाग में 60 फीसदी योगदान है। भारत ने पिछले नवंबर में इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी और दिसंबर में इसे ब्राजील को सौंप दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि हालांकि यह सच है कि जी-20 अपनी संयुक्त आर्थिक ताकत के मामले में एक प्रभावशाली समूह है, पर दुनिया का *जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण अब मानव-केंद्रित* में बदल रहा है और ठीक उसी तरह जैसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनी, उसी तरह कोविड महामारी के बाद एक नई विश्व व्यवस्था आकार ले रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में बदलाव शुरू हो गया है और हम उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहे हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने तथाकथित *तीसरी दुनिया* के देशों में भी विश्वास के बीज बोये हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ -सबका विकास मॉडल जिसने भारत को रास्ता दिखाया है, वह दुनिया के कल्याण के लिए एक मार्गदर्शक -शेष पृष्ठ दो पर

## जी-20 पर चीन और पाकिस्तान को मोदी का जवाब

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता के लिए भारत तैयार है। जो बाइडन समेत दुनिया के कई प्रमुख राजनेता कुछ ही दिनों में भारत आने वाले हैं। 9-10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी बीच रविवार को पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 की मीटिंग पूरी देश में आयोजित की जा रही है। हम (भारत) जी-20 अध्यक्ष हों या न हों, हम दुनिया भर में शांति सुनिश्चित करने के हर प्रयास का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि ये एक सामान्य बात है कि देश के हर हिस्सों में जी-20 की मीटिंग आयोजित की जा रही है। बता दें कि कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में जी-20 मीटिंग करवाए जाने पर पाकिस्तान और चीन ने आपत्ति जाहिर की है। कुछ महीनों पहले कश्मीर में जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप (टीडब्ल्यूजी) की मीटिंग हुई थी, जिसे लेकर पाकिस्तानी मीडिया ने खूब शोर-शराबा मचाया था। उन्होंने आगे कहा कि आज के वक्त आतंकी नापाक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डार्कनेट, मेटावर्स, क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध पर उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न संघर्षों से निपटने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र तरीका है। पीएम ने आगे कहा कि साइबर अपराधों से लड़ने में वैश्विक सहयोग न केवल वांछनीय बल्कि अपरिहार्य है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि साल भर चलने वाले जी-20 कार्यक्रमों में 1.5 करोड़ से ज्यादा भारतीय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सबकी आवाज सुने बिना भविष्य की कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी की थीम *वसुधैव कुटुंबकम* सिर्फ नारा नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार -शेष पृष्ठ दो पर

## अरुणाचल में छात्राओं के साथ दुष्कर्म आरोपी शिक्षक व प्रिंसिपल गिरफ्तार

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में एक शिक्षक द्वारा कई छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि राज्य के निचले सुबनसिरी जिले में एक निजी स्कूल के 50 साल के एक शिक्षक को कई छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल को भी थी। इस अपराध पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के कारण हापोली इलाके में स्कूल के प्रिंसिपल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, सुबनसिरी के पुलिस अधीक्षक केनी बागरा के मुताबिक, अभिभावक ने इस मामले की शिकायत -शेष पृष्ठ दो पर



## कांग्रेस द्रमुक के साथ संबंध नहीं तोड़ती तो हिंदू विरोधी : हिमंत

**गुवाहाटी।** जूनियर स्टालिन की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 3 सितंबर को कहा कि अगर कांग्रेस डीएमके के साथ संबंध नहीं तोड़ती है, तो लोगों को लगेगा कि वे हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के उस मंत्री की निंदा नहीं करना चाहता क्योंकि उसने खुद को बेनकाब कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस पार्टी अभी भी द्रमुक के साथ गठबंधन में रहेगी? यह -शेष पृष्ठ दो पर

## हिंदू धर्म अपनाए गए महिला डॉक्टर को धमकी

**गुवाहाटी।** असम में एक महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि हिंदू धर्म अपनाने पर उसके परिवार द्वारा उसे धमकी दी जा रही है, जिससे उसे छिपने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि, उसके भाई ने दावा किया है कि उसका अपहरण कर लिया गया है। परिवार ने जब उसका पता लगाने में पुलिस की मदद मांगी, तो डॉक्टर का एक वीडियो सामने आया जिसमें उसने खुद के सुरक्षित होने और स्वेच्छा से अपनी सुरक्षा के लिए दूर रहने का दावा किया। मामला संज्ञान में लाए जाने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर




পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


## इंफाल से अंतिम 10 कुकी परिवार कांगपोकपी में स्थानांतरित



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल में 10 कुकी परिवारों को कांगपोकपी में स्थानांतरित किया गया। चार महीने पहले राज्य मे जातीय हिंसा भड़कने के बावजूद वह अपने घरों को छोड़ कर कहीं नहीं गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन परिवारों को शनिवार (2 सितंबर) की सुबह ही उत्तरी किनारे पर कुकी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले में ले जाया गया, क्योंकि ये हमलावरों के टारगेट में बने हुए थे। 10 कुकी परिवारों को इंफाल से लगभग 25 किमी दूर कांगपोकपी जिले के मोटबुंग तक *सुरक्षित मार्ग* प्रदान किया गया। इन सब के बीच कुकी परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें न्यू लाम्बुलेन क्षेत्र में मोटबुंग में उनके आवासों से जबरन बेदखल किया गया है। कुकी इलाके की सुरक्षा करने वाले स्वयंसेवकों में से एक एस प्राइम वैफेई ने दावा किया है कि कुछ वर्दीधारी सशस्त्र कर्मियों की -शेष पृष्ठ दो पर

## सुपारी सिंडिकेट : अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित चार गिरफ्तार

**बजाली (हि.स.)।** सुपारी सिंडिकेट मामले में पुलिस की गिरफ्तारी की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। इस मामले में दो अन्य को रविवार को भी तलब किया गया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार को दिनभर की पूछताछ के अंत में बजाली की तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सोनोवाल और उनके पति बॉबी सिंह शर्मा सहित चार अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गायत्री सोनोवाल को रविवार को उनके गुवाहाटी स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया। गायत्री सोनोवाल के पति बॉबी सिंह शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों की शनिवार रात सीआईडी कार्यालय में मेडिकल जांच कराई गई थी। गायत्री सोनोवाल को रातभर पानबाजार के महिला पुलिस स्टेशन में रखा गया था। दूसरी ओर पति बॉबी सिंह शर्मा को सीआईडी मुख्यालय में रखा गया था। गौरतलब है कि पुलिस, कांस्टेबल और गायत्री सोनोवाल के अंगरक्षकों सहित छह लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इनमें भवानीपुर पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर देवजीत गिरि, पाटाचारकुची पुलिस स्टेशन के सहायक सब-इंस्पेक्टर शशांक दास, एएसपी गायत्री सोनोवाल के अंगरक्षक एबीसी इंजमामुल हसन, ड्राइवर द्विपजॉय रॉय, बजाली के पुलिस अधीक्षक के अंशकालिक चालक नबीर अहमद और पति समेत स्वयं गायत्री सोनोवाल शामिल हैं। वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि जो लोग बजली भ्रष्टाचार मामले में शामिल हैं, उन्हें दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार -शेष पृष्ठ दो पर




door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


## सनातन धर्म : स्टालिन के बेटे पर पुलिस में शिकायत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है जिसको लेकर बवाल खड़ा हो गया है। उदयनिधि ने एक सभा को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की तुलना मलेरिया और डेंगू से कर दी। उदयनिधि के इस बयान की काफी आलोचना हो रही है और उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता विनीत जिंदल द्वारा उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ सनातन धर्म के खिलाफ उनके -शेष पृष्ठ दो पर



## एशिया कप 2023 : बदली जा सकती है मुकाबलों की जगह

**कोलंबो।** श्रीलंका में खेले जा रहे एशिया कप के मुकाबलों के बीच एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एशिया कप की मेजबानी कर रहे श्रीलंका में इन दिनों जबरदस्त बारिश हो रही है। बारिश के रूप में इन दिनों श्रीलंका में भीषण आफत आई हुई है। बारिश के कारण ही कैंडी में खेला गया भारत और पाकिस्तान के बीच मैच भी नहीं पूरा नहीं हो सका। यहां बारिश इतनी तेज थी की दूसरी पारी में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इस कारण दोनों टीमों के बीच इस मैच के अंक बराबर बांट दिए गए। इन दिनों कोलंबो में लगातार जोरदार ज्यादा बारिश हो रही है। कई जगहों पर बाढ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। ऐसे में संभावना है कि एशिया कप बारिश की भेंट चढ़ सकता है। -शेष पृष्ठ दो पर



## भाजपा सबका साथ में करती है विश्वास : माणिक साहा

**सिपाहीजला (त्रिपुरा)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को सिपाहीजला जिले के सोनमपुरा पंचायत के एक सार्वजनिक रैली में शिरकत किया। इस क्षेत्र में 5 सितंबर को उपचुनाव होना है। सीएम साहा ने वहां के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार *सबका साथ सबका विकास* में विश्वास करती है। सीएम साहा ने भाजपा पार्टी के समर्थन में तारीफों के पुल बांधें। सीएम साहा ने रैली के दौरान कहा कि साल 2023 के चुनाव के दौरान कई लोगों ने सरकार में बदलाव की उम्मीद की थी, लेकिन एक बार फिर भाजपा-आईपीएफटी सरकार को सत्ता में -शेष पृष्ठ दो पर



### सुप्रभात

*आत्मरक्षा से सबकी रक्षा होती है।*

– आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## भारत जोड़ो यात्रा सात से हर जिले में निकलेगी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे होने के मौके पर देशभर के हर जिले में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का एलान किया है। पार्टी ने इसके लिए कई जगहों पर आयोजन करने की भी योजना बनाई है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले साल सात सितंबर को कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की थी। 145 दिन तक चली 4000 किमी लंबी इस यात्रा का अंत 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा को लेकर कांग्रेस में चर्चाएं -शेष पृष्ठ दो पर

## चांद पर सो गया चंद्रयान 3 का प्रज्ञान रोवर

**श्रीहरिकोटा।** पूरे 10 दिनों तक चांद की सतह पर घूमने, इससे संबंधित रहस्यों को सुलझाने के बाद चंद्रयान का प्रज्ञान रोवर अब सो गया है। इसरो ने इसे निष्क्रिय कर दिया है जिससे ये स्लीप मोड में चला गया है। अपने पहले चरण में चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने चंद्रमा की सतह पर अपना काम पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ये जानकारी दी है। गौरतलब है कि चांद पर अब 14 दिनों की एक लंबी रात होगी, जब यहां का तापमान लगभग माइनस 200 डिग्री तक पहुंचेगा। इस दौरान प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर का काम करना काफी मुश्किल होगा। यही कारण है कि इसे स्पील मोड में भेजा गया है। अब चांद पर 22 सितंबर को सुर्योदय होगा। इसरो को उम्मीद है कि तब तक रोवर की बैट्री चार्ज रहेगी और ये दोबारा काम करना शुरू करेगा।




उसका सौर पैनल 22 सितंबर, 2023 को चंद्रमा पर अपेक्षित अगले सूर्योदय पर प्रकाश प्राप्त करने के लिए उन्मुख है। वहीं स्लीप मोड पर जाने से पहले रोवर और लैंडर ने इसरो के साथ कई तरह की जानकारियां साझा की है, जो विकास और मानवता के लिए बेहद अहम है। गौरतलब है कि चंद्रयान 3 को लेकर अपडेट देते हुए इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं और चूंकि चंद्रमा पर अब रात हो जाएगी इसलिए इन्हें *निष्क्रिय* किया जाएगा। इसरो ने *एक्स* पर एक पोस्ट में कहा कि रोवर ने अपना कार्य पूरा कर लिया है। इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क (खड़ा) किया गया है और निष्क्रिय (स्लीप मोड) अवस्था में सेट किया गया है। एपीएक्सएस और एलआईबीएस पेलोड बंद हैं। इन पेलोड से आंकड़े लैंडर के जरिए इसरो तक पहुंचाए जाते है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान का रिसीवर चालू रखा गया है। अपने कार्य के दूसरे चरण के लिए इसके सफलतापूर्वक पुन: जागृत होने की आशा है! अन्यथा, -शेष पृष्ठ दो पर

## अंधविश्वास : 5वीं कक्षा के बच्चों की करा दी शादी



**बेंगलुरु।** जब किसी भी क्षेत्र में सूखा पड़ता है, तो लोग बारिश के लिए विभिन्न मान्यताओं का सहारा लेते हैं। बारिश कराने के लिए देवी-देवता की विशेष पूजा कराते हैं, नहीं तो किसी टोना-टोटका का सहारा लेते है। ऐसा ही कुछ कर्नाटक में देखने को मिल रहा है। बारिश के देवता को खुश करने के लिए बेंगलुरु के आसपास के जिलों में अंधविश्वास का खेला शुरू कर दिया है। सूखे क्षेत्र में बारिश हो इस चक्कर में लोग यहां नाबालिग लड़कों की शादी कराने में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने यह दावा किया है कि शादी कराने के आधे घंटे बाद ही कर्नाटक में बारिश शुरू हो गई। शादी की घटना गुरुवार और बुधवार को सामने आई है। नाबालिग लड़कों -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**


## संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मिला महिला का शव

**नगांव ( हिंस )।** जिले के कोलियाबर के बरघुली नंबर 1 में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब से महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने आज बताया कि मृतक महिला की पहचान राशिदा बेगम के रूप में हुई है। मृतक महिला का 7 साल का बेटा अभी भी लापता है। लोगों को संदेह है कि उसका बेटा भी अपनी मां के साथ पानी में गिर गया होगा। बच्चे की तलाश में एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ है।

### *सिलसाको बील जलाशय मामला*

# जिंजर होटल की जमीन भी अधिग्रहण करेगी सरकार



**गुवाहाटी।** एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि असम सरकार ने 3 सितंबर को सिलसाको बील को जलाशय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जमीन के साथ जिंजर होटल का अधिग्रहण करने के अपने फैसले की घोषणा की। असम भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1954 (1964 का एक 15) की धारा 3(1) के तहत आदेश में पढ़ा गया कि मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिसूचना संख्या आरएलए81/93/5-ए दिनांक दिसपुर, 15 के तहत 1 जुलाई 1993, पल्लव गोपाल झा, आईएएस। डिप्टी कमिश्नर और कलेक्टर, कामरूप मेट्रोपॉलिटन डिस्ट्रिक्ट, गुवाहाटी, असम भूमि (अधिग्रहण और अधिग्रहण) अधिनियम, 1964 की धारा 361 के तहत नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि के साथ-साथ उस तिथि से प्रभावी रूप से भूमि पर खड़े भवन की मांग करते हैं। इस आदेश में, आवास और शहरी मामलों के विभाग के अनुसरण में सिसाको बील को एक जलाशय के रूप में विकसित करने और शहरी बाढ़ के शमन की सुविधा के लिए कि जा रहा है। मालूम हो कि असम सरकार ने 13 मई, 2022 को गुवाहाटी के कछाल क्षेत्र में बेदखली अभियान शुरू किया। फिर 27 और 28 फरवरी को और फिर 2 और 3 मार्च 2023 को सिल्साको नहर के दोनों किनारों से 100 मीटर की दूरी को साफ करने के लिए एक और बेदखली अभियान चलाया गया। 150 बीघे के क्षेत्र को बेदखल करने का लक्ष्य रखा गया, जिससे अन्य 500 परिवार प्रभावित होंगे। स्थानीय लोगों का दावा है कि प्रशासन बिना किसी पूर्व सूचना और पुनर्वास के उपायों के बिना यह अभियान चला रहा है। राज्य सरकार के अनुसार, यह क्षेत्र अतिक्रमित बस्तियों से भरा हुआ था जो गुवाहाटी शहर में बाढ़ का एक कारण है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह क्षेत्र जल निकाय अधिनियम 2008 के तहत था। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि पिछली सरकार (कांग्रेस) ने 2008 में जल निकाय संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों का उचित सीमांकन किए बिना, विधान सभा में जल निकाय संरक्षण अधिनियम का एक विधेयक पारित किया था, जिसके कारण ऐसी स्थितियां उत्पन्न हुई हैं। यहां यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि निवासियों के बीच यहां तक कि जिंजर होटल भी बिल्कुल सीमांकित झील क्षेत्र के बीच में था, लेकिन उसे बेदखल नहीं किया गया था, हालांकि, इस पर सीएम शर्मा ने कहा कि चूंकि जमीन पिछली सरकार द्वारा दी गई थी, इसलिए बातचीत चल रही है। होटल प्रबंधन उन्हें वैकल्पिक प्लॉट उपलब्ध कराए।

# मंत्री पीयूष ने कटाव प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**शिवसागर ( हि.स. )।** मंत्री पीयूष हजारिका ने शिवसागर में बाढ़ को नियंत्रित करने और कटाव को रोकने के लिए कई योजनाएं शुरू करने का आश्वासन दिया है। असम के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने जिले में आई बाढ़ और कटाव प्रभावित इलाकों का जायजा लेने के लिए रविवार को शिवसागर जिले के शेनसोवा और दिसांगमुख इलाकों का दौरा किया। मंत्री ने सबसे पहले शेनसोवा मेटकाबांधा क्षेत्र पहुंचकर बांध के ऊपर से आए नदी के पानी का जायजा लिया और स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि इस बांध को लंबा और सशक्त बनाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद मंत्री विधायक सुशांत बूढ़ागोहाई और विधायक अखिल गोगोई के साथ दिसांगमुख क्षेत्र के लिगिरीबाड़ी पहुंचे और दिसांग नदी और ब्रह्मपुत्र के संगम पर कटाव की समस्या का जायजा लिया। मंत्री ने कहा कि जल संसाधन विभाग लगभग 600 मीटर क्षेत्र में कटाव को रोकने के लिए काम करेगा। शिवसागर की अपनी यात्रा के दौरान स्थानीय संवाददाताओं से बात करते हुए, मंत्री हजारिका ने कहा कि शिवसागर जिले के तहत ब्रह्मपुत्र के लगभग 22 किलोमीटर में कटाव को रोकने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक योजना के तहत लगभग 270 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं और काम अगले साल शुरू होगा।

## आठ दिवसीय विस सत्र सोमवार से

**इटानगर ( हि.स. )।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का आठ दिवसीय सत्र आगामी सोमवार से आरंभ होने जा रहा है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार सत्र के पहले दिन तीन महत्वपूर्ण बिल सदन में फेश किया जाएगा। जिसमें, अरुणाचल प्रेदश हर्व्इ आड्डा क्षेत्र योजना और विकास प्रधिकारण बिल 2023, अरुणाचल प्रदेश कोर्ट फीस बिल 2023 और अरुणाचल प्रदेश वस्तु और सेवाएं टैक्स (संशोधन) बिल 2023, शामिल हैं।

# पीजूष हजारिका बहुत कुशल मंत्री हैं : अखिल गोगोई

**शिवसागर ( हि.स. )।** शिवसागर के विधायक अखिल गोगोई के अनुरोध पर राज्य के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने रविवार को शिवसागर जिले में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, मंत्री ने कहा कि दिखौ और दिसांग नदी के तटबंध दोनों को सशक्त बनाने और ब्रह्मपुत्र से लगे हिस्से के लिए 6 करोड़ रुपये की दो योजनाओं के आबंटन के मुख्य वादे किए। विधायक अखिल गोगोई ने दोनों कार्यों के लिए मंत्री पीजूष हजारिका को धन्यवाद दिया। विधायक अखिल गोगोई ने मंत्री को यह घोषणा करने के लिए भी धन्यवाद दिया कि विश्व बैंक और एडीबी द्वारा प्रस्तावित 270 करोड़ रुपये की मेगा कटाव रोकथाम परियोजना का काम भी दूसरे चरण में आवंटित किया गया है। पत्रकारों से बातचीत की जानकारी देते हुए शिवसागर के विधायक और राइजर दल के अध्यक्ष ने कहा कि फील्ड बेसिस पर काम करने वाले पीयूष हजारिका बेहद कुशल मंत्री हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री पीयूष हजारिका विधानसभा में मुद्दों को बहुत सही तरीके से उठा सकते हैं। विधायक अखिल गोगोई ने कहा कि मंत्री पीयूष हजारिका लोगों की समस्याओं को ठीक से समझते हैं।

## *पृष्ठ एक का शेष*

### *एक अरब भूखों ...*

सिद्धांत भी हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति, विश्व मंच पर इसके बढ़ते कद, साइबर सुरक्षा, ऋण जाल, जैव- ईंधन नीति, संयुक्त राष्ट्र सुधार, जलवायु परिवर्तन और 2047 के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा किलंबे समय तक, भारत को एक अरब से अधिक भूखे पेट वाले लोगों के देश के रूप में जाना जाता था। लेकिन अब, भारत को एक अरब से अधिक महत्वाकांक्षी मस्तिष्क, दो अरब से अधिक कुशल हाथों और करोड़ों युवाओं के देश के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक की अवधि एक बहुत बड़ा अवसर है। इस कालखंड में रहने वाले भारतीयों के पास विकास की ऐसी नींव रखने का शानदार मौका है जिसे अगले 1,000 वर्षों तक याद किया जाएगा! प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यकीन है कि 2047 तक हमारा देश विकसित देशों में शुमार होगा। हमारे गरीब पूर्ण रूप से गरीबी के खिलाफ लड़ाई जीतेंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र के बदलाव दुनियाभर में सबसे अच्छे होंगे। भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता का हमारे राष्ट्रीय जीवन में कोई स्थान नहीं होगा। जी-20 का जन्म पिछली शताब्दी के अंत में हुआ था जब दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक संकट से निपटने के लिए सामूहिक और समन्वित प्रयास की भावना से एकजुट हुईं। 21वीं सदी के पहले दशक में वैश्विक आर्थिक संकट के दौरान इसकी महत्ता और भी बढ़ गई। मोदी ने कहा कि जब कोविड महामारी आई, तो दुनिया को समझ आया कि आर्थिक चुनौतियों के अलावा, मानवता को प्रभावित करने वाली अन्य महत्वपूर्ण और तात्कालिक चुनौतियां भी थीं। उन्होंने कहा कि इस समय तक आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, संस्थागत वितरण और सामाजिक बुनियादी ढांचे में भारत का मानव-केंद्रित विकास मॉडल दुनिया की नजरों में आ चुका था। प्रधानमंत्री ने कहा किभारत द्वारा उठाए जा रहे बड़े कदमों की विश्व भर में चर्चा होने लगी थी और यह स्वीकार किया गया कि जिस देश को सिर्फ एक बड़े बाजार के रूप में देखा जाता था वह वैश्विक चुनौतियों के समाधान का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा किजब तक भारत जी-20 का अध्यक्ष बना, दुनिया के लिए हमारे शब्दों और दृष्टिकोण को केवल विचारों के रूप में नहीं बल्कि भविष्य के रोडमैप के रूप में लिया जा रहा था। जी-20 को एक नया आयाम देते हुए, इसकी मंत्रिस्तरीय और अन्य बैठकें न केवल राजधानी नई दिल्ली में बल्कि देश के सभी हिस्सों में आयोजित की गईं, जिनमें इंदौर और वाराणसी जैसे दूसरे और तीसरे स्तर के शहर भी शामिल थे। लगभग 200 क्षेत्रीय बैठकों में, जिनमें से कई हम्पी, केरल, गोवा और कश्मीर जैसे पर्यटन स्थलों पर आयोजित की गई थीं, एक लाख से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के अलग अलग हिस्सों में जाकर हमारी डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी), डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) और डायवर्सिटी (विविधता) को देखा। वे यह भी देख रहे हैं कि चौथे डी-डेवलपमेंट (विकास) ने किस तरह पिछले दशक में लोगों को सशक्त बनाया है। यह समझ बढ़ रही है कि दुनिया को जिन समाधानों की जरूरत है उनमें से कई समाधान हमारे देश में तेजी से और बड़े पैमाने पर पहले से ही सफलतापूर्वक लागू किए जा रहे हैं। वैश्विक ऋण संकट के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए - जिसे उन्होंने विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए *बड़ी चिंता का विषय* कहा। मोदी ने भारत में कुछ राज्य सरकारों द्वारा दी गई मुफ्त सुविधाओं पर कटाक्ष किया और वित्तीय अनुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गैर-जिम्मेदाराना वित्तीय और लोकलुभावन नीतियों के अल्पकालिक राजनीतिक परिणाम मिल सकते हैं, लेकिन लंबी अवधि में इसकी बड़ी सामाजिक और आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। गैर-जिम्मेदाराना वित्तीय नीतियों और लोकलुभावनवाद का सबसे अधिक असर, सबसे गरीब वर्ग पर पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व की बदलती सच्चाइयों के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जोरदार वकालत भी की और कहा कि 21वीं सदी में 20वीं शताब्दी के मध्य का रवैया नहीं चल सकता तथा संरा में इस प्रकार सुधार होने चाहिए ताकि सभी पक्षों का संरा में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले इस समूह में अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन करता है क्योंकि सभी आवाजों को प्रतिनिधित्व और स्वीकार्यता मिलने तक दुनिया के भविष्य के लिए कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती।

### *अरुणाचल में छात्राओं ...*

दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए रविवार आरोपी शिक्षक और प्रिंसिपल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर कक्षा पांच और छह के लगभग दो से तीन छात्रों के साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी के खिलाफ हापोली के महिला पुलिस थाने में पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और इस मामले में आगे की जांच की जा रही है। मालूम हो कि पिछले साल नवंबर में शि-योमी जिले में ऐसा ही मामला सामने आया था, जिसमें एक स्कूल के वार्डन को छह लड़कों और 15 लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### *कांग्रेस द्रमुक के साथ ...*

(पूर्व कांग्रेस प्रमुख) राहुल गांधी के लिए एक परीक्षा है। उन्हें करना होगा वे सनातन धर्म का सम्मान करते हैं या नहीं, इस बारे में निर्णय लें। अगर उन्होंने डीएमके से नाता नहीं तोड़ा तो लोग पुष्टि कर देंगे कि वे हिंदू विरोधी हैं। तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने यह कहकर विवाद पैदा कर दिया है कि *सनातन धर्म* समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है और इसे खत्म करने का आह्वान किया है। डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के इस बयान पर तीखी बहस छिड़ गई है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस और द्रमुक विपक्षी भारत गठबंधन के प्रमुख सदस्य हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भारत गठबंधन की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया है, जिसमें मुंबई में हाल की सभा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, एमके स्टालिन हाल ही में भारत गठबंधन द्वारा गठित 13 सदस्यीय समन्वय पैनल का हिस्सा हैं।

### *हिंदू धर्म अपनाए...*

महानिदेशक (डीजीपी) को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। शर्मा ने डॉक्टर के वीडियो के साथ एक ट्विटर पोस्ट में लिखा कि उचित जांच के बाद ही कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में डॉक्टर ने दावा किया कि उसने हिंदू धर्म अपनाकर अपने परिवार को परेशान कर दिया है और उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है, जिससे वह छिप गई है। उसने यह भी दावा किया कि उसका परिवार उसकी शादी एक बुजुर्ग मौलवी से करना चाहता था, क्योंकि उनका मानना है कि यह उसे बाद के जीवन में *जन्नत* (स्वर्ग) में ले जाएगा। डॉक्टर ने कहा कि वीडियो एक हवाई अड्डे पर शूट किया गया था और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। हालांकि उसने अपने स्थान का खुलासा नहीं किया है। डॉक्टर के भाई वकील खान ने पहले उसका पता लगाने के लिए पुलिस की मदद मांगी है। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को लिखे एक पोस्ट में खान ने कहा कि उनकी बड़ी बहन 17 अगस्त से तिनसुकिया के हपजान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लापता है, जहां वह तैनात थी। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए डीजीपी सिंह ने लिखा कि उसने ऑनलाइन एक वीडियो पोस्ट किया है जो बताता है कि उसे अपने परिवार से मौत की धमकी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी कोई भी धमकी गैरकानूनी है और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खान ने सिंह को जवाब देते हुए कहा कि उनसे नौ लाख रुपये की मांग की गई है। उन्होंने वीडियो को पूरी तरह से *निराधार* बताकर खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी बहन *कुछ संकट* में हो सकती है। उन्होंने डीजीपी से उसका पता लगाने का अनुरोध किया। सिंह ने बाद में कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### *इंफाल से अंतिम 10 ...*

एक टीम 1 सितंबर की रात इंफाल के न्यू लाम्बुलेन में आई और 2 सितंबर को इम्फाल में कुकी इलाके में बचे अंतिम निवासियों को उनके घरों से जबरन बेदखल कर दिया गया। न्यू लैंबुलेन क्षेत्र में रहने वाले लगभग 300 आदिवासी परिवार 3 मई को जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से अपना घर छोड़ चुके है। वैफेई ने एक बयान में कहा कि हम में से 24 लोगों को अपना सामान पैक करने का भी समय नहीं दिया गया और हमें केवल पहने हुए कपड़ों के साथ वाहनों में ले गए। बता दें कि मणिपुर की आबादी में मेइतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी - नागा और कुकी - 40 प्रतिशत से कुछ अधिक हैं और पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### *सुपारी सिंडिकेट : अतिरिक्त पुलिस...*

किया जाएगा। मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया पूर्व सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गायत्री सोनोवाल को बजली भ्रष्टाचार मामले में दो सितंबर को गुवाहाटी में उनके आवास से पकड़े जाने के बाद आई है। उधर असम पुलिस ने एक डीएसपी और दो एसआई सहित सात कर्मियों के खिलाफ पैसे मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपियों को अगली कार्रवाई के लिए यहां सीआईडी पुलिस स्टेशन लाया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस उप अधीक्षक और दो उप-निरीक्षकों सहित बजाली पुलिस के सात कर्मियों के खिलाफ गुरुवार को अपराध जांच शाखा की ओर से दर्ज मामले के संबंध में यह गिरफ्तारियां की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कर्मियों में भवानीपुर चौकी के प्रभारी, बजाली पुलिस अधीक्षक के दो चालक और बजाली के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) का एक निजी सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। डीजीपी जीपी सिंह ने सोशल मीडिया एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर ट्वीट कर कहा कि पुलिस मुख्यालय को शिकायत मिली थी कि बजली जिले के कुछ अधिकारियों ने अगस्त के पहले सप्ताह में पैसे की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय को जाल बिछाने का निर्देश दिया गया। लेकिन अधिकारी सावधान रहने के कारण सफल नहीं हो सके। उन्होंने आगे की जानकारी देते हुए कहा कि बजाली के पुलिस अधीक्षक का भी तबादला कर दिया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि डीजीपी को किसी भी तरह से जनता के साथ दुर्व्यवहार करते पाए जाने वाले किसी भी कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा अधिकार दिया गया है।

### *सनातन धर्म : स्टालिन...*

उत्तेजक, भड़काऊ और मानहानिकारक बयान के लिए दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है, इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी,153ए, 295, और 504 ऑफ और आईटी एक्ट की धाराएं शामिल हैं। इसके अलावा, हिंदू सेना ने भी उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दिल्ली पुलिस कमिश्नर से शिकायत दर्ज कराई है। उदयनिधि ने अपने बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की है। उन्होंने कहा है कि सनातन का सिर्फ विरोध नहीं किया जाना चाहिए बल्कि, इसे समाप्त ही कर देना चाहिए। उदयनिधि ने शनिवार को सनातन उन्मूलन सम्मेलन में दिए बयान में कहा सनातन धर्म सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है। कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म ही कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते। हमें इसे मिटाना है, इसी तरह हमें सनातन को भी मिटाना है। तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज डीएमके सरकार में युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि सनातन नाम संस्कृत का है। यह सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है। डीएसके नेता उदयनिधि ने कहा कि मैं अपनी टिप्पणी के संबंध में किसी भी कानूनी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि डीएमके सरकार एमके स्टालिन के नेतृत्व में सामाजिक न्याय को बनाए रखने और समतावादी समाज की स्थापना करने के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस तरह की भगवा धमकियों से डरेंगे नहीं। हम पेरियार, अन्ना और कलैगनार (करुणानिधि) के अनुयायी हैं और सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। उदयनिधि के बयान पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि उदयनिधि स्टालिन ने देश की 80 फीसदी आबादी के नरसंहार का आह्वान किया है।

### *एशिया कप 2023...*

इससे बचने के लिए एशिया कप के मैचों को अन्य स्थान पर शिफ्ट किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए एशियन क्रिकेट काउंसिल और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा हालात को देखते हुए इस विषय पर चर्चा की है। माना जा रहा है कि बारिश के कारण यहां स्थिति ऐसी नहीं है कि मैच कराए जा सके। ऐसे में लीग स्टेज के बाद सभी मुकाबलों के वेन्यू में परिवर्तन हो सकता है। कोलंबो में बारिश को लेकर अगले सप्ताह का पूर्वानुमान भी ऐसा नहीं है कि यहां मैच कराए जा सकें। यहां सात सितंबर तक बारिश का अनुमान है। बता दें कि एशिया कप के सुपर 4 मुकाबलों को श्रीलंका और पाकिस्तान में खेला जाएगा। पाकिस्तान में होने वाले मुकाबले लाहौर में होंगे वहीं श्रीलंका में होने वाले मुकाबले कोलंबो में खेले जाने थे। कोलंबो में हो रही भारी बारिश के कारण यहां हालात काफी गंभीर है। ऐसे में संभावना है कि आगे के मुकाबले दांबुला या पल्लेकल में खेले जा सकते है। कोलंबो में बारिश होने के कारण यहां बाढ़ के हालात बने हुए है। नॉकआउट मैच भी खतरे में है। एशिया कप के सुपर फोर मैच कोलंबो में होने थे, जो 15 सितंबर तक खेले जाने थे। एशिया कप का फाइनल मुकाबला 17 सितंबर को होना है। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2 अगस्त को खेला गया पहला मुकाबला कैंडी में खेला गया था। बारिश होने के कारण ये मैच पूरा नहीं हो सका। भारतीय टीम ने 48.5 ओवर में 266 रन बनाए। वहीं दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम एक गेंद भी नहीं खेल सकी क्योंकि यहां लगातार बारिश हो रही थी।

### *भाजपा सबका साथ....*

बने रहने के लिए और सभी के सेवा में कार्यरत रहने के लिए लोगों का आशीर्वाद मिला। हमारी पार्टी राज्य के लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। हमारी सरकार लगातार लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देती आई है। राज्य के सभी लोगों के लिए हमारी सरकार की प्राथमिकता पिछली सरकार से बिल्कुल विपरीत है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करती है। सोनमपुरा उप-मंडल में स्थित धनपुर और त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के बॉक्सानगर विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 5 सितंबर को होने वाला हैं और 8 सितंबर को मतगणना होगी। भाजपा ने बॉक्सानगर विधानसभा सीट के लिए तफज्जल हुसैन और धनपुर क्षेत्र के लिए बिंदू देबनाथ को नामांकित किया। हुसैन बॉक्सानगर के स्थानीय नेता हैं जबकि देबनाथ धनपुर में पार्टी के मंडल अध्यक्ष हैं। सीपीआई (एम) विधायक समसुल हक की मृत्यु के कारण बॉक्सानगर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव आवश्यक हो गया था। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक के धनपुर के विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण उस सीट पर उपचुनाव कराना जरूरी हो गया।

### *अंधविश्वास : 5वीं कक्षा...*

की शादी के लिए गांव की पूरी आबादी एकत्र हुई और शादी में भाग लिया। जिन लड़कों की शादी कराई गई वह कक्षा पांचवी के छात्र है। सभी को दूल्हा-दुल्हन की पोशाक पहनाने से लेकर गांठ बांधने समेत सभी रस्में निभाई गईं। लोगों ने आशीर्वाद देने के लिए बारिश के देवताओं को आमंत्रित किया और अनुष्ठान में भाग लेकर आरती की। नाबालिग लड़कों को शादी के तोहफे में पैसे भी दिए गए। शादी के बाद नाबालिग लड़के अपने सामान्य जीवन में लौट आए है। जानकारी के लिए बता दें कि नाबालिग लड़कों की शादी की परंपरा बड़े पैमाने पर बेंगलुरु ग्रामीण, चिक्कबल्लापुर और कोलार जिलों में पाई जाती है। चिंतामणि तालुक के हिरेकाट्टीगेहल्ली और चिक्काबल्लापुर तालुक और जिले के मोगलाकुप्पे गांव के ग्रामीणों ने इन नाबालिग लड़कों की शादी कराई है। हैरानी की बाद यह रही कि नाबालिग बच्चों की शादी के कुछ ही घंटों के बाद कर्नाटक में तेज बारिश हुई। बेंगलुरु शहर सहित आसपास के जिलों में पिछले तीन दिनों से बारिश हो रही है। किसानों को चिंता थी कि मानसून कम आने के कारण पूरी फसल खराब हो जाएगी। अब उन्हें उम्मीद है कि उन्हें कम से कम मुख्य रागी की फसल मिल सकेगी।

### *चांद पर सो गया ...*

यह हमेशा के लिए भारत के चंद्र राजदूत के रूप में वहीं रहेगा। सोमनाथ ने कहा कि लैंडर *विक्रम* और रोवर *प्रज्ञान* अब भी काम कर रहे हैं और हमारी टीम अब वैज्ञानिक साजो-सामान के साथ ढेर सारा काम कर रही है। उन्होंने कहा किअच्छी खबर यह है कि लैंडर से रोवर कम से कम 100 मीटर दूर हो गया है और हम आने वाले एक या दो दिन में इन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं, क्योंकि चांद पर रात होने वाली वाली है। दरअसल रोवर चादं की सतह पर कुछ इस एंगल पर है कि जब वहां सूर्योदय होगा तो उसकी रोशनी इसके सौर पैनलों पर पड़ सकती है, जिससे रोवर फिर काम करना शुरू कर सकता है। यानी सौर ऊर्जा रोवर को पॉवर देगी। इसरो प्रमुख ने पहले सूर्य मिशन *आदित्य एल1* का आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से सफल प्रक्षेपण होने के बाद मिशन नियंत्रण केंद्र से अपने संबोधन में यह जानकारी दी थी। बता दें कि चांद की सतह पर रहने के दौरान रोवर ने कैमिकल मिश्रण, मिट्टी के प्रकार और तापमान में बदलाव के पैटर्न से संबंधित जानकारी मुहैया करवाई है। ये भी पता चला है कि चांद पर भूकंप आते है। यहां सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम की मौजूदगी पता चली है। यहां प्लाजमा भी मिला है।

### *जी-20 पर चीन और...*

से प्राप्त व्यापक दर्शन है। जलवायु परिवर्तन पर उन्होंने कहा कि दृष्टिकोण प्रतिबंधात्मक नहीं, बल्कि रचनात्मक होना चाहिए; यह मत करो या वह मत करो पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। भारत प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण का दृढ़ता से समर्थन करता है। पीएम मोदी ने फेक न्यूज पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि फर्जी खबरें अराजकता पैदा कर सकती हैं और समाचार स्रोतों की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इनका इस्तेमाल सामाजिक अशांति को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय आश्वस्त है कि भारत की प्रगति कोई दुर्घटना नहीं है, यह कार्य-उन्मुख रोडमैप का परिणाम है। सभी क्षेत्रों में लिए गए जी-20 मंत्रिस्तरीय निर्णय दुनिया के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### *भारत जोड़ो यात्रा ...*

तेज हैं और इसकी विस्तृत जानकारी जल्द ही जिला कमेटियों को भेजी जाएगी। बता दें कि इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया था, वहीं 100 से ज्यादा बैठकें और 13 प्रेस कांफ्रेंस में भी हिस्सा लिया। उन्होंने चलते हुए 275 से ज्यादा चर्चाओं में हिस्सा लिया, जबकि कहीं रुक कर 100 के करीब चर्चाएं कीं। कई जानकारों का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि को बदलने में काफी अहम भूमिका निभाई है। खासकर राजनीति में अनमने और पार्ट-टाइम नेता के बजाय विपक्ष के लिए एक परिपक्व और एक गंभीर नेता की छवि गढ़ने के मामले में।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**पंचम मंडल तृतीय अध्याय अध्याय**

**अथर्ववेद कांड-10, सूक्त-7 स्कम्भ का स्वरूप विषयक प्रश्नों के उत्तर**

**( 12 )**

**द्यौ पृथिवी स्थिर रहे, अन्तरीक्ष जेहि माहिं।**
**चन्द्र सूर्य्य अरु अग्नि है, वायू आश्रित जाहिं॥ 35॥**

**शब्दार्थ :** (आश्रित) अवलंबित (स्थिर) स्थित।

**भाष्य :** जिसमें द्यौ, पृथ्वी और अंतरिक्ष स्थित हैं, एवं चंद्र, सूर्य, अग्नि और वायु जिसके आश्रित है।

**आइश्रत महिमा जासु की, खड़े करें गुण गान।**
**अन्तरयामी देव है, अनुभव पर विज्ञान॥ 36॥**

**शब्दार्थ :** (विज्ञान) यथार्थ ज्ञान (अनुभव) आत्मा द्वारा चेतन सत्ता का ज्ञान।

**भाष्य :** जिस देव के आश्रित खड़े हो कर जिसका गुणगान करते हैं, उस ब्रह्मविद्या विज्ञान द्वारा अनुभव में प्राप्त अन्तर्यामी परमप्रभु की महती महिमा है।





# करीमगंज में तेल टैंकर से भारी मात्रा में गांजा बरामद

**करीमगंज ( हिंस )।** लोकप्रिय हिंदी फिल्म की शैली में गांजा सप्लाई करने वाले एक गांजे से भरे तेल टैंकर को करीमगंज पुलिस ने आज जब्त किया है। जिले के चुराईबारी चेक पोस्ट पर पुलिस ने रविवार की सुबह पड़ोसी राज्य त्रिपुरा से गांजा लेकर आ रहे एक तेल टैंकर की तलाशी के बाद गांजे के 71 पैकेट जब्त किए। टैंकर के गुप्त कक्ष से गांजा जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे का वजन 1420 किलोग्राम है। जिसकी कीमत करोड़ों रुपए है। पुलिस ने टैंकर के चालक को गिरफ्तार कर लिया है और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बराक घाटी को एक सुरक्षित गलियारे के रूप में उपयोग करते हुए, ड्रग्स तस्कर हर दिन राज्य के बाहर से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। घातक हेरोइन, नशीली गोलियां, कफ सिरप और गांजे की आपूर्ति अब तस्करों के लिए आम बात हो गई है। विशेष रूप से, इन नशीले पदार्थों को करीमगंज जिले में त्रिपुरा सीमा पर चुराईबाड़ी, कछार में मिजोरम सीमा पर लैलापुर और मणिपुर सीमा पर जिरीघाट के माध्यम से ड्रग्स तस्करों द्वारा असम में आयात किया जाता है। पुलिस इन मादक पदार्थों के खिलाफ छापेमारी में हर दिन करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ जब्त कर रही है। पुलिस के डर से ड्रग्स तस्करों को ड्रग्स तस्करी की नई तकनीक अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# चाय बागान से पंचायत की सीट नहीं जीत सकती कांग्रेस : भाजपा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के (मूल निवासी) खिलंजिया लोगों ने पहले ही कांग्रेस पार्टी को खारिज कर दिया है। हाल के दिनों में बागानों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया गया। कड़ी मेहनत करके जीवनयापन करने वाले चाय बागान श्रमिकों ने पिछले सात दशकों में शोषण उत्पीड़न के लिए कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया है। कार्यकर्ताओं के सवालों का जवाब देने में असमर्थ, राज्य कांग्रेस नेता को बागान की बैठक से बाहर जाते हुए देखा गया। भाजपा प्रवक्ता रंजीव कुमार शर्मा ने भाजपा के असम प्रदेश पार्टी मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन से मीडिया



को भेजे एक बयान में यह टिप्पणी की। शर्मा के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने अपने ही गृह निर्वाचन क्षेत्र से एक पंचायत सदस्य को भी जीत दिलाने की संगठनात्मक क्षमता खो दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पंचायत चुनाव में एक भी सदस्य नहीं जीत पाने वाले कांग्रेस अध्यक्ष आगामी लोकसभा चुनाव में सांसद जिताने की कल्पना करते हैं। वर्तमान में कांग्रेस के पास कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। यही कारण है कि पार्टी के नेता समय-समय पर राजनीतिक व्यंग्य में बात करने लगे हैं जो सामाजिक जीवन के अनुरूप नहीं है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दलों का ऐसा व्यवहार वास्तव में चिंताजनक है।

# सुहागिन महिलाओं ने कजरी तीज पर्व मनाया



**गुवाहाटी ( विभास )।** भद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की तृतीया को कजरी तीज के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं संपूर्ण दिन व्रत उपवास रखकर शाम को चंद्र उदय के समय चंद्र को अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करती है। इस दिन महिलाएं मिट्टी की दो छोटी-छोटी तलैया बनती है। जिसमें दूध और पानी डालकर नीम वृक्ष की डाली लगाकर पूजा करती है।

# आरपीएफ ने चोरी के सामान के साथ 11 लोगों को भी पकड़ा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूसी रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 29 से 31 अगस्त के बीच अपने जोन के अधीन नियमित तलाशी और अभियान चलाते हुए यात्रियों के सामान चोरी में शामिल 11 व्यक्तियों को पकड़ा। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया है कि विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में इस जांच के दौरान, उन्होंने कटिहार, लमडिंग, न्यू हाफलांग और गुवाहाटी रेलवे स्टेशनों से लगभग 1,74,600 रुपए कीमत का सामान सफलतापूर्वक बरामद किया। 29 अगस्त को एक घटना में कटिहार की रेलवे सुरक्षा बल सीपीडीएस (अपराध रोकथाम और जांच दस्ता) टीम ने जीआरपी/कटिहार के साथ कटिहार रेलवे स्टेशन पर एक नियमित तलाशी के दौरान 03 व्यक्तियों को पकड़ा और यात्रियों से चुराए गए लगभग 32000 रुपए के 03 मोबाइल फोन बरामद किए। बाद में, बरामद मोबाइल फोन और पकड़े गए व्यक्तियों को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए जीआरपी/कटिहार के प्रभारी को सौंप दिया गया। 31 अगस्त को एक अन्य घटना में गुवाहाटी की रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर एक जांच अभियान चलाया और 01 व्यक्ति को एक बैग के साथ पकड़ा, जिसमें लगभग 60,600 रुपए कीमत की सोने की एक चेन, सोने की एक अंगूठी और एक मोबाइल फोन और अन्य मूल्यवान सामान थे। ट्रेन संख्या 13175




(सियालदह - सिलचर) कंचनजंघा एक्सप्रेस के एक यात्री से उक्त सामान चोरी हो गया था। बाद में बरामद सामान और पकड़े गए व्यक्ति को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए जीआरपी/गुवाहाटी के प्रभारी को सौंप दिया गया। पूसी रेलवे का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हमेशा रेल उपयोगकर्ताओं को पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान करना, किशोर लड़कों और लड़कियों को बरामद करना, दलालों की गिरफ्तारी, नशीले पदार्थों या छूट गए और चोरी हुए सामानों को बरामद करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने कार्य के अलावा रेल उपयोगकर्ताओं को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए सराहनीय सेवाएं देते हैं। रेल यात्रा के दौरान किसी भी तरह की समस्या आने पर रेल यात्री 139 (टोल फ्री) डायल कर सकते हैं।

# पुलिस अधिकारी को लग्जरी गाड़ी गिफ्ट देनेवाला गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सुपारी सिंडिकेट मामले में एक और व्यक्ति को आज गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के लिंकमैन और सुपारी कारोबारी किशोर बरुवा को रविवार को बजाली की तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सोनोवाल को उसके पति के साथ गिरफ्तार करने के बाद गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल इस घटना में शामिल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर कुल सात हो गई है। उल्लेखनीय है कि सीआईडी ने किशोर बरुवा को भवानीपुर से गिरफ्तार किया। किशोर बरुवा एक बिचौलिया था। किशोर कथित तौर पर गायत्री सोनोवाल के करीबी संपर्क में था। पता चला है कि गिरफ्तार किशोर ने गायत्री सोनोवाल को एक लक्जरी फॉर्च्यूनर गाड़ी उपहार में दिया था। उधर, किशोर बरुवा ने गायत्री सोनोवाल की ओर से दलाली की। इस बीच एक और विस्फोटक तथ्य सामने आया है। यानी पैसों का लेन-देन गायत्री सोनोवाल के ड्राइवर नबीर अहमद के अकाउंट के जरिए हुआ।

# रंगिया : विशेष सक्षम लोगों की मदद में पत्रकार बिपुल कलिता ने हाथ बंटाया



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के निकटवर्ती उदियाना गांव के भगततोला सुबुरी के स्व. हरेन कलिता और लावण्या कलिता के पुत्र तथा पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता बिपुल कलिता लंबे समय से क्षेत्र के गरीब और विशेष रूप से सक्षम लोगों की भलाई के लिए कार्य करते आ रहे है। इसी कड़ी में अपनी महानुभावता का परिचय देते हुए श्री कलिता ने शनिवार को रंगिया महकमे के बहुत से दिव्यांजनों के लिए सहायता का हाथ बढ़ाया। उन्होंने पिछले काफी समय से अपना यूडीआईडी कार्ड बनाने से बंचित दिव्यांजनों के लिए उनका कार्ड बनाने में मदद करते हुए शनिवार को रंगिया थाना प्रभारी तथा सुदक्ष पुलिस अधिकारी भास्कर मल्ल पटवारी की उपस्थिति में रंगिया महकमे के विभिन्न क्षेत्रों के दिव्यांजनों को प्रपत्र और यूडीआईडी कार्ड का वितरण किया। रंगिया थाना प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक पंकज पल्लव शर्मा, संवाददाता इनामुल हक, दिनेश अग्रवाल, खाईरुल हुसैन मौजूद रहे। लंबे समय से प्रपत्र बनाने में सफल न होने वाले दिव्यांजनों के अभिभावकों ने बिना किसी दिक्कत के प्रपत्र मिलने पर अपनी खुसी जाहिर की और इस मौके पर पत्रकार बिपुल कलिता की काफी प्रशंसा की।

# मेघालय में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शिलांग ( हिंस )।** मेघालय में डब्ल्यूजीएच पुलिस द्वारा आज तड़के चलाए गए सफल अभियान के बाद रिभोई पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ एक और अभियान चलाया। जिसमें 29 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस दौरान एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मेघालय के पुलिस महानिदेशक डॉ. एलआर बिश्नोई ने आज ट्वीट कर इस आशय की जानकारी दी।

# मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार जब्त



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम राइफल्स, भारतीय सेना, आईटीबीपी और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में कुल 23 हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की। इस आशय की जानकारी असम राइफल्स द्वारा आज दी गई। बरामद किए गए हथियारों में 20 स्थानीय रूप से निर्मित मोर्टार, दो सिंगल बैरल राइफल, एक डबल बैरल राइफल, गन पाउडर 1/2 शामिल थे।

# आरएसएस के संघचालक नीतीश चंद्र शर्मा की स्मृति व्याख्यानमाला आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कामरूप जिले के पितामह स्वरूप तथा संघचालक स्व. नीतीश चंद्र शर्मा की पुण्य तिथि के मौके पर तथा उनकी स्मृति को लोगों के बीच संरक्षित रखने के प्रयास से आगामी 10 सितंबर 2023 (रविवार) को रंगिया के बीचों बीच स्थित ऐतिहासिक हरदत्त-बीरदत्त भवन प्रांगण में एक स्मारक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संध्या 4 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में *स्वतंत्रता आंदोलन में किसान विद्रोह की भूमिका* विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा।



इस मौके पर महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय के शंकरदेव अध्ययन विभाग के मुख्य अध्यापक तथा असम लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. निरंजन कलिता को इस विषय पर आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा संघचालक स्व. नीतीश शर्मा के सभी अनुरागियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने की कामना की गई है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए डॉ. बिचित्र कलिता-अध्यक्ष, डॉ. खनिन्द्र कलिता और दिलीप कुमार लहकर- उपाध्यक्ष, योगाचार्य ज्योतिष कलिता-सचिव, ध्रुव ज्योति सालोई और गौरव कृष्णनन डेका-सह सचिव के रूप मेंलेकर एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा विभिन्न विभागों का कार्यभार सौंपते हुए कई उप- समितियां भी गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि स्व. नितीश चन्द्र शर्मा कामरूप के एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे उनका 80 वर्ष का जीवन लोगों की सेवा में समर्पित रहा। स्व. शर्मा अपने हाईस्कूल जीवन में ही राष्ट्रीय सेवा के लिए समर्पित रहे और अपने आदर्शों पर चलते हुए सभी को प्रेरित किया।

# नगरबेड़ा मार्केट बिजनेस एसोसिएशन की नई समिति का गठन



**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के बोको विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रेटर नगरबेड़ा मार्केट बिजनेस एसोसिएशन की नई कमेटी बनाने के लिए आज दोपहर नगरबेड़ा तरुण संघ परिसर में व्यापारियों की एक आम बैठक आयोजित की गई। पता चला है कि प्रख्यात व्यवसायी जनार्दन कलिता की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रख्यात व्यवसायी महमूदुर रहमान ने बैठक का उद्देश्य बताया। आम सभा की बैठक में व्यापारियों की कमी की विभिन्न शिकायतों पर विस्तृत चर्चा में बाजार के व्यापारियों की नई कमेटी बनाने की वकालत की गई। बैठक में नगरबेड़ा बाजार व्यापार संघ की पूर्ण नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें कुल दस कार्यकारिणी सदस्यों ने जनार्दन कलिता को अध्यक्ष, आमजाद हुसैन को उपाध्यक्ष, मेहमूदुर रहमान को सचिव, दीपांकर दास और अनूप मेधी को सहायक सचिव चुना। बैठक में प्रमुख व्यवसायी सत्य नारायण साहा, कालीचरण पाल, दीपेन मेधी, मिर्जा मन्नाफ, दिलबर हुसैन, अब्दुल मन्नान, महादेव साहा, तपन साहा, इमाम हुसैन, जियादुर रहमान प्रमुख कारोबारी देबजीत दास सहित बाजार के करीब 200 व्यापारियों ने आज की बैठक में हिस्सा लिया। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में नगरबेड़ा बाजार व्यापारी संघ की नई समिति बाजार के साथ-साथ व्यापारियों की विभिन्न कमी की शिकायतों और विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को दूर करने का प्रयास करेगी।

# ड्रग्स देने आया मेघालय का युवक मानकाचार में गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा ( हिंस )।** मानकाचार के कुसनीमारा में पुलिस ने ड्रग्स तस्करों पर कार्रवाई करते हुए नशीली गोलियों सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम अजीज मियां और नियार मराक है। नियार मराक पड़ोसी राज्य मेघालय का रहने वाला है। मराक कुशनीमारा में मादक पदार्थ तस्करों को नशीली गोलियां सप्लाई करने आया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नियार मराक और अजीज मियां को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से सैम्पेक्स नामक 1296 नशीली गोलियां जब्त की गई हैं। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# छत्रीबाड़ी बिलपार में मेयर ने पानी के बोरिंग की स्थापना की

**गुवाहाटी ( विभास )।** गुवाहाटी नगर निगम के तत्वधान में 15 वें वित्तीय आयोग 2021-22 की पूंजी से छत्रीबाड़ी बिलपार स्थित बायो मैथानेशन गैस प्लांट के पास 18 नंबर वार्ड में गहरी नद प्रकल्प की आधारशिला स्थापित की गई। इसके अंतर्गत पानी की बोरिंग का शिलान्यास भी हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर मृगेन शरणिया ने आधारशिला स्थापित करते हुए कहा कि गुवाहाटी नगर निगम प्रत्येक वार्ड में पीने के पानी की समस्या का समाधान निकालने हेतु प्रत्येक वार्ड में पानी की बोरिंग की व्यवस्था कर रही है। इसी के अंतर्गत आज 18 नंबर वार्ड में भी



बोरिंग की आधारशिला स्थापित की गई है। इस कार्यक्रम में नगर निगम की उपमेयर स्मिता रॉय, 18 नंबर वार्ड के पार्षद शंकर चक्रवर्ती, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रणव दत्त गोस्वामी के अलावा नगर निगम के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रंगिया शिक्षक दिवस के मौके पर 14 शिक्षकों को सम्मान किया जाएगा

**रंगिया ( विभास )।** देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ कामरूप जिले में भी आगामी 5 सितंबर को बड़े उत्साह के साथ शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया है। रंगिया के हरदत्त-बिरदत्त भवन प्रांगण में जिला प्रशासन के सौजन्य से केंद्रीय रूप से आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में असम साहित्य सभा के पूर्व अध्यक्ष तथा अवसर प्राप्त मुख्य पुलिस अधिकारी कुलधर सैकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में जिला के विभिन्न क्षेत्रों के 14 समर्पित शिक्षकों को मेघा शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके भीतर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा ने बताया है कि कार्यक्रम के संयोजन में जिला अधिविद्या परिषद द्वारा प्रकाशित *कामरूप के विद्यालयों की कथा* शीर्षक एक ग्रंथ और *कामरूपिका* शीर्षक एवं स्मृति ग्रंथ का विमोचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला आयुक्त कीर्ति जल्ली के भी शामिल होने की उम्मीद है। जिला विद्यालयों के निरीक्षक अपूर्व ठाकुरिया ने इस आयोजन में सभी की उपस्थिति एवं सहयोगिता की कामना की है। जिला स्तर कृति शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक है-माध्यमिक स्तर - गणेश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष (पुथिमारी हायर सेकेंडरी स्कूल), अजीत कुमार महंत शिक्षक, दहाली करका उच्च माध्यमिक विद्यालय, अबू सालेह मोहम्मद सालेहुद्दीन अध्यक्ष बोरोम्बोई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंजीता पटवारी अध्यक्ष बृंदावन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजेश महंत प्रधान शिक्षक, बोको उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डॉ. दुर्गेश्वर कलिता संस्कृत शिक्षक, रंगिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक स्तर - प्रदीप कुमार दास, प्रधान शिक्षक माटाईखार मध्य विद्यालय, अजीत कुमार शर्मा, प्रधान शिक्षक त्रिवेणी मध्य अंग्रेजी विद्यालय, बलेन चंद्र दास, शिक्षक बोको मध्य विद्यालय, तपन डेका, प्रधान शिक्षक रायपाट प्राथमिक विद्यालय, मामोनी कलिता, शिक्षक बेरीगांव प्राथमिक विद्यालय, रेकीबर रहमान, प्रधान शिक्षक शिमलुआ न्यू प्राथमिक विद्यालय सहित संभावनामयी शिक्षक सम्मान जुतिका कंदली, विषय अध्यापिका ददरा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, सील ना जे सांगमा, शिक्षक गोहालकोना उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय।

# महेश्वरी व दायमा समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया सातुड़ी तीज का त्योहार

**होजाई ( निसं )।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होजाई में कजली तीज का त्यौहार दायमा व महेश्वरी समाज ने हर्षोल्लास के साथ शनिवार सांय को मनाया। भादो महीने में मनाए जाने वाले इस त्यौहार को सातुड़ी तीज के नाम से जाना जाता है। सदियों से चले आ रहे इस त्यौहार की विशेषता धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी हुई है। इसमें परिवार के सभी सदस्यों के सुख, समृद्धि के साथ-साथ गांव देश में खुशहाली हेतु पूजा की जाती है। त्यौहार में नीम के वृक्ष का सबसे बड़ा महत्व है। पर्यावरण के लिए वृक्षों की अपनी भूमिका रहती है। इसीलिए नीम का वृक्ष को इसमें महत्व दिया गया है। पूजन हेतु चना, चावल, गेहूं अच्छी तरह से सिकाई कर उसका आटा बनाया जाता है एवं शुद्ध घी, चीनी मिलाकर लड्डू बनाए जाते हैं। इसमें स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जाता है। इस त्यौहार के दिन महिलाएं पूरे दिन निराहार रहती हैं। संध्या काल में कई घरों की महिलाएं एकत्रित होकर नीम वृक्ष की डाली



को मिट्टी की तलाई बनाकर उसे रोप कर पूजा करती हैं। महिलाएं लाल पीली साड़ी पहने हाथों में मेहंदी लगाए अपने-अपने घरों से पूजन सामग्री के अलावा फल जिसमें आम, अनारस, नींबू, अमरुद, नाशपति आदि लेकर पूजा स्थान पर पहुंची। तत्पश्चात महिलाओं ने पूजन प्रारंभ किया इसमें दूध का विशेष महत्व है। नीम की डाली लगी तलाई को पानी व दूध से भर दिया जाता है। इसके बाद फलों को उसमें दिखाकर नीम को स्पर्श कराया गया। रोली,मोली का टीका लगाया गया। इस दौरान महिलाएं त्योहार से जुड़े गीत गा रही थी। जिसमें राजस्थान की संस्कृति की याद ताजा हो गई। पूजन समाप्ति के पश्चात बुजुर्ग महिलाओं ने त्यौहार से जुड़ी कहानी कहकर त्यौहार का महत्व बताया। पूजन समाप्ति के पश्चात उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। वही बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। साथी अपने-अपने घरों में आकर चंद्र उदय का इंतजार करने लगी जो हुआ उसके पश्चात व्रतधारी महिलाओं ने बड़ों से आशीर्वाद लिया। इसके बाद परिवार के सदस्य इकट्ठे होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। महिलाओं को प्रसाद के समय में आंकड़े के पत्ते का विशेष महत्व दिया जाता है। उल्लेखयोग्य है यह तीज पर्व मौसम परिवर्तन से जुड़ा है।

# 'आईएनडीआईए' कर रहा सनातन धर्म का अपमान, ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे : अमित शाह



**डूंगरपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर रविवार को विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए दो दिन से सनातन धर्म का अपमान कर रहा है। आईएनडीआई के दो घटक दल डीएमके और कांग्रेस के बड़े नेता कह रहे हैं कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। इन लोगों ने वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हमारी संस्कृति का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे। गृहमंत्री शाह रविवार को राजस्थान के बेणेश्वर धाम में भाजपा की दूसरी परिवर्तन यात्रा से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। राहुल गांधी हिंदू संगठन की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से कर रहे हैं तो वहीं यूपीए सरकार के तत्कालीन गृहमंत्री कहते थे हिंदू टेरर चल रहा है। शाह ने कहा कि आप जितना बोलोगे, उतना कम होते जाओगे। सनातन धर्म के खिलाफ बोलोगे तो 2024 में दूरबीन से भी देखने पर नहीं दिखोगे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह कहते थे कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। हम कहते हैं कि बजट पर पहला अधिकार गरीबों का है। अल्पसंख्यकों के नाम पर तुष्टीकरण करते हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार पर 12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप है। साथ में मन में अहंकार है, घमंड है कि देश में राज सिर्फ गांधी परिवार कर सकता है। और मोदी तो गरीब मां और चाय बेचने वाले का गरीब बेटा है। ये लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल तक यूपीए सरकार ने राजस्थान की जनता को क्या दिया? दस साल की सरकार में सिर्फ राजस्थान को 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी सरकार ने 9 साल में 8 लाख 71 हजार करोड़ रुपये राजस्थान को दिए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है, महिला सुरक्षा में विफल सरकार है। राजस्थान में महिलाओं के साथ बदसलूकी के हर रोज करीब 19 मामले आ रहे हैं। एक महिला का चीरहरण हुआ लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। गहलोत जादूगर हैं। उन्होंने जादू से राजस्थान से बिजली गायब कर दी। महिलाओं की सुरक्षा गायब कर दी। उन्होंने कहा कि आज बेणेश्वर धाम की इस पावन धरा पर भाजपा की 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' की शुरूआत होने जा रही है। डूंगरपुर की धरती हमेशा वीरों की धरती रही है। यहीं राजस्थान और गुजरात के आदिवासी भाइयों ने महाराणा प्रताप के साथ रहकर वर्षों तक युद्ध करके मुगलों की सेना के दांत खट्टे किए थे। भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' 19 दिन में 2,500 किमी घूमेगी और 52 विधानसभाओं से संपर्क करेगी। 156 जगह छोटी सभाएं, 52 जगह पर सभाएं और 56 जगह पर बड़ी सभाएं कर पूरे राजस्थान में परिवर्तन का संकल्प लेगी। सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

# पुणे में नकली आर्मी ऑफिसर गिरफ्तार, 15 अगस्त को लाल किले में भी हुआ था दाखिल



**मुंबई, (हि.स.)।** पुणे की रेलवे पुलिस टीम ने नकली आर्मी ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। वह इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले में भी दाखिल हुआ था। पकड़ा गया फर्जी अधिकारी नीरज विक्रम विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का मूल निवासी है। पुणे रेलवे पुलिस के अनुसार नीरज विश्वकर्मा पुणे रेलवे परिसर में आर्मी आफिसर की वर्दी में टहल रहा था। रेलवे पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो पहले उसने गोलमोल जवाब दिये। इसके बाद उससे परिचय पत्र मांगा, लेकिन उसके पास परिचय पत्र नहीं था। नीरज की वर्दी पर नेमप्लेट, पैरा बैच, लेफ्टिनेंट का बैच लगा हुआ था। जीआरपी ने सैन्य खुफिया अधिकारियों को बुलाकर जब नीरज के बारे में छानबीन की, तो वह फर्जी साबित हो गया।

इसके बाद रेलवे पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि नीरज विश्वकर्मा एक सैन्य अधिकारी की वर्दी पहनकर दिल्ली छावनी क्षेत्र में भी घूमता था। इसके अलावा वह 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर पर झंडा फहराने के दौरान भी नीरज सैन्य वर्दी पहनकर बिना पास के दाखिल हुआ था। इतना ही नहीं नीरज ने वहां सैन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की थी और उनके साथ फोटो खिंचवाई थी। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

# दिल्ली मेट्रो के टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की बिक्री आज होगी शुरू

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली दर्शन के इच्छुक जी-20 प्रतिनिधियों और विदेशी पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली मेट्रो अपने चुनिंदा मेट्रो स्टेशनों के विशेष काउंटरों से सोमवार (4 सितंबर) से अगले दस दिनों के लिए टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की बिक्री शुरू करेगी। अनगिनत फेरों के लिए मान्य ये टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड विभिन्न स्टेशनों पर बने विशेष काउंटरों से खरीदे जा सकते हैं। ये दो प्रकार के होंगे- पहला, एक दिन के लिए मान्य और दूसरा, तीन दिन के लिए मान्य। एक दिन की मान्यता वाला टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड 200 रुपये का होगा जबकि तीन दिन की मान्यता वाला कार्ड 500 रुपये का होगा। इसमें लौटायी जा सकने योग्य 50 रुपये की सुरक्षा जमा राशि भी शामिल है। अनगिनत फेरों के अलावा ये कार्ड पर्यटकों के लिए बहुत फायदेमंद हैं जिससे वे समूचे नेटवर्क पर उस दिन की पहली ट्रेन से लेकर आखिरी ट्रेन तक में बिना किसी रुकावट के यात्रा कर सकते हैं। किसी भी स्टेशन पर प्रवेश/निकास, सिस्टम में ज्यादा देर तक ठहरने, अधिक दूरी तक यात्रा करने आदि के लिए टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड पर कोई जुमार्ना या अतिरिक्त चार्ज नहीं लगाया जाएगा। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है जो दिल्ली महानगर के लगभग सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों से जुड़ा है। इनमें लाल किला, जामा मस्जिद, अक्षरधाम मंदिर, कालकाजी मंदिर आदि कुछ उल्लेखनीय स्थल हैं। पर्यटक इन कार्डों के उपयोग से दिल्ली मेट्रो के विभिन्न कॉरिडोरों पर यात्रा करके निर्बाध रूप से इन पर्यटन स्थलों तक पहुंच सकते हैं। नेटवर्क के बारे में अधिक जानकारी हासिल करने तथा अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए पर्यटक गूगल प्ले स्टोर से दिल्ली मेट्रो रेल ऐप को भी डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप के होम पेज पर ही (टूर गाइड) नाम का एक खास सेक्शन भी है जहां से वे आस-पास के सभी स्टेशनों और पर्यटन स्थलों की सूची प्राप्त कर सकते हैं। टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड दिल्ली मेट्रो के समूचे नेटवर्क पर सभी मेट्रो स्टेशनों (एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के अलावा) पर उपलब्ध हैं। दिल्ली दर्शन का इच्छुक कोई भी व्यक्ति दिन में किसी भी समय, किसी भी स्टेशन से इन कार्डों को खरीद सकता है।

**यह हैं विशेष काउंटर स्टेशन -** कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, चावड़ी बाजार, नई दिल्ली, राजीव चौक, पटेल चौक, केन्द्रीय सचिवालय, उद्योग भवन, लोक कल्याण मार्ग, जोर बाग, दिल्ली हाट-आईएनए, लाल किला, जामा मस्जिद, दिल्ली गेट, आईटीओ, मंडी हाउस, जनपथ, खान मार्केट, जेएलएन स्टेडियम, जंगपुरा, लाजपत नगर, बाराखंभा रोड, आरके आश्रम, झंडेवालान, सुप्रीम कोर्ट, इन्द्रप्रस्थ, साउथ एक्सटेंशन, सरोजिनी नगर, छतरपुर, कुतुब मीनार, हौज खास, नेहरू प्लेस, कालकाजी मंदिर, अक्षरधाम, टर्मिनल-1 आईजीआई व कारोल बाग शामिल हैं।

# इस समय भाजपा कर्नाटक के कांग्रेस विधायकों पर नजर बनाए हुए है : केएस ईश्वरप्पा

**- ईश्वरप्पा ने कहा, कांग्रेस विधायकों को आप पर भरोसा नहीं, कांग्रेस का देश में कोई भविष्य नहीं**



**शिवमोग्गा (ईएमएस)।** कुछ दिनों पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष ने दावा किया था कि कांग्रेस के 40-45 विधायक उनके संपर्क में हैं। इसके बाद कर्नाटक में सियासत गर्मा गई। हाल ही में ऑपरेशन लोटस को लेकर भाजपा केएस ईश्वरप्पा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वेट एंड वाच यानी इस समय भाजपा कर्नाटक के कांग्रेस विधायकों पर नजर बनाई हुई है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस विधायकों को आप पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस का देश में कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेस राज्य में इस बात का प्रचार कर रही है कि भाजपा के आधे विधायक कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे, लेकिन बीजेपी के एक भी विधायक अभी तक कांग्रेस में शामिल नहीं हुए।

केएस ईश्वरप्पा ने ये भी दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कांग्रेस की सरकार नहीं रहेगी। बता दें कि राज्य में ऑपरेशन लोटस के मुद्दे पर कांग्रेस के नेताओं ने भी टिप्पणी की है। कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे बीएल संतोष के दावे को सदी का मजाक करार दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा है कि आपके विधायक ही कह रहे हैं कि लिंगायत समुदाय के नेताओं के टिकट नहीं दिया गया। साथ ही वह यह भी दावा कर रहे हैं कि भाजपा की प्रदेश इकाई में बीएल संतोष के गुट के लिए लिंगायतों को दरकिनार किया गया।

# सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को रविवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हलके बुखार के बाद भर्ती कराया गया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हाल ही में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई गई थीं। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में सोनिया गांधी डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी हालात सामान्य है।

# प्रधानमंत्री ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी-5एस एशिया कप जीतने पर दी बधाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी-5एस एशिया कप जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्विटर के जरिए कहा, "हॉकी-5एस एशिया कप में चैंपियन! भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जीत के लिए बधाई। यह हमारे खिलाड़ियों के अटूट समर्पण का प्रमाण है और इस जीत के साथ, हमने अगले साल ओमान में हॉकी-5 विश्व कप में अपना स्थान भी सुरक्षित कर लिया है। हमारे खिलाड़ियों का धैर्य और दृढ़ संकल्प हमारे देशवासियों को प्रेरणा देता है।" उल्लेखनीय है भारत ने फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को हराकर ओमान के सलालाह में पुरुष हॉकी-5एस एशिया कप 2023 जीत लिया है। मध्यांतर तक पाकिस्तान 3-2 से आगे था, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी बजने से पहले खेल 4-4 से बराबर कर दिया।

# लाठीचार्ज मामले में गृहविभाग ने जालना के पुलिस अधीक्षक को जबरन छुट्टी पर भेजा

**- कई जिलों में लाठी चार्ज के विरोध में मराठा समाज का आंदोलन जारी**



**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के गृह विभाग ने जालना जिले में हुए लाठीचार्ज मामले में कार्रवाई की शुरूआत कर दी है। गृह विभाग ने रविवार को जालना जिले के पुलिस अधीक्षक तुषार दोशी को जबरन छुट्टी पर भेजने का आदेश जारी कर दिया है। उधर, लाठी चार्ज के विरोध में मराठा समाज ने रविवार को सुबह से मुंबई सहित कई जिलों में सरकार के विरोध में आंदोलन जारी रखा है। मराठा समाज की मुख्य मांग गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस का इस्तीफा और जालना पुलिस अधीक्षक का निलंबन है। मराठा क्रांति मोर्चा ने सोमवार को भी आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है। राज्यसभा सदस्य छत्रपति उदयन राजे भोसले ने आज मंत्री शंभूराजे देसाई से मुलाकात की और इसके बाद गृहमंत्रालय ने जालना जिले के जिला पुलिस अधीक्षक तुषार दोशी को जबरन छुट्टी पर भेजने का आदेश जारी किया है, जबकि मराठा क्रांति मोर्चा ने तुषार दोशी को तत्काल निलंबित करने की मांग की थी। इसी तरह मराठा क्रांति मोर्चा के संयोजक मनोज जारंगे पाटिल ने इस मामले में गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे की भी मांग की है। मराठा समाज इन्हीं मांगों को लेकर मुंबई, ठाणे, पुणे, लातुर, परभणि, जालना, बीड़ नासिक, धुले, सोलापुर आदि जिलों में आज सुबह से ही आंदोलन कर रहा है। मराठा क्रांति मोर्चा की ओर से आज कई हाईवे जाम कर दिए गए और हाईवे पर वाहनों को जला दिया गया। जालना में शुक्रवार को लाठीचार्ज की घटना के बाद से अब तक तकरीबन 13 एसटी बसें मराठा समाज के गुस्से का शिकार हो चुकी हैं। इसी वजह से आज एसटी महामंडल ने बहुत कम एसटी बसों को रास्ते पर उतारा है। जालना जिले में शुक्रवार शाम को मराठा समाज पर पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया था। मराठा क्रांति मोर्चा के संयोजक मनोज जारंगे पाटिल ने बताया कि उनकी पुलिस अधिकारियों से बातचीत हो रही थी, उसी समय पुलिस को फोन आया और पुलिस ने लाठीचार्ज करना शुरू कर दिया। मनोज जारंगे पाटिल ने कहा कि जब तक गृहमंत्री इस्तीफा नहीं दे देते और जालना पुलिस अधीक्षक को निलंबित नहीं किया जाता , तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# एक दिसंबर को जी-20 की अगले साल के लिए कमान ब्राजील को सौंपेगा भारत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जी-20 की इस साल मेजबानी करने के बाद भारत अगले साल के लिए शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील को सौंपेगा। एक दिसंबर को होने वाले इस कार्यक्रम के साथ ही 'जी-20 थिंक' की श्रृंखला का समापन होगा। यह जी-20 का नेतृत्व करने के लिहाज से भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी, जिसने वैश्विक स्तर पर कई अनूठी उपलब्धियां देखी हैं। जी-20 थिंक के अंतरराष्ट्रीय दौर में दुनियाभर से युवा और प्रतिभाशाली दिमागों का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए भारतीय नौसेना ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिताओं को राष्ट्रीय स्तर की स्कूल क्विज प्रतियोगिता 'द इंडियन नेवी क्विज' (थिंक) में बदल दिया था। इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत के लिए यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम बन गया, इसलिए इसका नाम बदलकर 'जी-20 थिंक' कर दिया गया। जी-20 सचिवालय के तत्वावधान में नौसेना कल्याण और कल्याण संघ (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) के साथ साझेदारी में नौसेना ने यह प्रतियोगिता आयोजित की। बाद में इसके दो स्तर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कर दिए गए। जी-20 थिंक के लिए www.theIndiannavyquiz.in वेबसाइट स्थापित की गई, जिसके माध्यम से जी-20 थिंक के राष्ट्रीय दौर में नौवीं से बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले 11,700 से अधिक स्कूलों ने पंजीकरण कराया। इसके बाद दो ऑनलाइन एलिमिनेशन राउंड 12 सितंबर और 3 अक्टूबर को होंगे। इसके बाद 10 अक्टूबर को ऑनलाइन क्वार्टर फाइनल होगा, जहां प्रत्येक जोन से चार स्कूल यानी 16 टीमें सेमीफाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। राष्ट्रीय स्तर का सेमीफाइनल 17 नवंबर को मुंबई के एनसीपीए ऑडिटोरियम में होगा। इससे निकलीं शीर्ष 8 टीमें 18 नवंबर को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर राष्ट्रीय फाइनल राउंड में प्रतिस्पर्धा करेंगी। राष्ट्रीय राउंड के पूरा होने पर सभी फाइनलिस्टों में से दो सर्वश्रेष्ठ क्विजर्स को अंतरराष्ट्रीय दौर में 'टीम इंडिया' का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा। जी-20 थिंक के अंतरराष्ट्रीय दौर में दुनियाभर से युवा और प्रतिभाशाली दिमागों का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। इस दौर में जी-20 देशों की टीमें और 9 अन्य देशों के विशेष आमंत्रित सदस्य भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में दो छात्र शामिल होंगे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को इस दौरान भारत की विविध विरासत और संस्कृति का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। इन सभी को देश के विभिन्न लोकप्रिय पर्यटक स्थलों और प्रतिष्ठित स्थलों पर ले जाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर का फाइनल 22 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद एक दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाले एक कार्यक्रम के साथ ही 'जी-20 थिंक' की श्रृंखला का समापन होगा। इसी दिन भारत अगले जी-20 शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील को सौंपेगा। दरअसल, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के युवाओं को एक साथ लाकर उन्हें 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना में स्थायी मित्रता बनाने में सक्षम बनाने के लिए क्विज जी-20 थिंक की अवधारणा रखी गई थी।

# राजौरी से एक आईईडी बरामद, सुरक्षाबलों ने समय रहते की नष्ट



**राजौरी, (हि.स.)।** राजौरी जिले के संगपुर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) जैसी वस्तु बरामद हुई। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इससे नष्ट कर दिया। करीब ढाई घंटे बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार नियमित गश्त के दौरान सुरक्षाबलों के जवानों को नारियन और चिंगस के बीच संगपुर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक संदिग्ध सामग्री पड़ी हुई मिली। यह संदिग्ध सामग्री एक टिफिन में थी, जिसके बाद राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने सेना और पुलिस कर्मियों की सहायता से इस सामग्री की जांच की। जांच में पता चला कि टिफिन में आईईडी है। बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इससे नष्ट कर दिया। इसके बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई।

# पलवल से दिल्ली आ रही लोकल ट्रेन प्रगति मैदान के पास ट्रैक से उतरी

**अजय कुमार**



**दिल्ली।** पलवल से नई दिल्ली आ रही ईएमयू रविवार सुबह दिल्ली के प्रगति मैदान के पास ट्रैक से नीचे उतर गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन ट्रेन की बोगी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। ट्रेनों को दूसरे रूट से गंतव्य तक भेजा गया, जिससे ट्रेनें लेट भी हो गईं। पुलिस के मुताबिक, पलवल नई दिल्ली इएमयू (04921) रोजाना की तरह रविवार सुबह 7:55 बजे पलवल से नई दिल्ली के लिए चली। यह ट्रेन बल्लभगढ़, फरीदाबाद, तुगलकाबाद, ओखला, हजरत निजामुद्दीन, तिलक ब्रिज, शिवाजी ब्रिज होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। सुबह करीब 9:47 बजे ट्रेन प्रगति मैदान के पास पटरी से नीचे उतर गई।

छुट्टी का दिन होने के कारण ट्रेन में कम भीड़ थी। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन ट्रेन में सवार यात्री काफी डर गए। ट्रेन का दिव्यांग कोच बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। ट्रेन को रूट से हटाकर ट्रैक को ठीक करने का काम किया जाएगा। वहीं ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद हजरत निजामुद्दीन की ओर से नई दिल्ली को आने वाली अन्य ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है।

# भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के लिए तीन दिन दिल्ली में मंथन करेंगे कमांडर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से भारतीय नौसेना के कमांडर 04 से 06 सितंबर तक दिल्ली में विचार मंथन करेंगे। नौसेना कमांडर हथियारों और सेंसर के प्रदर्शन तथा भारतीय नौसेना के प्लेटफार्मों की तैयारी की समीक्षा भी करेंगे। 2023 में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की तलाश करेगा। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट भी नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 2023 के नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 04 से 06 सितंबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह सम्मेलन शीर्ष स्तर का द्विवार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें नौसेना कमांडर महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर विचार-विमर्श करेंगे। 'हाइब्रिड' प्रारूप में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की अध्यक्षता में भारतीय नौसेना का वरिष्ठ नेतृत्व प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करेगा। पिछले छह महीनों के दौरान की गई गतिविधियों के साथ सम्मेलन में आगामी महीनों में अपनाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे।




चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन देश के समग्र आर्थिक विकास के लिए आवश्यक सुरक्षित समुद्री वातावरण के विकास की दिशा में कई अंतर-मंत्रालयी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ नौसेना कमांडरों की संस्थागत बातचीत का अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन में एनएसए, भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना के प्रमुखों के साथ त्रि-सेवा तालमेल के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के साथ ही समुद्री बलों की तैयारी का आकलन किया जाएगा। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि पिछले छह महीनों के दौरान तीव्र परिचालन गति देखी गई है, क्योंकि भारतीय नौसेना का अभियान अटलांटिक से प्रशांत महासागर तक फैला हुआ है। भारतीय नौसेना के जहाजों ने 'ऑपरेशन कावेरी' के हिस्से के रूप में सूडान से भारतीय नागरिकों की निकासी की थी और 'ऑपरेशन करुणा' के दौरान चक्रवात मोचा के बाद म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्य चलाया था। यह फोरम नौसेना की परिचालन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करेगा, जिसमें नौसेना के हथियारों, सेंसर के प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कमांडर 2047 तक पूर्ण 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने की दृष्टि के अनुरूप 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ाने पर नौसेना परियोजनाओं की भी समीक्षा करेंगे। सम्मेलन के मौके पर नौसेना के स्वदेशीकरण, नवाचार और तकनीकी पहल का प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई गई है। साथ ही भारतीय नौसेना में पुरानी प्रथाओं की पहचान करने और उन्हें हटाने की दिशा में हुई प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना हिन्द महासागर और उसके बाहर अनिश्चित भू-रणनीतिक स्थितियों के कारण उभरने वाली सभी समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

# जी-20 सम्मेलन के कारण मुरादाबाद मंडल में संचालित होने वाली 15 ट्रेनें होंगी प्रभावित

**-4 रेल गाड़ियां निरस्त रहेंगी, 6 रेल गाड़ियों के टर्मिनल स्टेशनों में अस्थाई परिवर्तन और 5 ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा**
**-दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 सम्मेलन के चलते लिया गया निर्णय**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 सम्मेलन के कारण मुरादाबाद रेल मंडल में संचालित होने वाली 15 रेल गाड़ियां प्रभावित होंगी। जिसमें 4 रेल गाड़ियां निरस्त रहेंगी, 6 रेल गाड़ियों के टर्मिनल स्टेशनों में अस्थाई परिवर्तन रहेगा, 5 रेलगाड़ियों को अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि दिल्ली में जी-20 सम्मेलन के चलते ट्रेन संख्या 14315 इंटरसिटी एक्सप्रेस 8, 9 और 10 सितंबर को निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 14316... 09, 10 और 11 सितंबर को, ट्रेन संख्या 14305 व ट्रेन संख्या 14304... 09 और 10 सितंबर को निरस्त रहेगी।

वहीं ट्रेन संख्या 14003... 09 सितंबर को, ट्रेन संख्या 14004... 10 सितंबर को, ट्रेन संख्या 19565... 08 सितंबर को, ट्रेन संख्या 12204... 09 और 10 सितंबर को, ट्रेन संख्या 14303... 09 और 10 सितंबर को, ट्रेन संख्या 19566... 10 सितंबर को नए टर्मिनल स्टेशन व परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि ट्रेन संख्या 12204 को 9 सितंबर व 10 सितंबर को बादली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। ट्रेन संख्या 19408 को 10 सितंबर को दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर, ट्रेन संख्या 15715 को 9 सितंबर को दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर, ट्रेन संख्या 20503 को 9 सितंबर को गाजियाबाद स्टेशन पर और ट्रेन संख्या 20505 को 9 सितंबर को गाजियाबाद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा।

# चौकी इंचार्ज को धमका रहे प्रत्याशी पुत्र, निर्वाचन आयोग से करेंगे शिकायत : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को लखनऊ में पत्रकार वार्ता में कहा कि घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सिंह खुलेआम कुरथी जाफरपुर पुलिस चौकी के आरक्षी को फोन कर चौकी इंचार्ज को धमका रहे हैं। जिसका ऑडियो उनके पास आया। इस मामले में सम्बंधित थाना में प्रत्याशी पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। भाजपा संगठन के कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग से भी इसकी शिकायत करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने धमकी भरे ऑडियो के बारे में कहा कि सुधाकर सिंह जो घोसी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हैं, उनके पुत्र ने एक आरक्षी को फोन कर कहा कि आप यादव समाज के हो फिर भी हमारी पार्टी के पक्ष में काम नहीं कर रहे हो। आपके जो चौकी इंचार्ज है, वो दलित हैं उन्हें हम आकर जूते से पीटेंगे। प्रत्याशी पुत्र के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज है। इसमें तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। ब्रजेश पाठक ने घोसी उपचुनाव से मिली जानकारी के बारे में कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग गाड़ियों में रुपये भरकर घूम रहे हैं। उपचुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। इसकी



शिकायत निर्वाचन अधिकारी से करेंगे। गुंडे, माफियाओं को चुनाव से दूर रखा जाये। इनके डीएनए में गुंडई है, ऐसे माफियाओं को घोसी उपचुनाव क्षेत्र से बाहर कराया जाये। उन्होंने कहा कि घोसी में कुछ समय पहले दो दलित परिवार में हत्या और एक ब्राह्मण परिवार में हत्या के मामले में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के परिवार पर आरोप लगा था। समाजवादी पार्टी में रहने के लिए बड़ा माफिया होना जरुरी है। जनता जानती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण योजना ने भरोसा जीता है। सरकार गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा अपने जनता के लिए किये गये कार्यों को लेकर चुनाव मैदान में है, जबकि समाजवादी पार्टी गुंडों को लेकर है।

# अटल आवासीय विद्यालय में नि:शुल्क पढ़ेंगे श्रमिकों के बच्चे

**अयोध्या, (हि.स.)।** अब श्रमिकों के बच्चे भी बोर्डिंग स्कूल में पढ़ेंगे। इनका खर्चा योगी सरकार उठाएगी। बच्चों के पढ़ने, रहने-खाने की सभी व्यवस्था नि:शुल्क होगी। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले श्रमिकों के बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार अटल आवासीय विद्यालयों में ऐसे बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रही है। अयोध्या जिले में श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों व अनाथ बच्चों के लिए रुदौली तहसील की अमराई गांव में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय में 11 सितंबर से शिक्षण सत्र प्रारंभ हो रहा है।



**63 करोड़ की लागत से बना विद्यालय** - उप श्रमायुक्त प्रतिभा तिवारी ने बताया कि यह विद्यालय मंडलीय अनुश्रवण समिति के पर्यवेक्षण मे संचालित होगा। साढ़े 13 एकड़ में 63 करोड़ रुपये से बनने वाला विद्यालय खेलकूद के मैदान, पढ़ाई, कम्प्यूटर विज्ञान की प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, लड़के व लड़कियों के लिए अलग छात्रावास, खाने के लिए मेस जैसी सुविधाओं से युक्त श्रमिकों व अनाथ बच्चों के लिए बनाया गया है।

यह विद्यालय अपने आप में अनूठा व श्रमिकों के बच्चों के शिक्षण की दिशा मे मील का पत्थर साबित होगा। इसकी पढ़ाई सीबीएससी बोर्ड माध्यम से होगी, जिससे भविष्य में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के 1000 बच्चे एक साथ लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहले साल कक्षा 6 के 40 छात्रों और 40 छात्राओं का प्रवेश हो चुका है। इनको पढ़ाने के लिए प्राचार्य सहित 8 योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही ऑफिशियल स्टॉफ की भी नियुक्ति हो चुकी है। इसके अलावा बच्चों के रहने-खाने व उनके दैनिक जीवन में उपयोग करने वाली वस्तुओं को भी योगी सरकार ही उपलब्ध कराएगी।

# पार्षद पति कांग्रेसी नेता की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**-आरोपित कांग्रेस नेता वीडियो में एक युवक का गिरेबां पकड़ कर अपने घर खींचकर ले गया और परिजनों के पैर पकड़वाकर माफी**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** मुरादाबाद के कांग्रेसी नेता और पार्षद पति की दबंगई का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में आरोपित कांग्रेस नेता एक युवक का गिरेबां पकड़ कर खींचते हुए उसे अपने घर ले जाते दिख रहे हैं। वहां उन्होंने उस युवक से अपने परिवार वालों के पैर पकड़वाकर मांफी मंगवाई। मामले में पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत दो लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। थाना कटघर क्षेत्र के रहमतनगर निवासी असफर अली कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हैं और उनकी पत्नी शाहीन मुरादाबाद नगर निगम के वार्ड 52 से पार्षद हैं। बताया गया कि करीब आठ दिन पूर्व कांग्रेस नेता का पड़ोस में ही रहने वाले रिश्तेदारी के युवक से विवाद हो गया था। उस समय युवक उनके चंगुल से छूट कर भाग गया था। इसके बाद दो दिन पूर्व कांग्रेस नेता और उसके साथी इमरान ने युवक को मोहल्ले में ही एक मेडिकल स्टोर पर पकड़ लिया। वहां से युवक का गिरेबान पकड़ कर खींचते हुए घर तक ले गए थे। घर पर आरोपित कांग्रेस नेता ने युवक से अपने परिवार के सभी सदस्यों के पैर पकड़वाकर मांफी मंगवाई। पूरे प्रकरण की वीडियो शनिवार को तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# कांग्रेस ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं. कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई

**वाराणसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं.कमलापति त्रिपाठी की जयंती पर रविवार को कांग्रेस ने उन्हें याद किया। जिला एवं महानगर के कार्यकताओं ने मैदागिन स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के अगुवाई में पंडितजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पं. कमलापति त्रिपाठी प्रत्येक दिन प्रातः दुर्गा सप्तशती का पाठ करके ही अपनी दिनचर्या आरंभ करते थे। ऐसे में कांग्रेस जनों ने उनके जयंती पर दुर्गा सप्तशती पाठ कर अपनी



श्रद्धांजलि अर्पित की। अजय राय ने कहा कि ऋषितुल्य राजनेता और हिन्दी पत्रकारिता के अपने युग के स्तम्भ और सम्पादक रहे पंडित जी के व्यक्तित्व की प्रेरक स्मृतियों एवं महनीय कृतित्व के यश को किसी गठरी में समेटा नहीं जा सकता। पं.कमलापति त्रिपाठी राष्ट्रीय क्षितिज पर काशी की संस्कृति के समूचे उत्तमांश के ब्रांड एम्बेसडर थे। सो लोग उन्हें 'काशी का गौरव' कहते थे। उनका प्रेरणादायी व्यक्तित्व परम्परा और आधुनिकता के मजबूत पुल जैसा था। अपनी परम्पराओं की प्रतिबद्धता के साथ युग संदर्भ से जुड़ कर चलने की एक विलक्षण समन्वयी गतिशीलता उनका वैशिष्ट्य थी। जयंती कार्यक्रम में जिला/महानगर अध्यक्ष राजेश्वर पटेल, राघवेन्द्र चौबे, पार्षद दल के नेता गुलशन अली, दुर्गाप्रसाद गुप्ता, अशोक सिंह, विजय शंकर मेहता, विजय शंकर पाण्डेय, फसाहत हुसैन बाबू, डॉ राजेश गुप्ता, दिलीप चौबे, विनोद सिंह कल्लू, पंकज चौबे आदि भी शामिल रहे।

# बाबूलाल मरांडी ने झामुमो नेताओं पर लगाया गुंडागर्दी का आरोप

रांची, 3 सितंबर (हि.स.)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि डुमरी उप चुनाव में जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। ऐसे में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में लोग हेमंत सोरेन सरकार में कानून व्यवस्था के बद से बदतर होते हालात और करप्शन से त्रस्त हैं। डुमरी की जनता भी इसे महसूस कर चुकी है। बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में चिंता जाहिर करते कहा कि डुमरी सहित अन्य जगहों पर पुलिस टूल्स के तौर पर काम कर रही है। वह पार्टी विशेष के एजेंट के तौर पर काम ना करे। सत्ता पक्ष के दलों में हार की आशंका है। यही वजह है कि झामुमो के दलाल, गुंडे हताशा में अवैध कार्यों को करने में लगे हैं। इसमें पुलिस भी उनके साथ दिख रही। जरीडीह थाना (गिरिडीह) में रहने वाले मथुरा महतो और जेपी मंडल को झामुमो के भोला और तपेश्वर




सिंह ने दो सितम्बर को किडनैप कर लिया है। संभवतः दोनों को अबतक नहीं छोड़ा गया है। मरांडी ने कहा कि नावाडीह में ही भाजपा के एक वर्कर निर्मल महतो का एक स्कूल है। डुमरी उप चुनाव के लिए भाजपा के कुछ वर्कर इसमें ठहरे थे।

पुलिस कई बार रात में झामुमो के गुंडों के साथ आकर जांच के नाम पर तंग करती रही। यह हेमंत सरकार की हताशा को दिखाता है। बाबूलाल ने एक अन्य उदाहरण देते कहा कि एक गांव के संथाली टोला में जब वे गये तो संथाली भाषा में स्थानीय लोगों ने बताया कि झामुमो के लोगों ने उन्हें धमकी दी है कि यदि एनडीए प्रत्याशी को वोट दिया तो उनको राशन देना बंद कर दिया जाएगा। लोकतंत्र में यह धमकी ठीक नहीं। बाबूलाल ने कहा कि उन्होंने इन मामलों पर डीजी से बात की है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह डुमरी में भयमुक्त और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा और मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

# झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को दिया जायेगा कैश अवार्ड

## पांच सितम्बर तक करना होगा आवेदन

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड का लाभ दिया जाना है। इसके लिए खेल निदेशालय, झारखंड के निर्देश के बाद सभी जिलों में इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से पांच सितम्बर तक आवेदन मंगाए जा रहे हैं। रांची सहित दूसरे जिलों में भी इस संबंध में सूचना जारी की गयी है रांची डीएसओ के स्तर से जारी सूचना के आधार पर कहा गया है कि जिले के वैसे प्रशिक्षक, जिन्होंने मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों या टीम को उपलब्धि दिलाई हो और अबतक अवॉर्ड के लिए आवेदन नहीं दिया हो, वे पांच सितम्बर को दोपहर दो बजे तक डीएसओ कार्यालय में आवेदन दें। आवेदन का फॉर्मेट खेल निदेशालय की वेबसाइट से लिया जा सकता है। खेल निदेशालय की ओर




से भी खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड के लिए पांच सितम्बर तक आवेदन करने को कहा गया है। इसके अनुसार झारखंड के वैसे खेल प्रशिक्षक जिन्होंने 10 जून 2022 के बाद भारतीय ओलंपिक संघ से या अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों, टीम को उपलब्धि दिलाई हो, वे कैश अवॉर्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अपने आवेदन संबंधित जिले में डीएसओ कार्यालय से संपर्क करना होगा।

# सहायता, आत्मीयता व संवेदना की त्रिवेणी में भावुक हुई अनुपमा

**गोरखपुर, (हि.स.)।** संकट की हर परिस्थिति में पीड़ित के साथ आत्मीय संवेदना, उसकी भरपूर सहायता और उसके साथ सरकार के होने का एहसास। इन्हें संयोजित करने पर अनायास ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर सामने उभर आती है। पीड़ित के साथ खड़े होने की उनकी प्रतिबद्धता का दृश्य रविवार को गोरखनाथ मंदिर में एक बार फिर देखने को मिला। आग लगने की घटना में नुकसान उठाने वाली महिला कपड़ा व्यवसायी अनुपमा गुप्ता को मुख्यमंत्री ने सहायता राशि सौंपी। अपनेपन के भाव से उनकी अन्य परेशानियों को भी दूर करने का आश्वासन दिया। सहायता, आत्मीयता व संवेदना की मुख्यमंत्री द्वारा बहाई गई त्रिवेणी में महिला व्यवसायी अनुपमा भावुक हो गईं। महानगर के रायगंज दक्षिणी (पाण्डेयहाता) में बीते 29 अगस्त को दोपहर बाद करीब 02 बजे विद्युत शार्ट सर्किट से वैष्णवी साड़ी सेंटर नामक प्रतिष्ठान में आग लग गई थी। इससे दुकान में रखे सामान जल जाने से प्रतिष्ठान स्वामी को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा था। इस दुकान की प्रोपेराईटर अनुपमा गुप्ता पत्नी अरविन्द गुप्ता निवासी रायगंज दक्षिणी (पाण्डेयहाता) हैं। संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री के आदेश से इस संबंध में पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित महिला व्यवसायी अनुपमा गुप्ता को दुख की घड़ी में सम्बल देते हुए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक मदद के रूप में पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती एक चुनावी स्टंट : राजेश ठाकुर

**रांची, (हि. स.)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती एक चुनावी स्टंट है। उन्होंने कहा कि लूट एनडीए के डीएनए में मौजूद है। केंद्र सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि वर्षों तक प्रधानमंत्री ने कभी भी आमजनों की पीड़ा की परवाह नहीं की और अब चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता के दर्द का अहसास हुआ। वे रविवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है, जो पिछले 09 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37



करोड़ लोगों को लूटा है। जनता की जेब से 8,33,640.76 (आठ लाख तैंतीस हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ उज्जवला में ही 2017 से अब तक केंद्र सरकार ने 68,702.76 (अड़सठ हजार सात सौ दो करोड़ रुपये ) से अधिक की लूट किए। संवाददाता सम्मेलन के बाद कांग्रेस भवन, रांची में मारवाड़ी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम ने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, महासचिव शिव कुमार भगत एवं रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।

# भारत की अस्मिता और हिंदू धर्म को खत्म करना है 'इंडिया' का एजेंडा : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के पुत्र उदय निधि स्टालिन द्वारा हिंदू धर्म को डेंगू मलेरिया की तरह खत्म करने की बात पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला किया है। अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के प्रवास पर आए गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा है कि लालू यादव और नीतीश कुमार ने बिहार में हिंदुओं की छुट्टी रद्द करने के बाद मुंबई में हिंदू सनातन समाप्त करने का एजेंडा बना लिया है। स्टालिन के पुत्र उदय निधि ने हिंदू धर्म को डेंगू और मलेरिया की तरह समाप्त करने की बात कही है, क्या अब इंडिया का यही एजेंडा है। लालू और नीतीश जबाब दें कि मुंबई में इंडिया गठबंधन का जो मीटिंग किया है, क्या उसका स्पोक पर्सन स्टालिन के बेटे को बनाया है कि सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए। लगता है इसी योजना के तहत बिहार में भी हिंदू की धार्मिक छुट्टियों को कम किया गया है। वह बिहार की जनता और देश की जनता को बताएं कि क्या हिंदू धर्म को खत्म कर देना ही इंडिया गठबंधन



का एजेंडा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह लोग कभी स्टालिन के मुंह से बुलवाएं, बिहार में छुट्टियां बंद करें, यह साजिश हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लालू यादव की नौटंकी नहीं चलेगी, यह लोग हिंदुओं को जात में बांटकर अपनी राजनीति करना चाहते हैं। उन्होंने राजस्थान के सीकर में बागेश्वर धाम के संत धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान की भी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री देश में पहले संत हैं जो खुलकर सनातन धर्म को बचाने के लिए अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। भारत की संस्कृति तभी तक बची हुई है, भारत की अस्मिता बची हुई है, जब तक सनातन बची रहेगी। कोई मुझे बताए कि 75 साल पहले पाकिस्तान बंटा, आज वहां हिंदू नहीं के बराबर हैं। वहां बेटियां उठा ली गई, लुट गई, मंदिरों को तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग हिंदुओं को जाति-जाति में तोड़ कर राजनीतिक दृष्टि से देखते हैं। बागेश्वर बाबा कह रहे हैं कि सभी लोग एक होकर सनातन को जगाएं। हिंदुओं को जागना होगा, हिंदू अगर नहीं जागा तो हिंदू के संस्कार और संस्कृति को नष्ट कर देने की साजिश हो रही है। हम इसका प्रतिकार करेंगे, हम शरीर में दम रहने तक विरोध करेंगे।

# जिस देश के लोग सोते रहेंगे और आपस में लड़ेंगे, उस देश की सीमा छोटी होती जायेगी : सीमा जागरण मंच

## -सीमा सुरक्षा एवं विकास पर परिचर्चा आयोजित



**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** सीमा जागरण मंच बिहार के तत्वाधान में पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के सयुक्त संवाद कार्यक्रम व सीमा सुरक्षा एवं विकास विषय पर परिचर्चा का आयोजन रक्सौल में किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में सीमा जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री मुरलीधर मौजूद थे। जिन्होने कार्यकताओं को व्यक्तिगत, सामाजिक, सांगठनिक और राष्ट्रहित में चेतना प्रेरित करने पर संवाद करते हुए सीमा सुरक्षा से जुड़ी मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया। उन्होने राष्ट्रहित में हो रहे गलत गतिविधियों जैसे मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी व आतंकी गतिविधियो पर रोक लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जिस देश के लोग सोते रहेंगे और थट बातों के लिए आपस में लड़ेंगे, उस देश की सीमा छोटी होती जायेगी और जिस देश के लोग जागते रहेंगे और आपसी भाईचारा बनाकर रखेंगे वह देश सतत विकसित और समृद्ध होगा।

उन्होने सीमा क्षेत्र के नागरिको को सजग रहने का आह्वान करते कहा कि नेपाल के रास्ते भारत विरोधी तत्व क्रियाशील है। ऐसे में सजगता और चौकसी जरूरी है। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक प्रो.राजकिशोर सिंह, सीमा जागरण मंच बिहार के संगठन मंत्री अरविंद दादा, उत्तर बिहार प्रांत सम्पर्क प्रमुख महेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज, प्रदेश कोषाध्यक्ष बिगन जी, सुरेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष दिग्विजय पार्थ, पटना महानगर अध्यक्ष मनीष राज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मोतिहारी नगर निगम के पार्षद मदन मोहन सिंह का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** मोतिहारी नगर निगम वार्ड- 36 के पार्षद मदन मोहन सिंह का निधन शनिवार को पटना में इलाज के दौरान हो गया। वह आईजीआईएमएस में इलाजरत थे। 65 वर्षीय वार्ड पार्षद पिछले चार-पांच दिन से बीमार थे। मोतिहारी में इलाज के बाद चिकित्सक ने उन्हें पटना भेज दिया था। शुक्रवार से अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटा शंकरानंद कश्यप, शिवानंद कश्यप व बेटी आकृति कश्यप सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को लालबेगिया घाट पर होगा। वह छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े थे और एलएनडी कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे। उसके बाद भाजपा में जिला उपाध्यक्ष भी रहे। वह लगातार दूसरी बार वार्ड पार्षद बने थे। उनकी पहचान बेबाक और जिंदादिल जनप्रतिनिधि के रूप



में थी। उन्होने अपने कार्यकाल में कई उल्लेखनीय कार्य किये। जिस कारण जनता ने उन्हे दुसरी बार नगर निगम में प्रतिनिधि बनाकर भेजा था। उनके निधन पर जिले भर में शोक संवेदनाओ का दौर जारी है। पूर्व विधायक अवनीश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, शिक्षाविद आलोक शर्मा, चिकित्सक राकेश कुमार, पत्रकार विनोद सिंह, सदिष्ट ठाकर, आनंद प्रकाश सच्चिदा सत्यार्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता पप्पू दूबे, नीरज शर्मा, भाजपा नेता मयंकेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया राकेश मिश्रा, राजेश सिंह, समाजसेवी अमित अनल, आराधना सम्राट संजय रमण नगर निगम के मेयर प्रीति कुमारी उप मेयर डा. लालबाबू प्रसाद नगर आयुक्त शंभू शरण सहित अनेक लोगो ने उनके निधन पर अपनी संवेदना प्रकट किया है।

## संपादकीय

# देशहित में एक साथ चुनाव

'एक देश–एक चुनाव' की चर्चा के साथ ही विपक्षी राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों की बेचैनी बढ़ गई है। कांग्रेस के नेतृत्व में आकर ले रहे विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की मुंबई बैठक से अधिक चर्चा 'एक देश–एक चुनाव' की हो रही है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के राजनेताओं की ओर से ही सबसे अधिक गैर–जरूरी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जबकि पूर्व में अनेक विपक्षी नेता 'एक देश–एक चुनाव' के विचार को आवश्यक बता चुके हैं। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी उनमें शामिल रही हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के प्रमुख कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव ने कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हैं। उन्होंने उन लोगों को भी आईना दिखाया है जो इसे नया प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। सिंहदेव ने कहा है कि यह कोई नया विचार नहीं है, यह एक पुराना विचार है। विपक्ष के एक–दो नेताओं को छोड़ दें तो अब लगभग सभी को इसमें दिक्कत दिखाई दे रही है। मुस्लिम राजनीति के चेहरे असदउद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत में 'एक देश–एक चुनाव' संभव नहीं है। वह इस विचार ही को असंवैधानिक बता रहे हैं। जबकि भारत में स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते रहे। स्वतंत्रता के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। इसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश–एक चुनाव की परंपरा टूट गई। आज संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देनेवाली कांग्रेस का सच भी इस परंपरा के टूटने के कारणों में छिपा है। कांग्रेस की केंद्र सरकारों ने जनता द्वारा निर्वाचित कई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया, जिसके कारण उनके निर्वाचन के समय में बदलाव आया था। इतिहास को भुलाने वाली कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी आज कह रहे हैं कि 'एक देश–एक चुनाव' पर केंद्र सरकार की नीयत साफ नहीं है। इसकी अभी कोई जरूरत नहीं थी। कांग्रेस के नेताओं का तो यहां तक कहना है कि भाजपा उनके गठबंधन से डर गई है और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए यह शिगूफा छोड़ा है। सच यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से इस विचार को देश के सामने रखते आ रहे हैं। नवंबर 2020 में 80वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा था कि– "एक देश–एक चुनाव सिर्फ चर्चा का विषय नहीं बल्कि भारत की आवश्यकता है। हर कुछ महीने में कहीं न कहीं चुनाव हो रहे होते हैं। इससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ता है"। इस बात की अनुभूति सभी करते हैं कि देश में एक नियमित अंतराल पर कहीं न कहीं चुनाव हो रहे होते हैं। ऐसे विकास कार्यों का प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। नेता भी चुनावी प्रबंधन में फंसे रहते हैं। दूसरी बात, ऐसे में कोई भी अच्छी बात या निर्णय हो तो उसे राजनीतिक चश्मे से देख/दिखा कर संकीर्ण रूप दे दिया जाता है। जनता के कल्याण के लिए खर्च होनेवाला धन निर्वाचन की प्रक्रिया में ही खत्म हो जाता है। मानव संसाधन का भी समुचित उपयोग नहीं हो पाता। इसलिए भी समय की आवश्यकता है कि भारत अब 'एक देश–एक चुनाव' की दिशा में आगे बढ़े। विपक्षी दलों को जो कहना हो करते रहें, सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए। 'एक देश–एक चुनाव' की चर्चा के साथ ही विपक्षी राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों की बेचैनी बढ़ गई है। कांग्रेस के नेतृत्व में आकर ले रहे विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की मुंबई बैठक से अधिक चर्चा 'एक देश–एक चुनाव' की हो रही है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के राजनेताओं की ओर से ही सबसे अधिक गैर–जरूरी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जबकि पूर्व में अनेक विपक्षी नेता 'एक देश–एक चुनाव' के विचार को आवश्यक बता चुके हैं। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी उनमें शामिल रही हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के प्रमुख कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव ने कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हैं। उन्होंने उन लोगों को भी आईना दिखाया है जो इसे नया प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। सिंहदेव ने कहा है कि यह कोई नया विचार नहीं है, यह एक पुराना विचार है। विपक्ष के एक–दो नेताओं को छोड़ दें तो अब लगभग सभी को इसमें दिक्कत दिखाई दे रही है। मुस्लिम राजनीति के चेहरे असदउद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत में 'एक देश–एक चुनाव' संभव नहीं है। वह इस विचार ही को असंवैधानिक बता रहे हैं।

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के राजनेताओं की ओर से ही सबसे अधिक गैर–जरूरी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जबकि पूर्व में अनेक विपक्षी नेता 'एक देश–एक चुनाव' के विचार को आवश्यक बता चुके हैं। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी उनमें शामिल रही हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के प्रमुख कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव ने कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हैं। उन्होंने उन लोगों को भी आईना दिखाया है जो इसे नया प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। सिंहदेव ने कहा है कि यह कोई नया विचार नहीं है, यह एक पुराना विचार है। विपक्ष के एक–दो नेताओं को छोड़ दें तो अब लगभग सभी को इसमें दिक्कत दिखाई दे रही है। मुस्लिम राजनीति के चेहरे असदउद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत में 'एक देश–एक चुनाव' संभव नहीं है। वह इस विचार ही को असंवैधानिक बता रहे हैं। जबकि भारत में स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते रहे। स्वतंत्रता के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं।

## कुछ अलग

# सीट बंटवारे का सवाल

विपक्षी दलों के I.N.D.I.A. गठबंधन के नेताओं की मुंबई में हुई दो दिवसीय बैठक से निकले नतीजों पर गौर करें तो साफ दिखता है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलों को गठबंधन नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। जो तीन प्रस्ताव इस बैठक में स्वीकार किए गए, उनमें भी इसकी छाप नजर आती है। पहले प्रस्ताव में ही यह साफ कर दिया गया है कि अगला लोकसभा चुनाव जहां तक संभव होगा, साथ लड़ेंगे। यह घोषणा एक तरह से इस आशंका या सवाल को समाप्त कर देती है कि पता नहीं ये दल एक साथ आ पाएंगे या नहीं। कहा जा सकता है कि वे साथ आ चुके हैं। हालांकि इन दलों के बीच हितों का जो सहज टकराव था, वह दूर नहीं हुआ है। इसीलिए सिर्फ लोकसभा चुनावों की बात की गई। इसमें विधानसभा चुनावों को शामिल नहीं किया गया है। यही नहीं, 'जहां तक संभव होगा' का प्रयोग बताता है कि सही अर्थों में सहमति बनाने के लिए अभी काफी मशक्कत करने की जरूरत पड़ेगी और ऐसी भी सीटें होंगी ही, जहां तमाम मशक्कतों के बावजूद सहमति नहीं बन पाएगी। ऐसे ही दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि I.N.D.I.A के सदस्य जल्द से जल्द सार्वजनिक रैली आयोजित करना शुरू कर देंगे। तीसरे प्रस्ताव में कम्युनिकेशन और मीडिया स्ट्रैटेजी का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' पर आधारित होगा। जाहिर है, ये तीनों प्रस्ताव जल्द से जल्द चुनाव प्रचार के मोड में आने का ही ऐलान हैं। 13 सदस्यों की जो को-ऑर्डिनेशन कमिटी घोषित की गई है, वह भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें सभी प्रमुख दलों को जगह दी गई है और यह इस गठबंधन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई के रूप में काम करेगी। इस घोषणा के जरिए यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो भी मुद्दे उठने वाले हैं वे उठें तो जरूर, लेकिन सार्वजनिक तौर पर अनिश्चितता या असमंजस का कारण न बनें। इसकी संभावना कम इसलिए हो गई है क्योंकि को-ऑर्डिनेशन कमिटी के रूप में इन मुद्दों को निपटाने का एक मैकेनिज्म अस्तित्व में ला दिया गया है। हालांकि अलग-अलग विचारधारा, नीति, अजेंडा और हितों वाले दलों का साथ चलना कितना मुश्किल है, यह इससे भी पता चलता है कि पहले से घोषणा हो जाने के बावजूद संगठन का लोगो जारी नहीं किया जा सका। संयोजक को लेकर भी किसी नाम की घोषणा नहीं हो सकी। वैसे मानकर चलना चाहिए कि आगे ऐसी और भी असहमतियां सामने आएंगी। हो सकता है मतभेद मनमुटाव का भी रूप लेते दिखें। लेकिन ये दल मुंबई में की गई घोषणाओं पर कायम रहें तो इतना जरूर है कि सत्तारूढ़ पक्ष के लिए साझा चुनौती ये बन चुके हैं। भारतीय लोकतंत्र के मौजूदा मोड़ पर विपक्ष के स्पेस की राजनीति के लिए यह छोटी बात नहीं।

### साल 2023 में 10 राज्यों की विधानसभा और 2024 में सात राज्यों की विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने हैं

# 'एक देश-एक चुनाव' आज की सबसे बड़ी जरूरत

**श्याम जाजू**

देश में चुनाव कई चरणों में होते हैं। यह प्रक्रिया कई माह चलती है। यह न केवल सरकार के सामान्य कामकाज को बाधित करता है बल्कि राजकोष पर भी बड़ा बोझ डालता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि प्रक्रिया की अवधि और समग्र लागत को कम करना। एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में एक और तर्क यह है कि इससे मजबूत और अधिक स्थिर शासन को बढ़ावा मिलेगा। लगातार होते चुनाव और सत्ता परिवर्तन से सरकारी नीतियां और कार्यक्रमों की निरंतरता बाधित होती है। साथ ही सरकार की जवाबदेही में भी कमी आ जाती है।

वर्तमान दो वर्ष देश के लिए चुनावी साल कहे जा सकते हैं। इस साल 2023 में 10 राज्यों की विधानसभा और 2024 में सात राज्यों की विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने हैं। अर्थात दो वर्ष में 18 चुनाव। इनके साथ ही कई विधानसभाओं और लोकसभा की कुछ खाली सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। मतलब यह की आने वाले दिनों में देश चुनाव में व्यस्त रहेगा। ऐसे समय में जब देश-दुनिया अनेक चुनौतियों से दो-चार हो रही है, पूरी मानवता कोविड और यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभाव से जूझ रही है और जिस समय भारत संघर्ष से लड़कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगा हो, क्या ये उचित लगता है कि सारा देश और प्रशासनिक तंत्र चुनाव व्यवस्था में ही लग जाए? क्या यह उचित नहीं होगा कि सारे चुनाव एक बार में, एक साथ कराए जाएं और बार-बार चुनाव पर होने वाले खर्च और व्यवधान से बचा जा सके? देश की चिंता करने वालों के मन में यह विचार बार-बार आता है। समय आ गया है कि हम सब इस पर गंभीरता से विचार करें। एक साथ चुनाव कराने का मुख्य तर्क यह है कि इससे काफी समय और संसाधनों की बचत होगी। वर्तमान में, देश में चुनाव कई चरणों में होते हैं। यह प्रक्रिया कई माह चलती है। यह न केवल सरकार के सामान्य कामकाज को बाधित करता है बल्कि राजकोष पर भी बड़ा बोझ डालता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि प्रक्रिया की अवधि और समग्र लागत को कम करना। एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में एक और तर्क यह है कि इससे मजबूत और अधिक स्थिर शासन को बढ़ावा मिलेगा। लगातार होते चुनाव और सत्ता परिवर्तन से सरकारी नीतियां और कार्यक्रमों की निरंतरता बाधित होती है। साथ ही सरकार की जवाबदेही में भी कमी आ जाती है। सरकार का ध्यान शासन से हटकर चुनाव प्रचार पर चला जाता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि सत्ता में रहने वाली सरकार पूरे कार्यकाल के लिए लोगों के प्रति जवाबदेह होगी। इससे अधिक बेहतर शासन की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है। जब चुनाव अलग-अलग समय पर और बार-बार होते हैं, तो मतदाताओं को अरुचि होने लगती है। इस वजह से मतदान प्रतिशत घट जाता है। एक ही समय में सभी चुनाव कराने से मतदाताओं के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अधिक संभावना होगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में समकालिक चुनाव के बड़े हिमायती हैं और अनेक बार देश में एक साथ चुनाव को लेकर सार्वजनिक मंचों पर अपनी राय जाहिर कर चुके हैं। 2014 के चुनाव से पहले इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के मैनिफेस्टो में भी शामिल किया गया था। उसी साल जून में एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने एक साथ चुनाव कराने को अत्यंत आवश्यक बताया था और चुनाव आयोग का आह्वान किया था की वह इस दिशा में काम करे। प्रधानमंत्री ने एक साथ चुनाव की वकालत करते हुए कहा था कि इस कदम से 'सार्वजानिक जीवन में पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी।' प्रधानमंत्री मोदी की पहल का समर्थन भारत का निर्वाचन आयोग भी कर चुका है पर वह इसके लिए सभी दलों की सहमति चाहता है। वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी भी 1995 और 2010 में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी लोकसभा और विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था, 'चुनाव सुधार पर सकारात्मक चर्चा का वक्त आ गया है। समय आ गया है कि हम पुराने समय में लौट जाएं, जब स्वतंत्रता के तुरंत बाद लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते थे।' समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कई मौकों पर एक ही समय पर चुनाव कराने के पक्ष में राय देते हुए मैने देखा है। कुछ वर्ष पूर्व लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अकसर चुनाव होते रहते हैं और इस पर बड़ी राशि खर्च होती है। बड़ी संख्या में शिक्षकों सहित एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हैं। यह सिलसिला जारी रहने पर शिक्षा के क्षेत्र को अधिकतम नुकसान होता है। इसके अलावा सुरक्षा बलों को भी चुनाव कार्य में लगाना पड़ता है। इससे देश की सुरक्षा कमजोर पड़ जाती है। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों का आह्वान करते हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि राजनीतिक दल इसे अन्य नजरिये से न देखें। यह काम एक पार्टी या सरकार नहीं कर सकती। हम सबको ही मिलकर एक रास्ता खोजना होगा। दरअसल, एक साथ चुनाव कराने की कवायद लंबे समय से चल रही है। दिसंबर, 2015 में संसद की एक स्टैंडिंग कमेटी ने देश में सभी विधानसभा चुनाव को दो चरणों में पूर्ण कराने की संस्तुति की थी। अप्रैल, 2018 में विधि आयोग ने समकालिक चुनाव पर तीन पृष्ठों का एक श्वेतपत्र जारी किया था। इस मसौदे में विधि आयोग ने तथ्यों के आधार पर समकालिक चुनाव की जरूरत पर बल देते हुए इससे जुड़ी व्यापक चर्चा का आह्वान भी किया था। आयोग के मसौदे में समकालिक चुनाव को लेकर पूर्व में उठी मांगों अथवा सिफारिशों का हवाला भी दिया गया था। इतिहास में जाकर पड़ताल करें तो समकालिक चुनाव का विचार सबसे पहले चुनाव आयोग की 1983 में जारी वार्षिक रिपोर्ट में आया था। इसके बाद 1999 में विधि आयोग की रिपोर्ट और वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में भी समकालिक चुनाव पर सकारात्मक चर्चा उभर कर आई थी। इस विषय पर 2017 में नीति आयोग ने भी एक विश्लेषण पत्र जारी करके समकालिक चुनाव की सिफारिश की थी। नीति आयोग ने तो 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ करने का सुझाव भी दिया था। नीति आयोग का मानना था कि लोकसभा और विधानसभा, दोनों चुनाव एक साथ कराना राष्ट्रहित में होगा। आयोग ने अपने वक्तव्य में कहा, 'हम 2024 में लोकसभा चुनाव से एक साथ दो चरणों में चुनाव कराने की ओर आगे बढ़ सकते हैं। इसमें अधिकतम एक बार कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करनी होगी या कुछ को कार्यकाल विस्तार देना होगा।' आयोग ने सुझाव दिया था कि राष्ट्रहित में इसे लागू करने के लिए संविधान और इस मामले पर विशेषज्ञों, थिंक टैंक, सरकारी अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित पक्षकारों का एक विशेष समूह गठित किया जाना चाहिए।

# खेती-किसानी पर भारी पड़ रहा है अलनीनो

भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के कुछ राज्यों को छोड़कर देश के अन्य भागों में वर्षा की भारी कमी देखी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अल नीनो के प्रभाव की वजह से पिछली एक सदी से ज्यादा अवधि में अगस्त का यह महीना देश में सबसे अधिक सूखा रहा। अगस्त के महीने में 1901 के बाद सबसे कम बारिश हुई है। देश में वर्षा के आंकड़े 1901 से ही रेफरेंस के तौर पर रखे जाते हैं। बारिश की ऐसी गतिविधि चावल से लेकर सोयाबीन तक, गर्मियों में बोई जाने वाली फसलों की पैदावार को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं। इससे देश में समग्र खाद्य महंगाई बढ़ सकती है, जो जनवरी 2020 के बाद से जुलाई में सबसे ज्यादा हो गई है। अलनीनो की वजह से देशभर में अगस्त के महीने में 34 प्रतिशत कम हुई बारिश हुई। अगस्त का महीना खेती–किसानी पर भारी पड़ा है।

देश के कई राज्यों में जहाँ ज्यादा बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात हैं वहीँ कई राज्य उम्मीद से काफी कम बारिश से सूखे की स्तिथि का सामना कर रहें हैं। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के कुछ राज्यों को छोड़कर देश के अन्य भागों में वर्षा की भारी कमी देखी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अल नीनो के प्रभाव की वजह से पिछली एक सदी से ज्यादा अवधि में अगस्त का यह महीना देश में सबसे अधिक सूखा रहा। अगस्त के महीने में 1901 के बाद सबसे कम बारिश हुई है। देश में वर्षा के आंकड़े 1901 से ही रेफरेंस के तौर पर रखे जाते हैं। बारिश की ऐसी गतिविधि चावल से लेकर सोयाबीन तक, गर्मियों में बोई जाने वाली फसलों की पैदावार को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं। इससे देश में समग्र खाद्य महंगाई बढ़ सकती है, जो जनवरी 2020 के बाद से जुलाई में सबसे ज्यादा हो गई है। अलनीनो की वजह से देशभर में अगस्त के महीने में 34 प्रतिशत कम हुई बारिश हुई। अगस्त का महीना खेती-किसानी पर भारी पड़ा है। वर्तमान मानसूनी मौसम में जुलाई तक के सात प्रतिशत अधिक वर्षा के ग्राफ को भी अलनीनो ने नीचे गिराते हुए 10 प्रतिशत कम कर दिया है।अलनीनो का असर आगे भी जारी रह सकता है जिसकी वजह से सितंबर में भी कम बारिश की संभावना है। इसका असर आगे खरीफ की फसलों पर



पड़ सकता है। अल-नीनो की वजह से ये अनुमान तो पहले से ही था कि, उत्तर भारत में मानसून कमजोर रहेगा। लेकिन पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से देश के कई हिस्सों में भारी बारिश भी देखी गई। जुलाई में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कई हिस्सों में रिकॉर्ड बारिश देखी गयी और दिल्ली में यमुना के उफनकर लाल किले तक पहुंचने का दुर्लभ नजारा देखने को मिला। भारी बारिश और भूस्खलन कि वजह से अकेले हिमाचल प्रदेश में कम से कम 150 लोग मारे गये और 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कई सारे भूस्खलनों में इमारतें चकनाचूर हो गयी हैं और राजमार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। इन भूस्खलनों की फौरी वजह इन राज्यों में हुई अप्रत्याशित रूप से भारी बारिश है और ये पश्चिमी विक्षोभ के अतिरेक के चलते हैं। पश्चिमी विक्षोभ उष्णकटिबंधीय तूफान होते हैं जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पैदा होते हैं और आम तौर पर उत्तर भारत में शीतकालीन वर्षा कराते हैं। हिमालय क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण और चार धाम सड़क परियोजना की वजह से पहाड़ों की स्थिति को बड़े पैमाने पर बदला गया है। उनके बड़े-बड़े टुकड़े काट कर अलग कर दिये जाने से वे बड़ी उथल-पुथल वाले खतरे की जद में आ गये हैं। अनियोजित निर्माण और भवन-निर्माण के बेतरतीब तौर-तरीकों ने इन क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा दिया है। राज्य सरकारें 'आपदा राहत' के लिए केंद्र से मुआवजा मांगने जैसे अल्पकालिक समाधान खोजती नजर आती हैं।लेकिन समय आ गया है कि, बुनियादी ढांचे के विकास की प्रकृति को लेकर ज्यादा गंभीर चिंतन किया जाए। भारत की कृषि अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक मॉनसून की गतिविधियों पर निर्भर करती है। भारत का 40% से ज्यादा बुआई क्षेत्र सिंचाई के लिए बारिश के पानी पर निर्भर है। इस साल भारत में मानसून की आमद समय से हुई लेकिन देश के अधिकांश हिस्सों में अनिश्चित मानसून पैटर्न की वजह की नुक्सान हो रहा है। रूस-युक्रेन युद्ध ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर नहीं कर सकते बल्कि उन्हें अपनी खाद्य आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनना ही पड़ेगा। मानसून के लिहाज से भारत के 75% जिले हॉटस्पॉट हैं और उनमें से 40% में मानसून का रुख बदलता रहता है, लिहाजा मानसून के ढर्रे में काफी अनिश्चितताए हैं।

सूखा पड़ने की घटनाओं में वृद्धि के संकेत

पिछले दिनों भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), गांधीनगर के अनुसंधानकर्ताओं के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में भारत में अचानक सूखा पड़ने की घटनाओं में वृद्धि होगी। इसका फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, सिंचाई की मांग बढ़ेगी और भूजल का दोहन बढ़ेगा। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, मिट्टी की नमी में तेजी से कमी आने के चलते अचानक सूखा पड़ने की घटनाएं बढ़ेंगी। यह अध्ययन एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमेस्फेरिक साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसमें ग्रीष्म मानसून के दौरान पड़ने वाले सूखे में मानव जनित जलवायु परिवर्तन की भूमिका की पड़ताल की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने देश में अब तक देखे गए और भविष्य के जलवायु परिदृश्यों के तहत अचानक सूखे की घटनाओं की पड़ताल के लिए मिट्टी में नमी की प्रक्रिया, भारतीय मौसम विभाग के अवलोकन और जलवायु अनुमानों का इस अध्ययन में उपयोग किया। पूरी दुनियाँ की जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है ,बेमौसम आंधी, तूफ़ान, सूखे और बरसात से हजारों लोगों की जान जा रही है साथ ही सभी ऋतु चक्रों में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। सच्चाई यह है कि पर्यावरण सीधे सीधे हमारे अस्तित्व से जुड़ा मसला है। दुनियाँभर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी बातें, सम्मेलन, सेमिनार आदि हो रही है परन्तु वास्तविक धरातल पर उसकी परिणिति होती दिखाई नहीं दे रही है। जिस तरह क्लामेट चेंज दुनियाँ में भोजन पैदावार और आर्थिक समृद्धि को प्रभावित कर रहा है, उससे आने वाले समय में जिंदा रहने के लिए जरूरी चीजें इतनी महंगी हो जाएगीं कि उससे देशों के बीच युद्ध जैसे हालात पैदा हो जाएंगे। यह खतरा उन देशों में ज्यादा होगा जहाँ कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। पर्यावरण का सवाल जब तक तापमान में बढोत्तरी से मानवता के भविष्य पर आने वाले खतरों तक सीमित रहा, तब तक विकासशील देशों का इसकी ओर उतना ध्यान नहीं गया।

## देश दुनीया से

# आवश्यक सुधार

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने संबंधी संभावनाओं को तलाशने के लिए सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इस समिति में अन्य सदस्यों का चयन अभी होना है, इसलिए एक बात तो स्पष्ट है कि पिछले दो दिनों से उड़ रही यह अफवाह कि सरकार लोकसभा चुनाव दिसंबर तक कराना चाहती है, पूरी तरह आधारहीन है। संसद का विशेष सत्र जो 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक के लिए बुलाया गया है उसमें 'एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी' विधेयक पेश होने की कोईं संभावना नहीं है। कारण है कि समिति की रिपोर्ट 6 महीने से पहले नहीं आनी है। बहरहाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार किसी सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को इतना महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया और उन्होंने सहर्ष स्वीकार भी कर लिया। लगता है कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वह किसी राजनीतिक पार्टी से संबद्ध नहीं हैं। साथ ही एक ऐसे समाज से हैं जिस समाज से संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर हैं। लोग यह आरोप भी नहीं लगा सवेंगे कि बाबा साहब के संविधान को भाजपा ने बदल दिया। सच तो यह है कि अभी तो संसद की एक समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग एवं विभिन्न हितधारकों से बात कर इस संदर्भ में सभी मुद्दों पर विचार करने की सलाह दी है। इस विषय पर प्रधानमंत्री ने 2018 में पहली बार राज्यसभा में उल्लेख किया था फिर उन्होंने लोकसभा में 2019 में बोला था। लाल किले की प्राचीर से भी वह इस बात का उल्लेख कर चुके हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों की राय इस विषय पर बंटी हुईं हैं। जहां कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना विचार स्पष्ट कर चुकी है कि वह एक राष्ट्र एक चुनाव का विरोध करती है, वहीं समाजवादी पार्टी इस व्यवस्था का समर्थन करती है। डीएमके विरोध करती है तो एआईंडीएमके समर्थन करती है। दूसरी तरफ भाजपा की समर्थक पार्टियां बीजू जनता दल, वाईंएसआर कांग्रेस और टीडीपी समर्थन में हैं तो भाजपा विरोधी केसीआर की बीआरएस भी एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में आ गईं है। मतलब यह कि इस मुद्दे पर चर्चा चरम पर है और कम से कम इतना तय है कि इस मुद्दे पर सरकार अब अंतिम पैसला लेने के लिए वृत संकल्प है। असल में एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कोष की भारी बचत हो सकेगी साथ ही कानून व्यवस्था संबंधी एजेंसी और सुरक्षाबलों की तैनाती भी बार-बार नहीं करनी होगी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बार-बार मतदाता सूची बनवानी पड़ती है और हर चुनाव में आचार संहिता लागू होने पर प्रशासनिक काम काज ठप पड़ जाता है। यह सच है कि एक राष्ट्र एक चुनाव की स्थिति आदर्श तो है किंतु इसके लिए संविधान में 5 संशोधन करने होंगे। इनमें संसद के दोनों सदनों से संबंधित अनुच्छेद 83, राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा भंग करने से संबंधित अनुच्छेद 85, राज्य के विधानसभाओं की अवधि संबंधी अनुच्छेद 172, राज्य विधानसभाओं के विघटन संबंधी अनुच्छेद 174 और राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने संबंधी अनुच्छेद 356 हैं। इन अनुच्छेदों के परिवर्तन में सरकार को मुश्किलें नहीं आएंगी। किंतु सभी राज्य सरकारों को सहमत करना मुश्किल कार्यं जरूर है। किंतु इतना जरूर है कि लोकसभा चुनाव के साथ वुछ राज्यों का चुनाव हो जाए और बाकी ढाईं साल के बाद हो जाए। इस तरह विधानसभा चुनाव दो बार हों।

संसद का विशेष सत्र जो 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक के लिए बुलाया गया है उसमें 'एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी' विधेयक पेश होने की कोईं संभावना नहीं है। कारण है कि समिति की रिपोर्ट 6 महीने से पहले नहीं आनी है। बहरहाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार किसी सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को इतना महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया और उन्होंने सहर्ष स्वीकार भी कर लिया। लगता है कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वह किसी राजनीतिक पार्टी से संबद्ध नहीं हैं। साथ ही एक ऐसे समाज से हैं जिस समाज से संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर हैं। लोग यह आरोप भी नहीं लगा सवेंगे कि बाबा साहब के संविधान को भाजपा ने बदल दिया। सच तो यह है कि अभी तो संसद की एक समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग एवं विभिन्न हितधारकों से बात कर इस संदर्भ में सभी मुद्दों पर विचार करने की सलाह दी है। इस विषय पर प्रधानमंत्री ने 2018 में पहली बार राज्यसभा में उल्लेख किया था फिर उन्होंने लोकसभा में 2019 में बोला था। लाल किले की प्राचीर से भी वह इस बात का उल्लेख कर चुके हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों की राय इस विषय पर बंटी हुईं हैं।

## दृष्टिकोण

# चीन का मैप हमला पड़ोसी देशों की ताकत को चुनौती

चीन की दोगलिनीति से दुनिया परिचित है ।विस्तारवादी चीन भारत के साथ कई वर्षों से सीमापार अड़चने खड़ी करने और भारत की चुपी को कमजोरी समझने लगा है ।लदाख में सैनिको के साथ अभद्रता करने वाले चीन सैनिको को भारतीय फौज ने ऐसा सबक सिखाया, उनको लदाख से पलायन ही करना पड़ा। अरुणाचल प्रदेश को चीन के मानचित्र में दर्शाने के बाद अब मलेशिया ,फिलीपींस और नेपाल को ड्रेगन ने नए नक्शे में बताए जाने का पड़ोसी देशों ने विरोध जताया है। नेपाल के लोगो ने चीनी दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया।

छात्रों ने तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने चेतावनी देते हुए नक्शा सही करने की मांग की है। ड्रेगन की रणनीति दोषपूर्ण है। पड़ोसी देशों की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मैप के जरिये पड़ोसी देशों को अल्टीमेटम दे रहा है। ताइवान पर अपना हक का दावा करने वाले चीन को अमेरिका का भय सत्ता रहा है। भले सैन्य ताकत चीन की ज्यादा हो सकती है ।उनके पास अधिक हथियार हो सकते है। परंतु अमेरिका का मुकाबला चीन के लिए चने चबाने जितना कठिन है। भारत शांति का पक्षधर है। चीन जानता है कि भारत जंग के मूड में नही है। लिहाजा, अंतरास्ट्रीय मंच से भी मोदी ने जंग नही लड़ने के लिए रूस के व्लादिमीर पुतिन को समझाइस दी है।

भारत की नीति दुनिया जानती है। इसका यह मतलब कदापि नही है कि कोई देश भारत को ललकारता है और भारत हाथ पर हाथ धर कर बैठ जाएगा। चीन को यह सब छोड़ देना चाहिए ।चीन की इस खराब रवैये से काठमांडू के मेयर ने चीन यात्रा निरस्त कर चीन का विरोध किया जा रहा है। चीन छुपारुस्तम है। फिलीपीन्स ने नए मानचित्र को अस्वीकार किया है। जिस तरह से चीन पड़ोसी देशों को ज़लील कर रहा है। क्या उससे वह बच जाएगा? ताइवान ने भी चीन को चुनौती दी थी कि अगर चीन हमला करता है तो हम हर हमले का मुकाबला करने के लिए तैयार है। हम चीन को जवाब देंगे।

आज सैन्य ताकत से जंग नही लड़ी जाती है। फौजी के मनोबल और जज्बात के साथ हौसले बुलंद होने चाहिए ।जब चीन ताइवान पर नजर गढ़ा ही दी है तो अमेरिका और ब्रिटेन ताइवान को स्वतंत्र देश बनाने के मूड में है। मलेशिया ने अंतराष्ट्रीय कानून के सम्मान की बात दोहराई है। लेकिन सभी देशों ने चीन की तानाशाही और मनमर्जी मैप में पड़ोसी देशों की जमीन को अपना वर्चस्व स्थापित करने की गलत लालची स्वभाव का विरोध किया है। चीन संभलकर चलता है तो ठीक है नही तो उसको बहुत पश्चाताप करना पड़ेगा। क्योकि एकता में बहुत बड़ी ताकत है।



# अमेरिका में 70 हजार लोग कीचड़ में फंसे : कल्चरल फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए थे; सरकार ने खाना-पानी बचाने को कहा

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका के नेवाडा राज्य में बर्निंग मैन फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए 70 हजार लोग कीचड़ में फंस गए हैं। एक की मौत हो चुकी है। सरकारी अधिकारियों ने उन्हें खाना और पानी बचाने को कहा है। दरअसल, अमेरिका के नेवाडा राज्य में हर साल हजारों लोग एक कल्चरल फेस्टिवल मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं। इस बार भी ऐसा हुआ। हालांकि, लगातार 24 घंटों तक बारिश की वजह से पूरा रेगिस्तानी इलाका कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे लोग चल भी नहीं पा रहे हैं। अमेरिका के लैंड मैनेजमेंट ब्यूरो ने कहा कि कीचड़ के बीच गाड़ी चलाना खतरे से खाली नहीं। आगे के कुछ दिनों में और भी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में लोगों के पास जरूरत का सारा सामान होना जरूरी है।

### कई दिनों तक फंसे रह सकते हैं लोग

बर्निंग मैन फेस्टिवल नेवाडा के ब्लैक रॉक सिटी में होता है। जो दुनिया के सबसे बेजान रेगिस्तानों में से एक है। यहां लोग कैंप लगाकर कई दिनों तक रहते हैं। अब इमरजेंसी सर्विसज के अलावा इस इलाके में सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस इवेंट के ऑर्गेनाइजर्स का कहना है कि लोग कई दिनों तक यहां फंसे रह सकते हैं।

### 1990 में हुई इस फेस्टिवल की शुरुआत

इस फेस्टिवल की शुरुआत 1990 में हुई थी। तब यहां सिर्फ 80 लोग जुटे थे। 1993 में पहली बार यहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या 1000 के आंकड़े तक पहुंची। इस बार यहां 70 हजार से ज्यादा लोग जुटे हैं। इस फेस्टिवल का आयोजन अमेरिका में छुट्टियों के दौरान मनाया जाता है।

यहां दुनियाभर से आए लोग सेलफोन, इंटरनेट जैसी अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से दूर रहकर पारंपरिक नाच-गाने और गीत संगीत के बीच एक सप्ताह गुजारते हैं। बर्निंग मैन नाम इसलिए पड़ा क्योंकि फेस्टिवल के आखिरी दिन यहां अपनी ही बनाई गई कलाकृतियों को जला दिया जाता है। इसके पीछे का विचार ये है कि अपनी बनाई चीज को जलाकर हम अपने अंदर के अंहकार को खत्म कर देते हैं।

फेस्टिवल में आने वाले लोगों को अपने तरीके से जीने की आजादी दी जाती है। उन पर किसी भी तरह की रोक नहीं लगाई जाती। ताकि, वो सही मायने में आजादी का मतलब समझ सकें। हालांकि, यहां पर ऐसी किसी भी चीज का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए। इसकी वजह से यहां पर प्लास्टिक के सामान से बैन हैं।आप यहां पर सिर्फ साइकिल या पैदल ही घूम सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मूल के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के भाई पर किया मानहानि का मुकदमा,



**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो मंत्रियों ने प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के छोटे भाई ली सीन यांग के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। बता दें कि यह मामला सरकारी बंगलों के किराए के विवाद से जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मामले की सुनवाई 5 सितंबर को सुबह 9 बजे होगी। बता दें कि दोनों मंत्रियों को जांच में क्लीन चिट मिल चुकी है।
सिंगापुर के कानून और गृह मामलों के मंत्री के शनमुगम और विदेश मामलों के मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने जुलाई में ली सीन यांग को अपने वकीलों के माध्यम से एक पत्र भेजा था। इस पत्र में मांग की गई थी कि अगर ली सीन यांग उनके द्वारा लगाए गए आरोपों पर माफी नहीं मांगते हैं तो वह दोनों उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर देंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में के शनमुगम ने बताया कि ली सीन यांग ने उन्हें और एक अन्य मंत्री बालाकृष्णन पर निजी फायदे के लिए सिंगापुर लैंड अथॉरिटी का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। आरोप था कि दोनों मंत्रियों के सरकारी बंगलों में बिना अनुमति के पेड़ काटे गए, साथ ही दोनों बंगलों के नवीकरण का भुगतान सिंगापुर लैंड अथॉरिटी द्वारा किया गया। जिन बंगलों को लेकर विवाद है वह ब्रिटिशकाल के रिडआउट रोड स्थित बंगला नंबर 26 और 31 हैं। ये बंगले 100 साल से भी पुराने हैं। ये सरकारी संपत्ति हैं। इन बंगलों का विवाद पहली बार इस साल मई में हुआ था, जब विपक्षी नेता और रिफॉर्म पार्टी के प्रमुख केनेथ जयरत्नम ने आरोप लगाया था कि मंत्रियों द्वारा सरकारी बंगलों का बाजार कीमत से कम किराए का भुगतान किया जा रहा है। इसके बाद सिंगापुर की भ्रष्टाचार निरोधी संस्था ने जांच की लेकिन जांच में मंत्रियों को क्लीन चिट मिल गई। संसद में भी यह मामला उठा। इसके बाद ली सीन यांग ने सोशल मीडिया पोस्ट कर दोनों मंत्रियों पर आरोप लगा दिए।

### नोबेल फाउंडेशन का यूटर्न, कड़े विरोध के बाद रूस-बेलारूस और ईरान से वापस लिया निमंत्रण

**स्टॉकहोम ।** नोबेल फाउंडेशन ने कड़े विरोध के बाद रूस, बेलारूस और ईरान को भेजा गया निमंत्रण



वापस ले लिया है। दरअसल, नोबेल फाउंडेशन ने अन्य देशों की तरह इन तीनों देशों को भी इस साल के नोबेल पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। फाउंडेशन ने कहा कि स्वीडन में हो रहे कड़े विरोध के कारण निमंत्रण को वापस लेने का फैसला किया गया है। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नोबेल फाउंडेशन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की। विज्ञप्ति में फाउंडेशन ने कहा कि रूस, बेलारूस और ईरान के राजदूतों को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। फाउंडेशन का कहना है कि जो देश नोबेल पुरस्कार के मूल्यों को साझा नहीं करते, हम उन्हें समारोह में शामिल नहीं कर सकते। सबसे पहले यूक्रेन ने तीनों देशों को आमंत्रित करने का विरोध किया था। वहीं, यूरोपीय संसद के एक स्वीडिश सदस्य ने भी इस फैसले का विरोध किया और इसे अनुचित बताया। नोबेल फाउंडेशन ने बयान में कहा कि यह निर्णय इस आधार पर लिया गया कि नोबेल पुरस्कार जिन मूल्यों और संदेशों को बढ़ावा देता है, उसे हासिल करना महत्वपूर्ण और जरूरी है। जैसा कि पिछले साल रूस और बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ यूक्रेन के लोगों को शांति पुरस्कार दिया गया, जो रूसी युद्ध अपराधों के खिलाफ काम करते हैं। स्वीडिश प्रधानमंत्री और यूक्रेन के अधिकारियों ने फाउंडेशन के इस कदम का स्वागत किया है।

### पाकिस्तान में हिंदू युवती से रेपः प्राइवेट अस्पताल में मुस्लिम डॉक्टरों ने दिया वारदात को अंजाम; किडनी के इलाज के लिए थी दाखिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते दिनों सिखों को मिली धमकियों के बाद अब हिंदू युवतियों के साथ हुई दो घटनाओं ने सभी को हिला कर रख दिया है। सिंध के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए आई युवती से मुस्लिम डॉक्टरों ने रेप किया। वहीं गंगना नाम की युवती को किडनैप कर धर्म परिवर्तन करवाया गया है। पाकिस्तान में सामने आई दोनों घटनाएं सिंध प्रांत की हैं। सिंध के टांडो मोहम्मद खान के एक प्राइवेट अस्पताल में हिंदू युवती हीना (काल्पनिक नाम) अपना किडनी का इलाज करवाने के लिए पहुंची थी। लेकिन यहां मुस्लिम डॉक्टरों की गंदी नजर उस पर पड़ गई। डॉक्टरों ने उसे नशीली दवा पिलाई और फिर उसके साथ रेप किया। गंभीर हालत में हीना को तुरंत हैदराबाद में शिफ्ट किया गया। हैरानी की बात है कि पुलिस के एक्शन लेने से पहले ही मुस्लिम डॉक्टर और कर्मचारी आसानी से अस्पताल से भागने में सफल रहे। दूसरी घटना पाकिस्तान के सिंध में उमरकोट के कुनरी की है। जिसमें कुनरी के रहमतुल्ला जांझी गांव के रहने वाले हिंदू परिवार की युवती गंगना का अपहरण कर लिया गया।

## यूक्रेन जंग के बीच रूस ने तैनात की सरमट मिसाइल

# रूसी स्पेस एजेंसी के चीफ ने कहा मिसाइल को कॉम्बैट रेडी रखा गया

**मॉस्को।**
यूक्रेन जंग के बीच रूस ने इंटरकोंटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल सरमत को लड़ाई के लिए तैयार रखा है। रूस की स्पेस एजेंसी के चीफ ने इसकी जानकारी दी है। इस मिसाइल को दुनिया की सबसे घातक मिसाइल माना जाता है। इसमें एक साथ 10 न्यूक्लियर वॉरहेड लगाए जा सकते हैं और जरूरत के वक्त इन्हें अलग-अलग दिशाओं में दागा जा सकता है।

रूस की नॉलेज सोसाइटी के एक कार्यक्रम के दौरान एजेंसी के चीफ ने कहा कि रूस ने सरमत को कॉम्बेट ड्यूटी पर तैनात किया है। हालांकि इसे कब और कहां तैनात किया गया इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। व्हाइट हाउस की नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि सरमत को कॉम्बैट रेडी रखने के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

### पिछले साल किया गया था परीक्षण

सरमत आईसीबीएम को पहली बार 20 अप्रैल 2022 में लॉन्च किया गया था। इसका परीक्षण यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के कुछ दिन बाद ही किया गया। ये परीक्षण रूस के अर्खांगेल्स्क प्रांत में किया गया था। मिसाइल ने रूस के पूर्वी हिस्से कमचाटका प्रायद्वीप में अपने टारगेट को सफलतापूर्वक हिट किया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक पहले परीक्षण के एक साल बाद रूस ने इस साल भी सरमत मिसाइल का परीक्षण किया था। जो फेल हो गया।

### 18000 किमी दूर तक टारगेट क्षमता

सरमत मिसाइल की कुल लंबाई 35 मीटर यानी 115 फीट है। इस मिसाइल की रेंज 18000 किलो मीटर है और ये दुनिया के किसी भी हिस्से में न्यूक्लियर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल एक साथ 10 से अधिक न्यूक्लियर वॉरहेड, 16 छोटे न्यूक्लियर वॉरहेड को ले जाने में सक्षम है। मिसाइल का कुल भार 200 टन से अधिक है, जिसमें से 178 टन फ्यूल होता है। इन मिसाइलों को रूस की 1980 के दशक में बनी पुरानी आईसीबीएम मिसाइलों को बदलने के लिए बनाया गया था।

सरमट मिसाइल को पश्चिमी देशों के विश्लेषकों ने



शैतान नाम दिया है। इस मिसाइल के निर्माण की घोषणा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने 2018 में की थी। इस मिसाइल में लिक्विड फ्यूल का इस्तेमाल किया जाता है। पिछले साल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा था कि सरमत मिसाइल को 2022 के अंत तक तैनात कर दिया जाएगा। पुतिन ने कहा था कि रूस पर हमला करने से पहले किसी को भी दो बार सोचना पड़ेगा।

### 28 सरमत दुनिया की सबसे खतरनाक मिसाइल क्यों है

रूस ने करीब 30 सालों बाद कोई लिक्विड फ्यूल वाली आईसीबीएम मिसाइल तैयार की है। इसका डिजाइन मेकएव रॉकेट डिजान ब्यूरो ने बनाया है। इसकी सबसे खास और खतरनाक बात है 10 का होना। मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल। इस मिसाइल के पूरे प्रॉसेस को ऐसे समझिए। सरमट मिसाइल रूस से लेकर वायुमंडल में प्रवेश करती है। वहां ये लॉन्च हो जाते हैं और 10 अलग-अलग टारगेट पर एक साथ हमला कर सकते हैं। इनकी स्पीड इतनी तेज होती है कि एंटी-मिसाइल सिस्टम से इन्हें रोकना बहुत मुश्किल है।

### कुर्दिश और अरब निवासियों के बीच हिंसा में 1 की मौत 8 घायल, लगा कर्फ्यू



**बगदाद ।** इराक के किरकुक शहर में कुर्दिश और अरब निवासियों के बीच हिंसा भड़कने से एक की मौत होगई है जबकि आठ लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हिंसा के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने किरकुक में कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया। साथ ही दंगों से प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक रूप से सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री अल-सुदानी ने सभी पक्षों से 'किरकुक में संघर्ष को रोकने और सुरक्षा, स्थिरता और व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।' एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि किरकुक में कई दिनों से चल रहे तनाव के बाद एक नागरिक की मौत हो गई और आठ घायल हो गए, जो ऐतिहासिक रूप से बगदाद में संघीय सरकार और उत्तर में स्वायत्त कुर्द क्षेत्र के अधिकारियों के बीच विवादित रहा है। स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक जियाद खलाफ के अनुसार मौत के आसपास की परिस्थितियां तुरंत स्पष्ट नहीं थीं, उन्होंने कहा कि घायलों को गोलियों, पत्थरों या कांच से चोट लगी थी। उन्होंने आगे बताया कि घायलों में सुरक्षा बलों का एक सदस्य भी शामिल है। यहां गौरतलब है कि किरकुक में लगभग एक सप्ताह से तनाव का माहौल है। जो ऐतिहासिक रूप से बगदाद में संघीय सरकार और उत्तर में अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र के अधिकारियों के बीच विवादित रहा है। साल 2014 में स्वायत्त कुर्द क्षेत्र के सुरक्षा बलों कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी और पेशमर्गा ने उत्तरी इराक के तेल उत्पादक क्षेत्र किरकुक पर नियंत्रण कर लिया। बताया जा रहा है कि संघीय सैनिकों ने कुर्द स्वतंत्रता पर एक असफल जनमत संग्रह के बाद साल 2017 में उन्हें निष्कासित कर दिया।

## इटली में भालू की गोली मार कर हत्या

# हमलावर ने कहा- डर से गोली चलाई; दो शावकों की जिम्मेदारी लेगी सरकार



**इटली।**
इटली के राष्ट्रीय उद्यान सैन बेनेडेटो के पास एक आदमी ने विलुप्त प्रजाति मार्सिकन भालू की गोली मार कर हत्या कर दी। इटली में भालुओं का शिकार करना कानूनन अपराध है। इटली की पुलिस घटना की जांच कर रही है। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भालू को गोली मरने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया की भालू उसके प्राइवेट प्रॉपर्टी में घुस गया था। जिसे देख कर वो डर गया और उसने गोली चला दी। उसने कहा की वो उसे जान से मारना नहीं कहता था। इस सप्ताह की शुरुआत में अमरेना को अपने दो शावकों के साथ सैन सेबेस्टियानो देई मार्सी में घूमते देखा गया था। जब उसे गोली मारी गई तब वो अपने दो शावकों के साथ थी।

### ब्लैक चेरी से पड़ा अमरेना नाम

जिस भालू को गोली मारी गई उसका नाम अमरेना रखा गया था। भालूओं की ये प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर हैं। ब्लैक चेरी को अमरेना कहा जाता है। जो भालू के पसंदीदा खाने में से एक है। इसलिए भाली का नाम प्यार से अमरेना रखा गया था। इटली के पर्यावरण मंत्री और एनिमल ऐक्टिविस्ट के साथ स्थानीय लोगों ने भालू की हत्या पर निराशा जताई है। इटली के अब्रुज़ो, लाज़ियो और मोलिसे के राष्ट्रीय उद्यान ने हत्या की निंदा करते हुए कहा- अमेरना शांत स्वभाव की थी उसने कभी भी किसी इंसान के लिए समस्या पैदा नहीं की इसलिए इस घटना को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### भालू के बच्चों की सुरक्षा पहला उद्देश्य

इटली के पर्यावरण मंत्री गिल्बर्टो पिचेटो बोले , मार्सिकन मादा भालू की हत्या एक गंभीर घटना है। उन्होंने कहा अभी उनका उद्देश्य भालू के बच्चों की सुरक्षा करना है क्यूंकि वो अब तक आत्मनिर्भर नहीं हैं और उनकी जान को जोखिम में पड़ सकती है। इसलिए उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। इस साल की शुरुआत में, अमेरना के एक 4 साल के बच्चे की कार से टकरा कर मौत हो गई थी। वो 2 साल पहले एक बेकरी में घुस कर कुकीज खाने के लिए नेशनल फेम बन गया था।

# नौ मई की हिंसा तख्तापलट की कोशिश, अंतरिम पीएम काकर ने इमरान समर्थकों के प्रदर्शन पर कही ये बात

**इस्लामाबाद ।**



पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकर ने नौ मई को इमरान समर्थकों द्वारा की गई हिंसा को तख्तापलट की कोशिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश थी, जिसमें पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर और उनकी टीम को भी निशाना बनाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि सरकार की ओर से इमरान और उनके समर्थकों के खिलाफ की जा रही कानूनी कार्रवाई किसी भी तरह से बदले की राजनीति से प्रेरित है।

गौरतलब है कि मई में इमरान खान को अचानक ही पैरामिलिट्री रेंजर्स द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद नौ मई को उनके समर्थकों ने देशभर में प्रदर्शन किए थे। इस दौरान कई जगहों पर हिंसा की खबरें भी सामने आई थीं। इमरान समर्थकों ने सेना और सरकार की एक दर्जन से ज्यादा इमारतों को निशाना बनाया था। इसमें रावलपिंडी स्थित सैन्य हेडक्वार्टर पर हमला भी शामिल रहा था। इस पर काकर ने कहा, नौ मई को दुनिया और अंतरराष्ट्रीय अखबारों ने पाकिस्तान में हुए हुड़दंग और आगजनी को देखा था। किसी भी सरकार में इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। काकर ने कहा कि यह तख्तापलट और गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश थी, जिसके निशाने पर सेना प्रमुख और उनकी सैन्य टीम थी। काकर ने कहा कि उनकी सरकार यह प्रभाव नहीं छोड़ना चाहती कि वह नौ मई की हिंसा में शामिल रहे लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई कर रही है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि अगर देश के कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो हम पूरे मामले में एक दल की तरह नजर आएंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी भी राजनीतिक दल को दूसरों पर पत्थर फेंकने, उन्हें गाली देने या इमारतों को जलाने का अधिकार नहीं है।

# पाकिस्तान में महंगाई के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन : सरकार को दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम; कार्यवाहक पीएम बोले- बिल भरो दूसरा ऑप्शन नहीं

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों के खिलाफ व्यापारी सड़कों पर उतर आए। लाहौर, कराची और पेशावर से लेकर देशभर में दुकानें बंद रही। इस बंद का आहवान जमात-ए- इस्लामी पार्टी के नेता सिराज उल हक ने किया था।



महंगाई और बिजली बिल के मुद्दे पर हो रहे हंगामे के बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने केन्या का दौरा निरस्त कर दिया। कराची में ताजिर एक्शन कमेटी ने बिजली बिल कम करने के लिए सरकार को 72 घंटे का समय दिया है। कमेटी ने कहा है कि अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया तो वो 10 दिन की हड़ताल करेंगे।

### व्यापारी बोले- एक लाख किराया और एक लाख बिजली बिल कैसे दें...

कराची के एक व्यापारी फाहद अहमद ने बताया- हमने अपनी दुकानें बंद रखी हैं ताकि देश के सत्ता में बैठे तबके तक हमारा मैसेज पहुंचे। अगल उन्होंने हमारी तकलीफें नहीं समझी तो हमें दूसरे तरीके अपनाने होंगे।

अहमद ने कहा- मैं एक लाख रूपए का किराया दूंगा और उतना ही बिजली का बिल भी आएगा जो मेरा गुजारा कैसे होगा। पाकिस्तान की सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक वहां अगस्त के अंत तक महंगाई दर 27.4प्रतिशत पहुंच गई है। एक लीटर पेट्रोल का दाम 300 पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच गया है।

### कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने कहा- बिल भरो दूसरा कोई ऑप्शन नहीं...

पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई पर जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लोगों को बिल भरने पड़ेंगे। इसके सिवाय उनके पास कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। काकड़ ने कहा हम अभी लोगों को सब्सिडी देकर भविष्य के लिए परेशानियां मोल नहीं ले सकते हैं। पाकिस्तान के अर्थशास्त्री मोहम्मद सोहेल के मुताबिक आईएमएफ से लोन की किश्त मिलने के बावजूद देश चुनौति भरे वक्त से गुजर रहा है। लोन के बदले आईएमएफ की तरफ से थोपे गए नियमों ने सारा बोझ लोगों पर शिफ्ट कर दिया है। उनका कहना है कि पाकिस्तान में महंगाई सबसे बड़ी परेशानी है। इसकी वजह पाकिस्तानी रुपए की लगातार गिरती कीमत है। एक डॉलर की कीमत पाकिस्तानी रुपए की कीमत डॉलर के मुकाबले 76 सालों में सबसे निचले स्तर पर है। एक डॉलर की कीमत पाकिस्तानी रुपए के मुकाबले 307 रुपए हो गई है।

# रुसी विदेश मंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर क्यों दी चेतावनी

**मॉस्को ।**
जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आ रहे रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने खुली चेतावनी दी है। लावरोव ने कहा कि रूस इस महीने के जी20 समिट के घोषणापत्र को रोक देगा अगर उसके विचारों को नहीं दर्शाया गया। लावरोव ने कहा कि रूस जी-20 शिखर सम्मेलन की अंतिम घोषणापत्र को तब तक रोकेगा जब तक कि यह यूक्रेन और अन्य संकटों पर मॉस्को की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं किया जाता। दरअसल पुतिन ने भारत में नौ से 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता जाहिर की है। उनकी जगह रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करने वाले हैं। यूक्रेन में युद्ध अपराधों के संदेह में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने मार्च में पुतिन के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसके बाद से पुतिन के विदेश यात्रा करने की जानकारी नहीं है। लावरोव ने कहा, अगर हमारी स्थिति प्रतिबिंबित नहीं होती



है, तब सभी सदस्यों की ओर से कोई सामान्य घोषणा नहीं की जाएगी। रूस यूक्रेन युद्ध को अहंकारी पश्चिमी देशों के साथ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में पेश करता है, जिसके बारे में पुतिन का कहना है कि वह रूस को खत्म करना चाहते हैं और उसके विशाल प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करना चाहते हैं। हालांकि पश्चिमी देश इसतरह के किसी भी इरादे से इनकार करते हैं। हालांकि उनका कहना है कि यूक्रेन युद्ध के मैदान में रूस को हरा दे। पश्चिमी देशों ने आक्रमण के जवाब में कई दौर के व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। चीन, भारत और ब्राजील जैसी अन्य प्रमुख शक्तियों ने शांति का आह्वान किया है, लेकिन मॉस्को के साथ अपने स्वयं के संबंध निर्धारित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखा है। चीन ने पश्चिमी देशों पर यूक्रेन को हथियार मुहैया कराकर युद्ध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। लावरोव ने कहा कि पश्चिम ने शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठकों में यूक्रेन का मुद्दा उठाया था, जिस पर रूस ने जवाब दिया था कि हमारे लिए यह मुद्दा बंद हो गया है। उन्होंने पश्चिम पर अपने स्वयं के एजेंडे को आगे बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को कमजोर करने का आरोप लगाया और सुझाव दिया कि, यदि जी20 बैठक में आम सहमति नहीं बन पाती है, तब जी20 अध्यक्ष द्वारा एक गैर-बाध्यकारी विज्ञप्ति जारी की जा सकती है। लावरोव ने कहा, जी20 क्षमताओं के क्षेत्र में विशिष्ट निर्णयों पर ध्यान केंद्रित करता है और बाकी सभी को अपनी बात रखने का अवसर देता है। इसके पहले रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के अलावा सभी मुद्दों पर जी20 देशों के बीच आम सहमति है और इस विवादास्पद विषय को नेताओं के बयान के मसौदे से हटा दिया जाना चाहिए ताकि अगले सप्ताह समूह के शिखर सम्मेलन में इसके जारी होने का मार्ग प्रशस्त हो सके। अलीपोव ने कहा कि रूस जी20 की भारतीय अध्यक्षता के तहत उसकी प्राथमिकताओं का खुले तौर पर समर्थन कर रहा है।

### संयुक्त सैन्याभ्यास में भाग लेने अलेक्जेंड्रिया पहुंची भारतीय सेना, 34 अन्य देश ले रहे हैं हिस्सा

**काहिरा ।** मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े संयुक्त सैन्य अभ्यास ब्राइट स्टार-23 में भाग लेने के लिए भारतीय सेना और वायु सेना (आईएएफ) की टुकड़ी अलेक्जेंड्रिया पहुंची। इसका उद्घाटन समारोह 31 अगस्त को आयोजित हुआ था। यह अभ्यास 13 सितंबर को मिस्र के मोहम्मद नागुइब सैन्य अड्डे पर समाप्त होगा। मिस्र में भारतीय दूतावास ने एक्स (ट्विटर) पर कहा कि अभ्यास में 34 देश भाग ले रहे हैं। अभ्यास में भाग लेने के लिए 29 अगस्त को 550 भारतीय सैन्य कर्मियों की टुकड़ी पहुंच चुकी है। इसका प्रतिनिधित्व 23 जाट बटालियन की एक टुकड़ी कर रही है। उद्घाटन समारोह 31 अगस्त को आयोजित किया गया था। यह किसी विदेशी अभ्यास के लिए अब तक की सबसे बड़ी भारतीय सैन्य तैनातियों में से एक है। संयुक्त सैन्याभ्यास ब्राइट स्टार-23 का नेतृत्व यूएस सेंटकॉम और मिस्र की सेना कर रही हैं। अभ्यास का पहला संस्करण 1980 में मिस्र में आयोजित किया गया था। 1995 के बाद से इसमें अन्य देशों ने भी भागीदारी करनी शुरू की।

## 15 सितंबर से 5, 778 पेट्रोल पंप अनिश्चितकाल के लिए बंद रखने का एलान

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने राजस्थान में अन्य राज्यों के मुकाबले पेट्रोल-डीजल पर वैट ज्यादा होने और विभिन्न समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं होने पर 15 सितंबर से पूरे राज्य के 5 हजार 778 पेट्रोल पंप अनिश्चितकाल के लिए बंद रखने का ऐलान किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि पेट्रोल पंपों के अनिश्चितकालीन बंद से पहले 13 और 14 सितंबर को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सांकेतिक रूप से बंद रखे जाएंगे। एंबुलेंस,अग्निशमन व अन्य आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को ही पेट्रोल-डीजल दिया जाएगा।

# आईएनडीआईए कर रहा सनातन धर्म का अपमान, ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे : अमित शाह

**डूंगरपुर ( हिंस )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर रविवार को विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए दो दिन से सनातन धर्म का अपमान कर रहा है। आईएनडीआई के दो घटक दल डीएमके और कांग्रेस के बड़े नेता कह रहे हैं कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। इन लोगों ने वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हमारी संस्कृति का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे। गृहमंत्री शाह रविवार को राजस्थान के बेणेश्वर धाम में भाजपा की दूसरी परिवर्तन यात्रा से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। राहुल गांधी हिंदू संगठन की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से कर रहे हैं तो वहीं यूपीए सरकार के तत्कालीन गृहमंत्री कहते थे हिंदू टेरर चल रहा है। शाह ने कहा कि आप जितना बोलोगे, उतना कम होते जाओगे। सनातन धर्म के खिलाफ बोलोगे तो 2024 में दूरबीन से भी देखने पर नहीं दिखोगे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह कहते थे कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। हम कहते हैं कि बजट पर पहला अधिकार गरीबों का है। अल्पसंख्यकों के नाम पर तुष्टीकरण करते हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार पर 12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप है। साथ में मन में अहंकार है, घमंड है कि देश में राज सिर्फ गांधी परिवार कर सकता है। और मोदी तो गरीब मां और चाय बेचने वाले का गरीब बेटा है। ये लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल तक यूपीए सरकार ने राजस्थान की जनता को क्या दिया? दस साल की सरकार में सिर्फ राजस्थान को 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए दिए, जबकि मोदी सरकार ने 9 साल में 8 लाख 71 हजार करोड़ रुपए राजस्थान को दिए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है, महिला सुरक्षा में विफल सरकार है। राजस्थान में महिलाओं के साथ बदसलूकी के हर रोज करीब 19 मामले आ रहे हैं। एक महिला का चीरहरण हुआ लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। गहलोत जादूगर हैं। उन्होंने जादू से राजस्थान से बिजली गायब कर दी। महिलाओं की सुरक्षा गायब कर दी। उन्होंने कहा कि आज बेणेश्वर धाम की इस पावन धरा पर भाजपा की *परिवर्तन संकल्प यात्रा* की शुरुआत होने जा रही है। डूंगरपुर की धरती हमेशा वीरों की धरती रही है। यहीं राजस्थान और गुजरात के आदिवासी भाइयों ने महाराणा प्रताप के साथ रहकर वर्षों तक युद्ध करके मुगलों की सेना के दांत खट्टे किए थे। भाजपा की *परिवर्तन यात्रा* 19 दिन में 2,500 किमी घूमेगी और 52 विधानसभाओं से संपर्क करेगी। 156 जगह छोटी सभाएं, 52 जगह पर सभाएं और 56 जगह पर बड़ी सभाएं कर पूरे राजस्थान में परिवर्तन का संकल्प लेगी। सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

## अगस्त में कर चोरों पर लगाया गया 15.37 करोड़ का जुर्माना : चीमा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा है कि कराधान विभाग की स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रीवेंटिव यूनिट ( सिपू ) के मोबाइल विंगों की तरफ से अगस्त महीने के दौरान राज्यभर में कर चोरों के विरुद्ध चलाई गई मुहिम में 873 वाहनों को ई-वे बिल और अन्य जरूरी दस्तावेज न होने के कारण 15.37 करोड़ रुपए का जुर्माना किया गया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को कहा कि सिपू ने अगस्त महीने के दौरान कुल 1052 वाहनों और जुलाई महीने के बकाया 70 मामलों में कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि इनमें से 873 मामलों में कुल कर चोरी के बारे फैसला लेते हुए 15,37,30,704 रुपए का जुर्माना लगाया गया और बकाया 249 मामलों में 4.38 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूले जाने की संभावना है। मंत्री चीमा ने बताया कि लगाए गए कुल जुर्माने में से 14,90,94,501 रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है और बकाया जुर्माना भी जल्द ही वसूला जाएगा। बढ़िया कारगुजारी दिखाने वाली सिपू टीमों के बारे जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि सिपू शंभू ने सबसे अधिक 184 वाहनों के विरुद्ध जबकि सिपू लुधियाना की तरफ से 172, सिपू पटियाला की तरफ से 158 और सिपू रोपड़ की तरफ से 134 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि कर चोरों के विरुद्ध जारी इस मुहिम के अंतर्गत सिपू शंभू ने सबसे अधिक 3.21 करोड़ के जुर्माना लगाए और 3.18 करोड़ रुपए के जुर्माने वसूलने में सफलता हासिल की।

### राजस्थान में महिला को निर्वस्त्र करने का मामला

# धरियावद पहुंचे किरोड़ी लाल बोले, कहां है घमंडिया ग्रुप..!

**उदयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में आदिवासी महिला को निर्वस्त्र करने के मामले में राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। किरोड़ी लाल रविवार को धरियावद पहुंचे। उन्होंने कहा कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं, का नारा देने वाली प्रियंका गांधी कहां है। हमारे आदिवासी समाज की बेटी को नग्न वस्त्र करके पूरे गांव में घुमाया गया, मणिपुर की घटना पर हल्ला मचाने वाला डॉटेड इंडिया घमंडियां ग्रुप अब कहीं नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार आदिवासी बेटी को दिए गए पैकेज में भेदभाव ना करके 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी, रहने के लिए पक्का मकान की घोषणा करें। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि 3 घंटे में इन सभी मांगों की तुरंत प्रभाव से घोषणा करें अन्यथा वे स्थानीय लोगों के साथ



धरने पर बैठेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़िता और उसके परिवार से हमको मिलने नहीं दिया जा रहा। उसके ऊपर दबाव बनवाया जा रहा है। काउंसलिंग के नाम पर उसको इधर-उधर भेजा जा रहा है, यदि पुलिस की काउंसलिंग पूर्ण हो गई हो तो बेटी को समाज को सुपुर्द किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों, आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार चरम सीमा पर है, कानून व्यवस्था चौपट है, थोथी नारी सम्मान की बात करने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

## विकास-कार्यों के साथ जन-सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता : मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आम जनता को बुनियादी सुविधाएं देने वाले विकास कार्यों जिनमें शिक्षा, सड़क, बिजली व चिकित्सा शामिल हैं, उनसे संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। इसके लिए सभी अधिकारी लगातार निगरानी रखें व निर्धारित समय में इन्हें पूरा कर जनता को समर्पित करें। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को विधायक राजेश नगर के साथ तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव तिगांव, कोराली, जसाना,भतोला व तिलपत गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। मंत्री मूलचंद शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वह सीएम के प्रतिनिधि के तौर पर सभी गांव में जाकर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे



हैं। उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम के तहत कोरोली गांव के स्कूल की चार दीवारी की लैप्स हुई राशि के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। वहीं तिगांव मे बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ मिली शिरकत पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करते हुए तबादला करने के निर्देश भी दिए। तिगांव में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की स्कूल में कक्षाओं के सेक्शनों को बढ़ाया जाए ताकि तिगांव के अधिक से अधिक बच्चों को यहीं के मॉडल संस्कृति स्कूल में दाखिला मिला सके। उन्होंने गांव तिगांव में रखी गई सभी मांगों को पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने तिगांव, मंझावली, करौली, अरुवा गांव तक बस रूट को देखकर बसे चलाने के लिए भी कहा। उन्होंने गांव में उचित जगह देखकर बारातघर बनाने, तालाब की चारदीवारी बनवाने के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिन सड़को का काम नाबार्ड, पीडब्ल्यूडी द्वारा चालू है। उन सभी कामों को एक महीने में गति देकर पूरा करने की कोशिश होगी। कैबिनेट मंत्री ने बिजली के लिए नए ट्रांसफामर और लटकी हुई तारों व खराब तारों को बदलने, नालियों की साफ-सफाई, बरसाती पानी की निकासी, फिरनी व सड़कों का चौड़ीकरण, नहरो में खेती के लिए पानी जैसी जन समस्याओं का समाधान करने के लिए मौके पर ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

# नौ वरिष्ठ आईएएस के तबादले, टीवीएसएन प्रसाद होंगे हरियाणा के वित्तायुक्त

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने रविवार को वर्ष 1988 बैच के आईएएस टीवीएसएन प्रसाद को प्रदेश का नया वित्तायुक्त नियुक्त किया है। साथ ही सुधीर राजपाल को गृह सचिव नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्य प्रधान सचिव पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश खुल्लर की नियुक्ति के बाद हरियाणा सरकार ने प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों के पदभार में बदलाव किया है। रविवार को राज्य सरकार ने नौ वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी टीवीएसएन प्रसाद को राज्य का नया वित्तायुक्त बनाया है। प्रसाद की इस पद पर नियुक्ति करते समय राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों की वरिष्ठ सूची का अनुसरण किया है। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा थी कि सुधीर राजपाल को भी वित्तायुक्त बनाया जा सकता है, लेकिन वरिष्ठता का अनुपालन करते हुए राज्य सरकार ने यह जिम्मेदारी टीवीएसएन प्रसाद को ही सौंपी है। सुधीर राजपाल को प्रदेश का नया गृह सचिव बनाया गया है। सीएम के मुख्य प्रधान सचिव बनने से पहले राजेश खुल्लर राज्य के वित्तायुक्त और टीवीएसएन प्रसाद गृह सचिव थे। वर्ष 1988 बैच के आइएएस टीवीएसएन प्रसाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा भवन दिल्ली के चीफ रेजीडेंट कमिश्नर तथा सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का भी काम देखेंगे। वर्ष 1990 बैच के आइएएस अधिकारी सुधीर राजपाल अब गृह, जेल, अपराध अनुसंधान एवं न्याय प्रशासन विभाग के सचिव का काम संभालेंगे। उन्हें अनिल मिल के स्थान पर युवा सशक्तीकरण एवं एंटरप्रेन्योरशिप विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव भी बनाया गया है। वर्ष 1990 बैच की आइएएस डॉ. सुमिता मिश्रा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाई गई हैं। उन्हें पंकज अग्रवाल के स्थान पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव भी बनाया गया है। वर्ष 1990 बैच के ही डॉ. राजा शेखर वुंदरू को हाउसिंग फार आल विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया, जबकि उन्हें सुधीर राजपाल के स्थान पर नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव वी उमाशंकर को उनके मौजूदा कार्य के अतिरिक्त सूचना एवं जनसंपर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक मामले विभाग का प्रधान सचिव तथा विदेश समन्वय विभाग का प्रधान सचिव भी बनाया गया है। विदेश समन्वय विभाग पहले राजा शेखर वुंडरू देख रहे थे। सुधीर राजपाल के स्थान पर 1995 बैच के आइएएस विजयेंद्र कुमार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा पी अमनीत कुमार के स्थान पर सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे राजीव रंजन को अनुराग अग्रवाल के स्थान पर श्रम विभाग के प्रधान सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वर्ष 2000 बैच के आइएएस पंकज अग्रवाल को विजयेंद्र कुमार के स्थान पर सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा अंत्योदय सेवा विभाग का आयुक्त एवं सचिव बनाया गया है। पंकज अग्रवाल के पास सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के आयुक्त व सचिव की भी जिम्मेदारी रहेगी। डॉ. सुमिता मिश्रा के स्थान पर 2001 बैच की आइएएस पी अमनीत कुमार को महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त व सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## वो दिन गये जब महिलाएं चुप रहती थीं, अब नारी शक्ति गहलोत सरकार से बदला लेगी : वसुंधरा

**डूंगरपुर/जयपुर ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गहलोत सरकार पर जनजाति के लोगों का शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यहां विकास तो हुआ, पर खास लोगों का। भ्रष्टाचार कर भोले-भाले आदिवासियों से उनका जल, जमीन, जंगल छीना। बिजली है ही नहीं। फिर मुफ्त कैसी हमने गावों में भी घरेलू बिजली 22 से 24 घंटे दी। बच्चियों के आपत्तिजनक वीडिओ बना कर, उन्हें ब्लैकमैल करना आम है। पेपर लीक हो रहे हैं। पर अब वो दिन गये जब महिलाएं चुप रहती थीं, अब नारीशक्ति गहलोत सरकार से बदला ले कर रहेगी। राजे ने बेणेश्वर धाम में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि मावजी ने सालों पहले भविष्यवाणी की थी कि एक गुजराती भक्त आएगा और दिल्ली में दिया जलाएगा। उनकी बात सच हुई और मोदी जी प्रधानमंत्री बने। जिन्होंने राममंदिर के निर्माण की राह खोली। करोड़ों लोगों का जीवन बदला। उन्होंने




कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाई तो जो आतंकी कश्मीर में रोज गोलियां चलाते थे, वे कंकर फेंकने से भी डरते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जनजाति क्षेत्र के लोगों ने अपनत्व की डोर से उन्हें बांध रखा है। जिनके सहयोग से 2003 में पहली बार स्पष्ट एवं अभूतपूर्व और 2013 में हमें ऐतिहासिक जनादेश मिला।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

**अलवर ( हिंस )।** जिले के लक्ष्मणगढ़ स्थित कठूमर रोड पर शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में इटेड़ा गांव निवासी महिला सहित तीन जनों की मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटे के अलावा भतीजा शामिल है। मृतक दोनों इकलौते बेटे थे। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम को भैरूबाबा के मंदिर से लौटते समय लक्ष्मणगढ़ में कठूमर रोड पर तेज रफ्तार से आती कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चेतराम (25), महिला श्रीदेवी (30) और इशांत (8) की मौत हो गई। चेतराम भी महिला श्रीदेवी का भतीजा है। वह भी इकलौता बेटा था। महिला का आठ साल का बेटा भी इकलौता था। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। महिला श्रीदेवी के एक ही संतान थी। इशांत की भी मां के साथ मौत हो गई। अब पिता अमरचंद अकेले रह गए हैं। जो किसी फॉर्म हाउस पर खेती मजदूरी का काम करते हैं। वहीं मृतक चेतराम भी अपने मां-पिता का इकलौता चिराग था। एक बहन है।

# देश भर के 121 शिक्षकों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवॉर्ड से किया सम्मानित

**भिवानी ( हिंस )।** युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट भिवानी के बैनर तले व महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से रविवार को स्थानीय हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी नरसिंह मंदिर में 21वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान देश भर से 121 गुरूजी का सम्मान किया गया, जिनमें हरियाणा प्रदेश से 80 एवं अन्य 8 राज्यों के 41 शिक्षकों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़-लोकसभा से सांसद धर्मबीर सिंह ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने की। इस दौरान सान्निध्य बालयोगी महंत चरणदास महाराज का रहा। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों का भविष्य गढने् के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ जुटे रहने वाले शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। उन्होंने कहा कि अध्यापक समाज का शिल्पकार होता है तथा देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि शिक्षक हमारे दिमाग



को आकार देने के साथ सपनों को संवारते हैं। शिक्षकों की ही देन है कि युवा आगे चलकर अपने जीवन में सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की ही देन है कि आज भारत पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि सही शिक्षा ही श्रेष्ठ व्यक्ति का निर्माण कर सकती है और इसमें शिक्षक की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हर इंसान के जीवन में शिक्षक का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि माता-पिता से भी ऊपर गुरु का दर्जा होता है। इस मौके पर ध्यानदास महाराज व महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि बच्चे को ज्ञान की प्राप्ति एक शिक्षक ही करा सकता है।

## खिलाड़ियों पर ध्यान देने के लिए दो नोडल अधिकारी नियुक्त : मीत हेयर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** *खेडां वतन पंजाब दियां- 2023* उद्घाटन समारोह के बाद शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों में खिलाड़ी पूरे जोश से हिस्सा ले रहे हैं। खेल विभाग ने ब्लाक स्तरीय टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के सुचारू प्रबंधों की निगरानी के लिए हर जिले में दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। रविवार को चंडीगढ़ में खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बताया कि इस समय पर कार्पोरेशन शहरों सहित 157 ब्लाकों में आठ खेलों के मुकाबले चल रहे हैं, जिनमें डेढ़ लाख से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब को खेल में फिर देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू किया है। खेल और खिलाड़ियों को ध्यान देने के लिए हर जिले में दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं, जिससे खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न आए।

## देवीलाल के नाम पर उचाना के लोगों को बहका वोट ले गए दुष्यंत : प्रेमलता

**जींद ( हिंस )।** सखी-सहेली मिलन कार्यक्रम के तहत घसो खुर्द पहुंची भाजपा पूर्व विधायक प्रेमलता के निशाने पर रविवार को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रहे। पूर्व विधायक ने कहा कि यहां से 300 किलोमीटर दूर सिरसा



से आकर आपको बहका कर विधायक बन प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम बन गया। देवीलाल के नाम पर उचाना के लोगों को बहका कर वोट ले गए। आने वाले समय में फिर आप लोगों के बीच जाएंगे। आपको फिर बहकाने का काम करेंगे। किसी भी तरह के बहकावे में नहीं आना है। उन्होंने कहा कि अपने-पराए की पहचान करनी होगी। हमारा परिवार आप लोगों के बीच रहा है। हम उचाना के है उचाना हमारा है। यहां से बेशक चुनाव हारे हो लेकिन उचाना को नहीं छोड़ा है। प्रेमलता ने कहा कि सरकार हमारी बनी हुई है लेकिन हमारी चलती नहीं है। हम अधिकारियों को काम कहते है तो अधिकारी मना नहीं करते लेकिन काम करते भी नहीं है। यहां के लोगों ने 40 हजार वोट तो दिए लेकिन हार 48 हजार से अधिक मतों से हरा दिया। बीती सरकार में जो विकास कार्य को तेजी देकर उचाना को विकास के मामले में नंबर वन पर लेकर गई थी, वो रफ्तार इन पौने चार साल में रूक गई है। जो काम होने चाहिए थे वो काम अब नहीं हो रहे है। भाजपा को जमुना पार करने की बात करके वोट लेने वाले दुष्यंत चौटाला खुद जमुना में डूबकी लगाते हुए डिप्टी सीएम बन गए। 11 विभाग उनके पास है लेकिन कोई काम उचाना में नहीं हो रहा। उचाना हलके के लोगों को आज अपने कामों को लेकर सिरसा, चंडीगढ़ जाना पड़ रहा है।

# मंदिरों में चल रही जन्माष्टमी की तैयारी, भव्य सजेंगे मंदिर

**झज्जर ( हिंस )।** जिले के मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व मनाने के लिए बहुत उत्साह है। झज्जर व बहादुरगढ़ शहरों और देहात के सभी मंदिरों में जन्माष्टमी के पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भक्त मंदिर प्रशासन के साथ मिलकर सजावट और अन्य कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। शहर में इस बार कृष्ण भगवान का जन्मदिन 7 सितंबर को मनाया जाएगा। मंदिरों के आसपास के दुकानदारों ने भी त्योहार के मौके पर लाभ उठाने के लिए धार्मिक सामग्री और कृष्ण मूर्तियों का स्टॉक कर लिया है। झज्जर के प्रसाद गिरी मंदिर, बहादुरगढ़ के मेन बाजार स्थित प्राचीन मुरली मनोहर, बामनोली रोड स्थित श्री राधा मदन गोपाल इस्कॉन मंदिर, मेन बाजार स्थित सनातम धर्म महावीर मंदिर, जटवाड़ा के तीन शक्ति मंदिर, सेक्टर-6 के पास राज राजेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर, कसार स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर, अनाज मंडी के राधा-कृष्ण मंदिर व सनातन धर्म मंदिर समेत शहर व देहात के तमाम मंदिरों में श्री कृष्ण जनमाष्टमी समारोह की तैयारी चल रही है। बामनोली रोड स्थित इस्कॉन मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में भक्त जुटेंगे। जन्माष्टमी के त्योहार को और अधिक भव्य व भक्तिपूर्ण बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस्कॉन मंदिर में सुबह साढ़े 4 बजे से ही जन्माष्टमी पर्व का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। सबसे पहले मंगल आरती की जाएगी। भगवान कृष्ण को नए वस्त्र पहनाए जाएंगे। मंगल आरती के बाद भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद भगवान का श्रृंगार दर्शन होगा। दिनभर भगवान कृष्ण की कथा और कीर्तन चलेगा। भगवान के झूले दर्शन होगा। दिन भर कीर्तन चलेगा। संध्या में शाम 7 बजे विशेष कार्यक्रम होगा। संध्या आरती होगी। इसके बाद अभिषेक किया जाएगा। रात 11 से 12 बजे तक जन्म अभिषेक होगा।

# हमें गायत्री मंत्र का अर्थ सहित जप करना चाहिए : आचार्य सामश्रमी

### महर्षि दयानंद का संपूर्ण जीवन संघर्ष का जीवन था : प्रियंका आर्या

**हिसार ( हिंस )।** आर्य समाज के प्रमुख विद्वान आचार्य सामश्रमी ने कहा है कि हमें गायत्री मंत्र का जप अर्थ सहित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गायत्री का अर्थ सहित ही जप करना चाहिए। गायत्री मंत्र का अभिप्राय है जो गाने वाले की रक्षा करे वह गायत्री है। मंत्र शब्द का अभिप्राय है रहस्य। वे रविवार को आर्य समाज लाला लाजपतराय चौक नागोरी गेट में श्रावणी उपाकर्म वेद प्रचार सप्ताह का समापन अवसर पर आए हुए शहरवासियों को संबोधित कर रहे थे। आचार्य श्री ने कहा कि गायत्री के भावों के अनुसार



हमारा जीवन होना चाहिए। परमेश्वर हमारा रक्षक है। हमें सभी की बुराइयों से व बुरे व्यक्तियों से रक्षा करनी चाहिए। परमेश्वर दुख विनाशक है। हमें संसार के प्राणियों के दुख नष्ट करने का प्रयास करना चाहिए। परमेश्वर प्राणों को देने वाला है और सुख स्वरूप है। हमें मांसाहार नहीं करना चाहिए। भरतपुर राजस्थान से पहुंची भजनोपदेशिका प्रियंका आर्या ने *किसने लावारिस लाशों को कफन दिया, किसने तिल-तिल जलकर जग को हवन दिया, किसने पाखंडों को चकानचूर किया, किसने सूनी मांगों को सिंदूर दिया, किसके माथे इस गौरव का ताज है, कोई और नहीं वो आर्य समाज है।* भजन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने उपदेश में कहा कि महर्षि दयानंद का संपूर्ण जीवन संघर्ष का जीवन था। कार्यक्रम में प्रधान हरिसिंह सैनी, सतप्रकाश गोयल कोषाध्यक्ष, बंसीलाल आर्य, देवेंद्र सैनी, महावीर खेड़ा, दलबीर आर्य, देवेंद्र आर्य, बलराज मलिक, गोपीचंद आर्य, जगदीश आर्य, सुभाष सैनी, ओमप्रकाश सैनी, श्याम सुंदर, सतेंद्र रावल, सुरेंद्र रावल, सन्नी आर्य, विवेक आर्य, दुष्यंत बादल, अंशु बादल, सोमवीर आर्य, लाजवंती खन्ना, अविनाश मल्होत्रा, सिम्मी काठपाल, शशी आर्या, नंदलाल चौपड़ा, कुलदीप ग्रोवर, मुकेश सैनी व राधेश्याम आर्य आदि उपस्थित रहे।

# रिलायंस के बाद कोटक ग्रुप में पीढ़ी परिवर्तन : भरोसे के निवेश और महिंद्रा की दोस्ती ने कोटक को बनाया दिग्गज




**नई दिल्ली।**
देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े कर्जदाता कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर, सीईओ व एमडी उदय कोटक ने इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 को खत्म हो रहा था। उनकी जगह बैंक के जॉइंट एमडी दीपक गुप्ता अस्थायी सीईओ-एमडी होंगे। कोटक के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लिखा, 1985 में नौजवान उदय मेरे पास निवेश का प्रस्ताव लेकर आए थे। तब मैं दुविधा में था। तब मैंने जो 1 लाख रुपए निवेश किए थे आज वो बढ़कर 2200 करोड़ रुपए हो गए हैं... यह फिनिश लाइन नहीं है, उदय नया चैप्टर शुरू कर रहे हैं। यहां और भी रोमांच हैं, मेरे दोस्त!

**कोटक ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को हाथ से लिखा इस्तीफा सौंपा** - 38 साल पहले मैंने मुंबई फोर्ट में 300 वर्गफुट जगह में 3 कर्मचारियों के साथ कोटक महिंद्रा बैंक की शुरुआत की। आज यह 5 देशों में मौजूदगी और 1 लाख कर्मचारियों के साथ शेयरहोल्डर्स के लिहाज से बहुत वैल्युएबल कंपनी है। मैंने अपने सपने को इस यादगार यात्रा में हर पल पूरी शिद्दत से जिया है। मैंने जेपी मॉर्गन व गोल्डमैन सॉक्स जैसे नामों को फाइनेंस इंडस्ट्री पर हावी होते देखा। मेरा सपना था कि भारत में ऐसी संस्था बनाऊं। मुझे इस महान संस्थान का फाउंडर, प्रमोटर और शेयरहोल्डर होने के गौरव मिला। कर्मचारियों, को-वर्कर्स, स्टेकहोल्डर्स, रेगुलेटर्स, डायरेक्टर्स, दोस्तों, परिवार और उन सभी लोगों के समर्थन, मार्गदर्शन व समर्पण के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इस सपने को जीने में मेरा साथ दिया।

**मन से क्रिकेटर और एक्सीडेंटल बैंकर...हैं उदय कोटक** - कोटक का परिवार मूल रूप से पाकिस्तान से है। बंटवारे के बाद वे भारत आ गए थे। गुजराती परिवार में जन्मे उदय एमबीए करने के बाद नौकरी में जाना चाहते थे। पर पिता के बिजनेस करने की सलाह उन्हें पसंद आई। वह ऐसे घर में रहते थे, जहां 60 लोग एक किचन इस्तेमाल करते थे। कारोबार संयुक्त था। उदय बताते हैं, यह घर पर पूंजीवाद व समाजवाद का श्रेष्ठ उदाहरण था। कोटक ने कार लोन की सेल्स बढ़ाने के लिए 5,000 मारुति खरीद ली थी, ताकि उनसे कर्ज लेने वाले ग्राहकों को तुरंत कार मिले। तब 6 महीने की वेटिंग होती थी। मन से क्रिकेटर और एक्सीडेंटल बैंकर... कोटक मुंबई की कांगा लीग से खेलते थे। सिर में चोट लगी तो क्रिकेट छोड़ना पड़ा। कोटक महिंद्रा बैंक आज देश का तीसरा सबसे बड़ा प्राइवेट बैंक है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूक्रेन में अरबपति की गिरफ्तारी, फ्रॉड के आरोप लगेः कोर्ट ने 115 करोड़ में बेल का ऑप्शन दिया; चुनाव में जेलेंस्की का साथ दिया था

**नई दिल्ली।** रूस से चल रही जंग के बीच यूक्रेन की कोर्ट ने वहां के एक अरबपति की गिरफ्तारी के आदेश



दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इहोर कोलोमोइस्की नाम के इस अरबपति पर फ्रॉड के आरोप लगे हैं। उसे 31 अक्टूबर तक हिरासत में रखा जाएगा। कोलोमोइस्की को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की का समर्थक माना जाता है। कोर्ट ने माना है कि 2013 से 2020 के बीच कोलोमोइस्की ने गैरकानूनी तरीकों से कमाए करोड़ों रुपयों को बाहरी देशों में अपने कंट्रोल वाले बैंकों के जरिए कानूनी करवा लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने कोलोमोइस्की को 115 करोड़ रुपए देकर बेल लेने का भी ऑप्शन दिया है। हालांकि, बेल मिलने की स्थिति में कोलोमोइस्की को वो जगह छोड़कर जाने की इजाजत नहीं होगी जहां वो रह रहा है। उसे पासपोर्ट भी सरेंडर करना होगा साथ ही पूछताछ में भी शामिल होना होगा। कोलोमोइस्की यूक्रेन का जाना-माना अरबपति है। जिसके मीडिया और बैंकिंग से जुड़े बिजनेस हैं। वो यूक्रेन के सबसे अमीर लोगों में से एक है। 2019 में जब जेलेंस्की ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा तो कोलोमोइस्की ने उनका समर्थन किया था। 2021 से उस पर अमेरिका की सैंक्शन यानी पाबंदियां लगी हैं। उस पर रुतबे का इस्तेमाल कर फायदा उठाने के आरोप लगाए गए थे। गिरफ्तारी के बाद जेलेंस्की ने कोलोमोइस्की का नाम लिए बिना कहा कि मैं भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को एक के बाद एक सुलझा रहे अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से जेलेंस्की भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्रवाई करवा रहे हैं। चुनाव के दौरान उन्होंने देश से भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा किया था। जंग शुरू होने के बाद से जेलेंस्की अपने ही कई मंत्रियों को करप्शन के आरोप में बर्खास्त कर चुके हैं। इनमें यूक्रेन के डिप्टी इंफ्रास्ट्रक्चर मिनिस्टर, डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर याचेस्लाव शापोवालोव शामिल हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। हालांकि, अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जेलेंस्की दर्जनों अधिकारियों को भी बर्खास्त कर चुके हैं।

### कंपनी ने दिया है निशुल्क आवास तो अब बचेगी ज्यादा सैलरी, इनकम टैक्स ने किया नियमों में बदलाव




**नई दिल्ली।** अगर आप कर्मचारी है और कंपनी की ओर से आपको निशुल्क आवास मिला हुआ है तो अब आप ज्यादा टैक्स बचा पाएंगे और पहले से मुकाबले अधिक सैलरी अपने घर ले जा सकेंगे। हाल ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से कर्मचारियों को दिए जाने वाले निशुल्क आवास से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया है। कंपनी ने दिया है निशुल्क आवास तो अब बचेगी ज्यादा सैलरी, इनकम टैक्स ने किया नियमों में बदलाव आईटी डिपार्टमेंट की ओर से कंपनी की ओर से दिए गए निशुल्क आवास की वैल्यूएशन को लेकर नियमों में बदलाव किया है। इस नियम के लागू होने के बाद कर्मचारियों के हाथ में पहले के मुकाबले अधिक पैसे बचेंगे। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ओर से इसे लेकर नोटिफिकेशन पहले ही जारी कर दिया है। अगर आप कर्मचारी है और कंपनी की ओर से आपको निशुल्क आवास मिला हुआ है तो अब आप ज्यादा टैक्स बचा पाएंगे और पहले से मुकाबले अधिक सैलरी अपने घर ले जा सकेंगे।

### बिक्री लक्ष्य को पाने के लिए खरीदे गए सामानों पर किया सकता है आईटीसी दावा,जीएसटी एएआर ने दिया निर्णय

**नई दिल्ली।** जीएसटी अग्रिम निर्णय प्राधिकरण ने इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि सोने के सिक्कों और वाइट गुड्स जैसी महंगी वस्तुओं को पूर्व-निर्दिष्ट बिक्री यानी प्री-स्पेसिफाइड सेल्स के लिए खरीदने पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं। इस फैसले के लिए ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड ने एएआर से संपर्क किया था। उन्होने कहा था कि डीलरों को सोने के सिक्कों और सफेद वस्तुओं यानी घरेलू वस्तुओं के वितरण इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया जा सकता है। कई कंपनी ग्राहकों को मासिक/त्रैमासिक को लेकर कई छूट भी देती है। कंपनी अपने सेल्स को बढ़ाने के लिए कई तरह की योजना चलाती है। इसके बाद एएआर ने यह नोट किया कि आवदेक और प्राप्तकर्ताओं के बीच हुए समझौते के अनुसार ही सोने के सिक्कों और घरेलू वस्तुओं को खरीद रहा है। इस समझौते में कुछ शर्तें भी शामिल होती है। इन वस्तुओं को उपहार नहीं माना जाएगा।

## रिलायंस का मार्केट-कैप 38,495 करोड़ गिरा

# देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यू घटी, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर

**नई दिल्ली।**
**मार्केट-कैप के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 को पिछले हफ्ते कुल 62,279.74 करोड़ का नुकसान हुआ। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सबसे बड़ी लूजर रही, जिसका मार्केट कैप 38,495.79 करोड़ गिरकर 16,32,577.99 रह गया। हालांकि, टोटल मार्केट कैप के हिसाब से आरआईएल आज भी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज हिन्दुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और भारती एयरटेल मार्केट में सबसे ज्यादा नुकसान में रहने वाली कंपनियां रहीं।**




वहीं एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस बीते हफ्ते मार्केट में टॉप गेनर रहे। अगस्त के दूसरे सप्ताह में एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहने वाली सबसे बड़ी कंपनी रही, जिसके मार्केट कैप में 25,011 करोड़ की गिरावट देखने को मिली थी। पिछले सप्ताह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 500 अंकों की बढ़त देखी गई।

### हाल ही में जियो ने अपनी एजीएम में जियो एयर फाइबर के लॉन्च की घोषणा की थी

हाल ही में मुकेश अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की 46वीं एनुअल जनरल मिटिंग में कई बड़े ऐलान किए थे। इसमें सबसे बड़ी घोषणा बिना वायर के फास्ट ब्रॉडबैंड की सुविधा देने के लिए जियो एयर फाइबर के लॉन्च की थी। वहीं रिलायंस के बोर्ड में आकाश अंबानी, अनंत अंबानी और ईशा अंबानी को नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया। इसके अलावा यह भी बताया गया कि, मुकेश अंबानी, अगले 5 साल तक आरआईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर बने रहेंगे।

मुकेश अंबानी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि रिलायंस अगले दशक में अपने सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए जो वैल्यू क्रिएट करेगी वह पिछले 45 वर्षों में जनरेट हुई वैल्यू से कई गुना ज्यादा होगी।

### मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के कुल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहार उसके सभी शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां।

### मार्केट कैप = आउटस्टैंडिंग शेयरों की संख्या × शेयरों की कीमत

मार्केट कैप कैसे काम आता है किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स से लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है।

### मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा।

# आरोपी कपिल वधावन को नासिक जेल शिफ्ट किया गया, कदाचार की रिपोर्ट्स के बाद अदालत ने दी मंजूरी



**मुंबई।**
विशेष अदालत ने यस बैंक घोटाले के आरोपी कपिल वधावन को महाराष्ट्र की नासिक जेल भेजने का आदेश दिया है। अभी तक कपिल वधावन नवी मुंबई की तालोजा जेल में बंद थे, जिन्हें कदाचार की रिपोर्ट्स के बाद नासिक जेल भेजा गया है।

### पीएमएलए कोर्ट के जज ने स्थानांतरित करने का दिया आदेश

बता दें कि कपिल वधावन दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्रमोटर हैं और उनके खिलाफ ईडी और सीबीआई धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही हैं। पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के विशेष जज एमजी देशपांडे ने वधावन को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। जिसके बाद तुरंत कपिल वधावन को तुरंत नासिक जेल भेज दिया गया।

दरअसल हाल ही में ऐसी कुछ मीडिया रिपोर्ट्स आईं थी, जिनमें बताया गया कि कपिल वधावन और सह-आरोपी और भाई धीरज वधावन को कई बार इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों ने अपने रिश्तेदारों, परिजनों से मुलाकात की और मोबाइल फोन और लैपटॉप का इस्तेमाल किया। इसकी खबरें मीडिया में आने के बाद जेल के उच्च अधिकारियों ने दोनों को अन्य जेल में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए विशेष अदालत में आवेदन दिया। कपिल वधावन ने किसी गंभीर बीमारी के बारे में जानकारी नहीं दी है लेकिन जून से अगस्त 2023 के बीच 15 बार कपिल वधावन को अस्पताल ले जाया गया।

### कदाचार की रिपोर्ट्स के बाद लिया फैसला

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि कपिल वधावन को कई बार मेडिकल चेकअप के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इस दौरान ना तो उनका कोई चेकअप हुआ और ना ही कोई इलाज हुआ। जज ने अपने आदेश में कहा कि यह नियम है कि अदालत को मीडिया रिपोर्ट्स या मीडिया ट्रायल्स से प्रभावित नहीं होना चाहिए लेकिन साथ ही अगर आरोपी की कदाचार से संबंधित असली तस्वीरें सामने आती हैं और उच्च अधिकारियों द्वारा इसे रिपोर्ट किया जाता है तो अदालत इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# फॉक्सकॉन के संस्थापक टेररी जीओयू ने कंपनी के बोर्ड से दिया इस्तीफा, निर्दलीय लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**नई दिल्ली।**
ताइवान में निर्दलीय राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार टेरी गौ ने फॉक्सकॉन के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। फॉक्सकॉन अमेरिकी कंपनी एपल की प्रमुख पार्ट्स सप्लायर कंपनी है। इसकी स्थापना करीब 50 साल पहले गौ की ओर से की गई थी। कंपनी की स्थापना अधिकारिक रूप से होन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड के तौर पर पंजीकृत है। कंपनी की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर कहा गया कि गौ ने निजी कारणों के चलते बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है।




### कंपनी के ऑपरेशन पर नहीं होगा कोई असर

कंपनी की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि गौ के जाने से फॉक्सकॉन के ऑपरेशन पर कोई असर नहीं होगा। फॉक्सकॉन का नाम दुनिया की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों में आता है। 2023 में फॉर्च्यून ग्लोबल 500 में कंपनी ने 20वें स्थान पर जगह बनाई थी।

फॉक्सकॉन का मुख्यालय ताइवान में है और कंपनी के ज्यादातर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स चीन में है। हालांकि, अब कंपनी चीन से विवाद के चलते अपनी मैन्यूफैक्चरिंग भारत जैसे देशों में भी शिफ्ट कर रही है। कंपनी का ज्यादातर काम एपल के आईफोन के साथ अन्य प्रोडक्ट्स की मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़ा हुआ है।

### गौ ने 28 अगस्त को किया था एलान

28 अगस्त को अटकलों को विराम देते हुए गौ ने एलान किया था कि वे निर्दलीय ताइवान के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। साथ ही इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौ ने सत्ताधारी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी पर आरोप लगाया कि उनके कारण ताइवान आज चीन का साथ युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। इसके अवाला कहा कि वे ताइवान को अगला यूक्रेन नहीं बनने देंगे। ऐसा कहा जाता है कि गौ के चीन के करीब मानी जाने वाली विपक्षी नेशनल पार्टी से संबंध है।

# कौन्तेय टेबल वेयर पहुँचा पेरिस के अंतर्राष्टीय होम शो में

**इंदौर।**
आगामी 7 से 11 सितम्बर तक पेरिस में आयोजित होने वाले यूरोप के प्रीमियम होम वेयर शो मेज़ॉ एंड ओब्जेट में कौन्तेय टेबल वेयर ब्रांड भी भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय संस्कृति, कला और माइथोलॉजी पर आधारित डिज़ाइन्स के साथ हैंडक्राफ्ट किये गए कौन्तेय टेबल वेयर प्रोडक्ट्स को देश भर में सराहा जा रहा है और अब कौन्तेय अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में भी अपनी पकड़ बनाने के लिए तैयार है। मेज़ॉ एंड ओब्जेट, डेकोरेशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री का सबसे प्रचलित इवेंट है। इसमें दुनियाभर से 600 नए ब्रांड और 60,000 से अधिक विज़िटर्स हर बार भाग लेते है। इस बार भी शो में कॉस्मिक डीलर, होम बाय क्रिस्टी, फाइन डाइनिंग एंड लिविंग, कोज़ी ट्रेंडी, माओमी जैसे अंतराष्ट्रीय ब्रांड सम्मिलित होंगे।



कौन्तेय की फाउंडर सोनल जेठा ने कहा कि हमारा उद्देश्य था भारत की हिस्ट्री, यहाँ के विभिन्न आर्ट फॉर्मस् को वर्ल्ड लेवल तक पहुँचायें और लोगों को इनसे परिचित करवाएं। साल 2019 में हमने इस ब्रांड को लांच किया, जिसमें प्रीमियम टेबल वेयर्स के माध्यम से लोगों तक हम अपना मैसेज पहुँचा रहे है और इसे बेहद पसंद किया जा रहा है। बेहतर क्वालिटी के लिए कौन्तेय के प्रोडक्ट्स सुपर फाइन बोनचाइना मटेरियल से तैयार किये जाते हैं और 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड फिनिशिंग के बाद कस्टमर्स को अवेलेबल करवाएं जाते है। मार्केट में कौन्तेय की 5 सीरीज़ ब्याह, ज्यामिति, दसरा, ऐरावत और पिछवाई के टेबल वेयर्स उपलब्ध है। ब्याह सीरीज़ में टेबल वेयर्स को राजस्थानी फड़ कला के साथ सुसज्जित किया गया है, ज्यामिति टेबल वेयर्स कलेक्शन में सीमेट्रिकल आर्टिस्ट्री को दर्शाया गया है, दसरा सीरीज़ मैसूर पैलेस की इंडो-सरसेनिक वास्तुकला से प्रेरित है, ऐरावत सीरीज़ के अंतर्गत पूर्वी भारत के पट्टचित्र आर्ट फॉर्म द्वारा भगवान के विभिन्न वाहनों को सुंदरता के साथ टेबल वेयर्स पर उकेरा गया है और पिछवाई कलेक्शन के टेबल वेयर्स में श्रीनाथजी की पूजा करते समय पृष्ठभूमि के रूप में उपयोग की जाने वाली नाथद्वारा की पारंपरिक पेंटिंग्स का प्रभाव दिखता है। इसके अलावा कौन्तेय के लग्ज़री प्रोडक्ट्स में प्लेसमेट्स और सर्विंग ट्रे की कलात्मक रेंज भी उपलब्ध है जो आपके डाइनिंग अनुभव को चार गुना कर देगी। प्रीमियम टेबल वेयर्स की रेंज को बढ़ाते हुए कौन्तेय ने अगस्त में भारतीय शिल्पकला से प्रभावित होकर विशेष रूप से बनाये गए कांसा टेबल वेयर्स (डिनर सेट्स) को अपने कलेक्शन में शामिल किया है। एल्कलाइन प्रवृति के कारण कांसा धातु से बने डिनर सेट्स में भोजन करना स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभदायक है जो ब्लड प्यूरिफिकेशन, स्कीन रेजुविनेशन और ओवरऑल हेल्थ को बनाये रखने में सहायक है।

## कार नहीं दे रही अच्छा माइलेज

# खराब फ्यूल और इंजन ऑयल समेत इन वजहों से कम होता है एवरेज

**नई दिल्ली।**
कई बार आपने नोटिस किया होगा कि आपकी कार अचानक से कम माइलेज देने लगी है। किसी कार के कम माइलेज देने की कई वजहें हो सकती हैं।

### खराब फ्यूल और चोक्ड इंजेक्टर

अगर कार में डलने वाला फ्यूल अच्छी गुणवत्ता का नहीं है तो इससे माइलेज पर असर पड़ना तय है। इसलिए कोशिश करें कि हमेशा अपने शहर के प्रतिष्ठित फ्यूल पंप से ही फ्यूल डलवाएं।

इसके अलावा इंजेक्टर्स को ज्यादा समय हो गया है तो इससे भी माइलेज कम हो जाता है। इंजेक्टर ही कार के इंजन को फ्यूल डिलीवर किया जाता है।

### चोक्ड एयर फिल्टर

समय के साथ एयर फिल्टर पर गंदगी, धूल और मिट्टी जमा होती जाती है, जो एयर फ्लो को बाधित कर देती है। फिर यही धूल और मिट्टी सेंसर पर भी जमा हो जाती है, जो कार के इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ईसीयू) को गलत रीडिंग देने लगता है। इससे पॉवर लॉस होता है और जिसका खामियाजा माइलेज में कमी के रूप में सामने आता है।

### व्हील बियरिंग का घिस जाना

जब व्हील बियरिंग घिस जाते हैं या खराब हो जाते हैं तो इससे घर्षण और सड़कों पर रगड़ बढ़ जाती है। पहिये जाम होकर चलने लगते हैं, जिसका असर कार के माइलेज पर पड़ता है। इसी तरह जब कार का टर्बो कमजोर हो जाता है तो उससे भी कार के माइलेज पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### एक्सीलेटर का अधिक उपयोग

अगर आपकी कार के उपयुक्त कारक ठीक ढंग से काम नहीं कर रहे होते हैं तो इंजन का परफॉर्मेंस कम हो जाता है।



इसका मतलब है कि कार को गति देने के लिए आपको एक्सीलेटर का ज्यादा इस्तेमाल करना पड़ेगा। इससे भी गाड़ी का माइलेज कम होगा ही।

### इंजन ऑयल नहीं बदलवाना

जब समय पर इंजन ऑयल नहीं बदला जाता है तो वह खराब हो जाता है, जिससे इंजन की सुरक्षा कर पाने में नाकाम रहता है। इससे भी कार का माइलेज कम होने लगता है।

### सही गियर का इस्तेमाल नहीं करना

स्पीड के अनुसार सही गियर का इस्तेमाल नहीं करने पर कार के इंजन को ओवर पुशिंग करनी पड़ती है। सभी कारों के मैन्युअल्स में स्पीड के अनुसार गियर यूज करने के बारे में बताया जाता है। उसके अनुसार ही गियर का इस्तेमाल करें।

### कैसे सुधारें माइलेज

ऑटोमेटिक कारों में एसी सेटिंग को ऑटो पर और तापमान को 22-24 डिग्री सेल्सियस पर सेट करके रखें। मैन्युअल कारों में रोटेटिंग नॉब्स का इस्तेमाल करके उसे ब्लू एरिया के एकदम बीच में रखें।

कोल्ड इंजन के साथ कार को ज्यादा गति नहीं दें। करीब 2 से 5 किमी तक कार को स्मूद स्पीड से ही चलाएं और उसके बाद ही जरूरत पड़ने पर तेज चलाएं। कार की स्पीड को कम करना है तो केवल ब्रेक पर ही निर्भर रहने के बजाय गियर का भी इस्तेमाल करें। हमेशा अपनी कार को टॉप गियर में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की स्पीड पर चलाने का प्रयास करें।

चारों पहियों में हमेशा सही एयर प्रेशर बनाए रखें, कार की समय-समय पर सर्विसिंग करवाते रहें।

अगर आपकी कार के कोई भी पाट्स ठीक ढंग से काम नहीं कर रहे होते हैं तो इंजन का परफॉर्मेंस कम हो जाता है। इसका मतलब है कि कार को स्पीड देने के लिए आपको एक्सीलरेटर का ज्यादा इस्तेमाल करना पड़ेगा। इससे भी गाड़ी का माइलेज कम होगा ही।

# एक्टर बनना चाहते थे गायक अनु मलिक

## -सिंगिंग शो सा रे गा मा पा में किया पुराने दिनों को याद



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड गायक अनु मलिक ने खुलासा किया कि म्यूजिक इंडस्ट्री में आने से पहले वह एक्टर बनना चाहते थे। अनु मलिक ने रियलिटी सिंगिंग शो सा रे गा मा पा में अपने पुराने दिनों को याद किया। शो सा रे गा मा पा में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। जहां देश भर से कंटेस्टेंट्स टॉप 12 में जगह पाने के लिए ऑडिशन दे रहे हैं, वहीं कुछ ने अपनी आवाज से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। ऐसे ही एक कंटेस्टेंट हैं पंजाब के अनमोल, जिनके गाने इक कुड़ी की शानदार परफॉर्मेंस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिगिंग, कम्पोजिंग और लेखन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा के बारे में जानने के बाद, अनु मलिक ने उन्हें अपने सिंगिंग स्किल के साथ-साथ लेखन को एक पेशे के रूप में ध्यान केंद्रित करने पर विचार करने की सलाह दी। उन्होंने स्टेज पर अनमोल की कविता को सराहा। उन्होंने कहा, आप एक महान सिंगर हैं लेकिन मेरे लिए, आप उससे भी बेहतर लेखक हैं। आप जीवन में क्या करना चाहते हैं, यह तय करने के लिए आपकी लड़ाई खुद से है।

और मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें अपना 100 प्रतिशत देने में विश्वास रखता हूं। 62 वर्षीय कंपोजर ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वह छोटे थे तो कैसे एक्टर बनना चाहते थे। अनु ने कहा, जब मैं छोटा था, तो मैं एक्टर बनना चाहता था, लेकिन कुछ अभिनेताओं में जिस तरह की चाहत थी, उसे देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मैं एक्टिंग के लिए नहीं बना हूं। और, फिर मैंने धुनें बनाना शुरू किया और यहां मैं आपके सामने बैठा हूं। इसलिए, मैं बस इतना ही कहना चाह रहा हूं कि कुछ ऐसा करें जिसमें आप जानते हों कि आप उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

# ऑस्कर में भेजने की प्लानिंग कर रहे गदर-2 को

## - डायरेक्टर अनिल शर्मा ने दी यह जानकारी




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की गदर-2 फिल्म के मेकर्स इसे ऑस्कर में भेजने की प्लानिंग कर रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि इन दिनों वो और उनकी टीम अब इस फिल्म को ऑस्कर अवॉड्र्स में भेजने की प्लानिंग कर रहे हैं। डायरेक्टर अनिल शर्मा ने ही इस फिल्म के फर्स्ट पार्ट गदरः एक प्रेम कथा का निर्देशन किया था। एक इंटरव्यू में अनिल ने कहा, गदर नहीं गई थी तो मुझे नहीं पता कि गदर-2 कैसे जाएगी पर हम इस पर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि गदर-2 जानी चाहिए। यह फिल्म इतना तो डिजर्व करती है। गदर भी डिजर्व करती थी।

उसकी कहानी 1947 के बंटवारे पर बेस्ड थी और हमने वो कहानी एक दम अलग अंदाज में पेश की थी। वो नई और ओरिजनल कहानी थी और गदर-2 भी कुछ ऐसी ही है। अनिल ने अवॉर्ड ना मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, मैं 40 साल से काम कर रहा हूं पर ऐसा लगता है जैसे मैंने कोई काम ही नहीं किया है। मुझे नहीं पता कि अवॉर्ड पैनल में कौन बैठता है पर वो मुझे कभी कोई अवॉर्ड नहीं देते। मुझे याद है कि एक बार धरम जी ने मुझसे कहा था कि वो नया सूट सिलवाकर अवॉर्ड शो में गए थे, पर उन्हें कोई अवॉर्ड ही नहीं मिला। मुझे भी ऐसा ही लगता है जैसे मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा ही नहीं हूं। अनिल ने आगे कहा, हमने अपने काम से लोगों का प्यार जीता है पर सच कहूं तो अब हम भी एक अवार्ड जीतना चाहते हैं। पर मुझे इसकी उम्मीद नहीं क्योंकि मुझे पता है कि मुझे अवॉर्ड नहीं मिलेगा। मैं अवॉर्ड के लिए कभी लॉबी नहीं कर सकता। फिल्म में सनी देओल के अलावा अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा और मनीष वाधवा भी अहम रोल में नजर आ रहे हैं। बता दें कि गदर-2 ने बॉक्स ऑफिस पर 481.85 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म अब 500 करोड़ क्लब में शामिल होने की तरफ बढ़ रही है।

# अंतरजातीय विवाह के बाद हरिवंश राय को सरोजिनी ने दी थी सांत्वना

## -यह खुलासा किया है मेगास्टार बच्चन ने



**मुंबई (ईएमएस)।** जब पिता हरिवंश राय ने अंतरजातीय विवाह किया था तो भारत कोकिला सरोजिनी नायडू पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिन्होंने उन्हें सांत्वना दी थी। यह खुलासा किया है मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने। हरिवंश राय बच्चन नयी कविता साहित्यिक आंदोलन के कवि और लेखक थे। वह अपने काम मधुशाला के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उन्होंने 1941 में तेजी से शादी की। क्विज-बेस्ड रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के 14वें एपिसोड में होस्ट बिग बी ने हरियाणा के पंचकुला की सीनियर न्यूज एडिटर योजना यादव का हॉट सीट पर स्वागत किया। 3,20,000 रुपये के प्रश्न के लिए, योजना से पूछा गया, किस कवि द्वारा सराहना किए जाने के बाद बेगम अख्तर एक कलाकार के रूप में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हुईं ?दिए गए विकल्प थे ए : विजया लक्ष्मी पंडित, बी : महादेवी वर्मा, सी : सरोजिनी नायडू, और डी : सुभद्रा कुमारी चौहान। ऑडियंस पोल लाइफलाइन का उपयोग करने के बाद, योजना ने सही उत्तर दिया जो था - सरोजिनी नायडू। 80 वर्षीय अभिनेता ने कहा, जब बेगम अख्तर ने 1934 में नेपाल और बिहार के भूकंप पीड़ितों के लिए एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, तो सरोजिनी नायडू ने उनकी सराहना की। बाद में उनकी गायकी के लिए उन्हें मल्लिका-ए-गजल का खिताब दिया गया। बेगम अख्तर को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गजल, दादरा और ठुमरी शैलियों की सबसे महान गायिकाओं में से एक माना जाता है। बागबान फेम अभिनेता ने तब कहा, सरोजिनी नायडू कई भाषाएं जानती थीं और अच्छी तरह से शिक्षित थीं। वह संस्कृत जानती थीं और उन्होंने कई देशों की यात्रा की। वह एक कवयित्री और राजनीतिज्ञ भी थीं। अभिनेता ने आगे कहा, मुझे यह कहने में थोड़ा संकोच हो रहा है लेकिन वो मेरे बाबूजी की भी बहुत बड़ी प्रशंसक थीं। मेरे बाबूजी ने मां तेजी बच्चन के साथ अंतरजातीय विवाह किया था। मेरी मां तेजी सूरी एक सिख परिवार से थीं। उस समय हम लोग इलाहाबाद में रहते थे और उन दिनों उस क्षेत्र में दूसरी जाति में विवाह पाप माना जाता था। जब मेरे पिता मेरी मां को इलाहाबाद लाए तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। सरोजिनी नायडू उन्हें सांत्वना देने वाली पहली व्यक्ति थीं। उन्होंने उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू से मिलवाया जो इलाहाबाद के आनंद भवन में रहते थे। मुझे आज भी याद है कि किस तरह उन्होंने मेरे पिता का परिचय उनसे कराया था।

# स्त्री फिल्मे का किरदार मेरी कल्पना से भी परे : बनर्जी




बालीवुड एक्टर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उनका स्त्री फिल्मे का किरदार उनकी कल्पना से भी परे है। फिल्म स्त्री के 5 साल पूरे होने के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि जना को जीवंत हुए पांच साल बीत चुके हैं। इस किरदार ने जो यात्रा की है, वह मेरी कल्पना से भी परे है। स्त्री से शुरूआत करने और इस किरदार के ब्रह्मांड का विस्तार करने के बाद जना की यात्रा उल्लेखनीय रही है। उन्होंने आगे कहा कि जबकि मैंने अपनी फिल्मी यात्रा गहरे किरदारों के साथ शुरू की, जना के किरदार ने मुझे अपने हास्य पहलुओं को अपनाने का मौका दिया। मैंने जना का किरदार निभाने हुए आनंद लिया है। मैं इसके साथ अच्छी तरह से जुड़ा हूं। जना का किरदार निभाने के लिए दर्शकों ने मुझ पर जो प्यार बरसाया है, उससे मैं बहुत खुश हूं और उतना ही उत्साहित हूं कि जना जल्द ही स्त्री 2 के साथ वापस आने वाला है।

# शाहरुख ने बुर्ज खलीफा पर जारी किया जवान का ट्रेलर

## -लाखों लोग देख चुके हैं ट्रेलर




**मुंबई (ईएमएस)।** दुबई की बुर्ज खलीफा पर बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान ने फिल्म जवान का ट्रेलर जारी किया था। ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लाखों लोग ट्रेलर देख चुके हैं। फिल्म में शाहरुख के कई लुक दिखाए गए हैं। शाहरुख ने अपने लुक को लेकर एक घोषणा की है जो सबका ध्यान खींच रही है। शाहरुख ने ट्रेलर रिलीज करने के बाद लुक को लेकर बातचीत की। शाहरुख ने कहा कि इस लुक के लिए मैं गंजा भी हुआ, और ये ऐसी चीज है जिसे मैं दोबारा अपनी जिंदगी में कभी नहीं करूंगा। ये पहली और आखिरी बार है जब मैं गंजा हुआ हूं। अभी आप लोगों के लिए मैं गंजा भी हो गया हूं, तो इसी की इज्जत के लिए थिएटर में चले जाना। क्या पता मौका मिले ना मिले दोबारा गंजा देखने का। शाहरुख ने स्टेज पर जिंदा बंदा गाने पर डांस किया। इसके साथ ही उन्होंने चलेया चलेया का अरेबिक वर्जन भी लॉन्च कर उस पर झूमे। शाहरुख ब्लैक टी-शर्ट, ब्लैक पैंट के साथ राल जैकेट में आकर्षक लग रहे थे। जवान के डायरेक्टर एटली कुमार हैं। फिल्म में शाहरुख के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और रिद्धि डोगरा के खास रोल हैं। दीपिका पादुकोण का कैमियो है। बता दें कि पिछले दो वर्ष चचाओं में रही शाहरुख की बहुप्रतीक्षित जवान 7 सितम्बर को प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में पठान से ज्यादा क्रेज नजर आ रहा है। उम्मीद की जा रही है कि जवान हिन्दी सिनेमा में शाहरुख खान की 2री ऐसी फिल्म होगी जो बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का आंकड़ा पार करने में सफल हो जाएगी। ट्रेलर ने जारी होने के बाद दर्शकों का जो प्रतिसाद पाया है वह हैरान करने वाला है।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस केंडल ने हॉर्स के साथ जबरदस्त फोटोशूट करवाया



हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस केंडल जेनर ने हॉर्स (घोड़े) के साथ एक जबरदस्त फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि 27 वर्षीय केंडल जेनर रेड ड्रेस पहन घोड़े के ऊपर बैठी हुई है और घोड़ा अपने हाथ उठाकर पोज दे रहा है। इस दौरान एक्ट्रेस का बेहद किलर अंदाज देखने को मिल रहा है। वहीं, दूसरी तस्वीर में केंडल ब्लैक ड्रेस में हॉर्स को क्रॉस करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उनका हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है। अगली तस्वीर में केंडल हॉर्स के ऊपर लेटी हुई है और अन्य एक तस्वीर में वह घोड़ों के बीच दिलकश पोज देती दिख रही हैं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं और यूजर्स कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। बता दें कि हॉलीवुड एक्ट्रेस केंडल जेनर इंडस्ट्री की एक हॉट दिवा हैं, जो अक्सर अपने लुक को लेकर चर्चा में रहती हैं।

# इमरान ने अपनी फिल्मों को लेकर साझा किए दिलचस्प किस्से



पुरानी यादों को याद करते हुए बालीवुड अभिनेता इमरान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म मेरे ब्रदर की दुल्हन और डेल्ही बेली को लेकर दिलचस्प किस्से साझा किए। इमरान ने इंस्टाग्राम पर मेरे ब्रदर की दुल्हन और डेल्ही बेली की कुछ रेट्रो तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा, ह्लएक समय की बात है, इंस्टाग्राम नहीं था, इसलिए लोग अपनी तस्वीरों में रेट्रो प्रभाव जोड़ने के लिए हिपस्टैमैटिक ऐप का इस्तेमाल करते थे। यहां एमबीकेडी के सेट से कुछ रेट्रो तस्वीरें हैं, मुझे याद है कि मैंने दो धारी तलवार गाने के लिए कुछ डबल शिफ्ट में काम किया था। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने लगातार चार रातों तक दो धारी तलवार गाने की शूटिंग की और दिन के दौरान वह डेल्ही बेली के ट्रैक की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंझने कहा, ह्लइसे लगातार 4 रात की पालियों में शूट किया गया था, जबकि मैं एक ही समय में दिल्ली बेली से नक्कड़वाले डिस्को और स्विटी के संगीत वीडियो की शूटिंग दिन में कर रहा था। मैं दो सेटों के बीच चलते हुए अपनी कार में सोता था।

# फोटोग्राफर्स से नाराज हुए शाहिद कपूर, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



आजकल बॉलीवुड कलाकारों को कैमरे में कैद करने के लिए फोटोग्राफर लगातार उनका पीछा करते नजर आते हैं। कभी फोटोग्राफर्स उनके घर के बाहर खड़े रहते हैं तो कभी एयरपोर्ट पर उनका इंतजार करते हैं। कई बार कलाकार इन फोटोग्राफर्स से नाराज भी हो जाते हैं, जो बार-बार पीछे मुड़कर देखते रहते हैं। हाल ही में बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर फोटोग्राफर्स से नाराज हो गए हैं। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शाहिद कपूर पत्नी मीरा राजपूत और सास बेला राजपूत के साथ को रुहाना कपूर के रिसेप्शन में शामिल होने के लिए निकले। इस दौरान शाहिद ने अंदर ग्रे ब्लेजर, ब्लैक शर्ट और ब्लैक पैंट पहना हुआ था। इस लुक में वह बेहद हैंडसम लग रहे थे। रिसेप्शन के बाद शाहिद अपनी पत्नी और सास के साथ बाहर कार का इंतजार कर रहे थे। तभी फोटोग्राफर्स ने उन्हें घेर लिया और उनकी तस्वीरें लेने लगे। फोटोग्राफर्स का बर्ताव देखकर शाहिद कपूर को गुस्सा आ गया। उन्होंने फोटोग्राफर्स से गुस्से में कहा, किस लिए चिल्ला रहे हैं बेटा? आपको क्या हुआ क्या मैं यहाँ खड़ा हूँ? तुम पागलों की तरह क्यों चिल्ला रहे हो? थोड़ा शांत हो जाओ जब मैं कार में बैठता हूँ और चला जाता हूँ तो जितना जोर से चिल्लाना है चिल्लाओ। फिलहाल शाहिद का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो को देखने के बाद नेटिजन्स ने शाहिद का समर्थन किया है। एक यूजर ने कहा, आपके चिल्लाने के बाद भी वे हंस रहे हैं.. सच में! वह सही नहीं है, क्योंकि उनकी पत्नी और सास वहां खड़ी हैं। मीडिया को अपनी जगह का सम्मान करना चाहिए। यह साफ है कि उन्हें ये बिल्कुल पसंद नहीं आया। एक अन्य यूजर ने कहा, आप बिल्कुल सही हैं। फोटोग्राफर नहीं जानते कि कैसे व्यवहार करना है और वे किसी का सम्मान नहीं करते।

## सूडोकु नवताल- 6542

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6541 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्दजाल - 7289

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | श | मु | कि | स्म | त | हो | प | न | र | द |
| क्त | क्रि | ल | ना | द | म | जा | ऐ | त | रा | ज |
| य | के | ब | हे | नि | ही | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | र | न | शा | वा | रो | क | ले | ज | व |
| प | दा | सा | अं | ने | तो | हो | थ | गो | भ | त |
| ब | स | त | प | दा | स | ए | व | सं | वॉ | व |
| द | ल्फ | न | न | जी | ज | ह | अ | गो | प्ला | द |
| क | र | मा | प | क्श | प | क | र | चो | न | ख |
| र | व | त | स्ट | रा | भी | त | श्मी | अ | शा | अ |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द |
| क | ह | रि | म | आ | प | की | खा | ति | र | जा |

शब्दजाल में प्रियंका चोपड़ा की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

बल्फमास्टर, वक्त, किस्मत, ऐतराज, द हीरो, आप की खातिर, अंदाज, असंभव, प्लान, बरसात.

### शब्दजाल - 7288 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | ब | न | र | क |
| दो | स | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | ल |
| स | वे | दे | पू | ह | जी | ल | न | ग | क | हो |
| र | ची | ने | श | ट | ज | ज्ञा | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | भा | र्क | हो |
| रो | मे | म | सु | न | गं | पू | न | ई | र | रू |
| श | ज | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | ख्म | र | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | सा | चि | क | री | ह | प | ला |
| त | रा | जु | न | ज | ह | त्र | य | जी | ता | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ब | र | रा | त | हैं |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6242

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 3 | | | 2 |
| 6 | 38 | | 32 | 1 | 30 | 7 |
| | 4 | | 5 | | 6 | |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| | | | 6 | | | 3 |
| | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | |
| 5 | 1 | | | 7 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6241 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 42 | 6 | 39 | 4 | 23 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम की सफलता से उसे बड़ी वित्तीय सहायता मिलनी चाहिए

**नई दिल्ली।**

बर्मिंघम में इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 में भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की उल्लेखनीय यात्रा ने भले ही लोगों का दिल जीत लिया हो, लेकिन एक उज्जवल भविष्य के लिए सरकार, लोगों, प्रशंसकों और संबंधित अधिकारियों से निरंतर समर्थन की आवश्यकता होगी। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने इस सप्ताह की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। इस जीत ने पूरे देश में महत्वाकांक्षी दृष्टिबाधित महिला एथलीटों के लिए आशा की लौ जला दी है, लेकिन इस गति को जारी रखने के लिए उन्हें थोड़े से समर्थन की आवश्यकता होगी। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (कैबी) के अध्यक्ष महंतेश जी. किवदासनवर ने आईएएनएस को बताया, हमारी लड़कियों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने साबित कर दिया है कि कुछ भी असंभव नहीं है। इन लड़कियों के लिए पूरे देश की प्रतिक्रिया देखकर मुझे लगता है कि उनका भविष्य उवल है। मैं बस यही चाहता हूं कि उन्हें अब देश से आवश्यक समर्थन मिले ताकि वे भविष्य में देश के लिए और अधिक सम्मान जीत सकें। कैबी के महासचिव शैलेन्द्र यादव ने कहा, यह निश्चित रूप से गर्व का क्षण था कि उन्होंने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह नेत्रहीन क्रिकेट के लिए भी पहली बार था। विश्व खेलों में उनके स्वर्ण पदक के कारण, उन्हें मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया में भी पहचान मिली। लेकिन अब सब कुछ सरकार के हाथों में है। यह स्वर्ण पदक सिर्फ टीम की जीत नहीं है, बल्कि ब्लाइंड क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी के लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि कुछ महीने पहले ही भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम का गठन किया गया था और टूर्नामेंट में इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराना अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने स्वर्ण पदक विजेता टीम को सम्मानित किया। यादव ने कहा, वे सभी बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं और कुछ खिलाड़ियों के माता-पिता भी नहीं हैं। मेरा मानना है कि इस जीत के कारण, कम से कम खिलाड़ियों को रहने के लिए घर मिल जाएगा। जो खिलाड़ी चाहती हैं वे अब अपनी शिक्षा भी जारी रख सकती हैं। स्मृति ईरानी ने यह भी कहा है कि ये लड़कियां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### केएल राहुल का एनसीए में होगा फिटनेस टेस्टः चोट के कारण एशिया कप के पहले दो मैचों से बाहर हो गए थे



नई दिल्ली। टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल का 4 सितंबर को बेंगलुरु के राष्टीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट होगा। इस टेस्ट के बाद तय होगा की वो एशिया कप के बाकि मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। राहुल कमर में मामूली चोट के कारण एशिया कप के पहले दो मैचों से बाहर हो गए थे। भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी 28 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, केएल राहुल अभी बेंगलुरु में एनसीए (नेशनल क्रिकेट एकेडमी) में ही रहेंगे। एशिया कप सुपर-4 स्टेज से पहले 4 सितंबर को टीम में वापसी से पहले उनका फिर से असेसमेंट किया जाएगा। राहुल एशिया कप के लिए घोषित 17 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। राहुल विकेट कीपिंग करते हैं और किसी भी पोजिशन पर बैटिंग करने में सक्षम बल्लेबाज हैं। उन्होंने लंबे समय तक टीम के लिए ओपनिंग की है, लेकिन सिलेक्टर्स अब उन्हें नंबर-5 पर खिलाना चाहते हैं और वह किसी भी पोजिशन पर खेलने की क्षमता रखते हैं। 1 मई को केएल राहुल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे और वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। उसके बाद राहुल ने इसी साल मई में लंदन में जांघ की सर्जरी कराई थी, और एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। राहुल तब से कोई भी इंटरनेशनल या घरेलू मैच नहीं खेले हैं।

### 2023 की कमज़ोरी के बावजूद, लक्ष्य सेन के पास है 2022 का गौरव फिर से हासिल करने की प्रतिभा



नई दिल्ली। बैडमिंटन में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए लक्ष्य सेन की यात्रा किसी उल्कापिंड से कम नहीं रही है। एक जूनियर प्रतियोगी के रूप में अपने शुरुआती दिनों से, सेन तेजी से खेल के शिखर पर पहुंचे, प्रसिद्ध दिग्गजों को हराया और सबसे भव्य मंच पर पदक हासिल किए। वह निस्संदेह भारतीय बैडमिंटन का चेहरा बन गए हैं, जो इस खेल के आशाजनक भविष्य का प्रतीक है। लक्ष्य ने जीत का पहला स्वाद 2014 में चखा जब वह स्विस जूनियर इंटरनेशनल में विजयी हुए। इस शुरुआती सफलता के बाद, उन्होंने जूनियर सर्किट में लगातार सुर्खियां बटोरना जारी रखा। उनकी उन्नति फरवरी 2017 में अपने चरम पर पहुंच गई जब उन्होंने जूनियर विश्व नंबर 1 रैंकिंग हासिल की। वर्ष 2018 युवा शटलर के लिए उल्लेखनीय था जब उन्होंने जूनियर एशियाई खिताब जीता और अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में युवा ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता। लक्ष्य जकार्ता में 2018 जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में छठी वरीयता प्राप्त भारतीय के रूप में गए थे। उन्होंने टूर्नामेंट में दबदबा बनाया और थाईलैंड के जूनियर विश्व चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ कड़े फाइनल में जीत हासिल कर खिताब जीता। इस जीत ने उन्हें 53 वर्षों में जूनियर कॉन्टिनेंटल खिताब जीतने वाला पहला भारतीय बना दिया, इससे पहले गौतम ठक्कर ने 1965 में यह उपलब्धि हासिल की थी। कॉन्टिनेंटल इवेंट में अपनी उल्लेखनीय जीत के बाद, यूथ ओलंपिक में लक्ष्य के लिए उम्मीदें बढ़ रही थीं। अपने फॉर्म के अनुरूप, युवा प्रतिभा न केवल रजत पदक हासिल करके उन उम्मीदों पर खरे उतरे बल्कि उससे भी आगे निकल गए। उनका प्रभावशाली प्रदर्शन 2018 विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भी जारी रहा, जहां उन्होंने कांस्य पदक के साथ अपनी उपलब्धियों की बढ़ती सूची में इजाफा किया। 2019 में जूनियर स्तर से सीनियर सर्किट में बदलाव करते हुए, प्रतिभाशाली अल्मोडा लड़के ने महत्वपूर्ण प्रगति करना शुरू कर दिया। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट में उनकी शुरुआती जीत 2019 में डच ओपन में हुई, इसके बाद सुपर 100 श्रेणी में सार्लोरलक्स ओपन में लगातार प्रभावशाली जीत हुई। इन जीतों ने उन्हें पहली बार बैडमिंटन विश्व रैंकिंग के शीर्ष 50 में पहुंचने में मदद की। महज 21 साल की उम्र में अपने शानदार फॉर्म के बावजूद, उन्हें काफी असफलताओं का सामना करना पड़ा, पीठ की चोट के कारण टोक्यो ओलंपिक से चूक गए और महामारी से प्रभावित बैडमिंटन कैलेंडर में सीमित अवसर मिले। 2021 में, बैडमिंटन की दुनिया में लक्ष्य की स्थिति में तेजी से वृद्धि हुई। युवा शटलर ने लगातार उच्च रैंकिंग के साथ विरोधियों को चौंकाया और पोडियम पर जगह सुरक्षित करने की उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया। इस होनहार युवा ने मई 2022 में भारत की पहली थॉमस कप जीत में अभिन्न भूमिका निभाई, पहले मुकाबले में इंडोनेशिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एंथोनी गिंटिंग को हराया। इसके तीन महीने बाद, लक्ष्य ने बर्मिंघम में अपना पहला राष्टमंडल खेलों का स्वर्ण पदक हासिल किया। वर्ष के अंत तक, उन्होंने पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में करियर का सर्वोच्च आठवां स्थान हासिल किया। 2022 में शानदार सीज़न के बावजूद, 2023 में लक्ष्य की फॉर्म में गिरावट आई।

## भारत ने जीता 5 खिलाड़ियों वाला हॉकी एशिया कप

# फाइनल में पाकिस्तान को टाईब्रेकर में हराया ; वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली।**

भारतीय हॉकी टीम ने 5 खिलाड़ियों वाला (5-ए साइड हॉकी) हॉकी एशिया कप जीत लिया है। ओमान में खेले गए पहले एशिया कप के फाइनल मुकाबले में टीम ने पाकिस्तान को टाईब्रेकर में 2-0 से हराया। दोनों टीमों ने निर्धारित समय में 4-4 गोल किए। जिसके बाद मैच का फैसला ट्राईबेकर से हुआ। टाईब्रेकर में भारत ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारतीय टीम ने ओमान में जनवरी-2024 में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए भी क्वलिफाई कर लिया है।

### मोहम्मद राहिल ने 2 गोल किए

भारत के लिए निर्धारित समय में मोहम्मद राहिल ने दो गोल किए, जबकि जुगराज सिंह और मनिंदर सिंह ने एक-एक गोल किए। टाईब्रेकर में गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूट-आउट में भारत के लिए गोल किए। जबकि पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान, कप्तान अब्दुल राणा, जिक्रिया हयात और अरशद लियाकत ने गोल किए।

### पहले हाफ में पाकिस्तान 3-2 से आगे रहा

पहले हाफ का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम एक गोल से पीछे थी। पाकिस्तान की ओर से 3 गोल हुए, जबकि भारत की ओर से 2 ही गोल हो सके। मैच के 5वें मिनट में पाकिस्तान के अब्दुल रहमान ने भारतीय गोलकीपर सूरज कारकेरा को चकमा देते हुए टीम के लिए पहला गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। 7वें मिनट में जुगराज सिंह ने भारत के लिए गोल कर स्कोर 1-1 की बराबरी पर कर दी। 10वें मिनट में मनिंदर सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से बढ़त ले लिया। 13वें मिनट में पाकिस्तान के कप्तान अब्दुल राणा और ठीक इसके एक मिनट बाद जिक्रिया हयात ने गोल कर टीम को 3-2 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा। दूसरे हाफ में पाकिस्तान के लिए 19वें मिनट अरशद लियाकत ने गोल कर स्कोर 4-2 कर दिया। भारत को मैच में बने रहने के लिए दो गोल की जरूरत थी। लियाकत के गोल करने के ठीक बाद



भारत के लिए मोहम्मद राहिल ने गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया। वहीं 26वें मिनट में राहिल ने पाकिस्तानी रक्षा पंक्ति को चकमा देते हुए गोल कर सकोर 4-4 की बराबरी पर कर दिया। मैच खत्म होने तक यानी निर्धारित समय 30 मिनट तक स्कोर 4-4 ही रहा। जिसके बाद मैच का फैसला टाईब्रेकर में हुआ। टाईब्रेकर में पाकिस्तान ने दोनों मौके गंवा दिए। वहीं भारत के लिए पहले गुरजोत सिंह और उसके बाद मनिंदर सिंह ने गोल कर भारतीय टीम को जीत दिलाई।

### क्या है 5-ए साइड हॉकी

यह हॉकी का शॉर्टर वर्जन है। जिसे 5-ए साइड हॉकी के नाम से जाना जाता है। फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल हॉकी ने इसे पिछले साल शुरू किया है। भारतीय टीम ने जून महीने में पहला 5-ए साइड हॉकी मैच खेला था। क्या बिना गोलकीपर के भी खेला जा सकेगा मैच हॉकी के लिमिटेड फॉर्मेट में कुछ चीजें बदली नजर आएंगी। जैसे- टाइम ड्यूरेशन, फील्ड साइज और प्लेइंग रूल्स। नॉर्मल हॉकी मैच की तुलना में इस मैच की अवधि आधे से कम होगी यानी कि 30 मिनट के आसपास। वहीं, यह 45×78 साइज की टर्फ में खेला जाएगा।

### 2 हाफ और 4 क्वार्टर में ही मुकाबला होगा

मुकाबला पहले जैसे दो हाफ और चार क्वार्टर में होगा। यदि टर्फ तय स्टैंडर्ड से छोटी है तो 5 की जगह 4 खिलाड़ियों में भी मैच खेला जा सकता है। वैसे तो खेल में गोलकीपर जरूरी है। लेकिन परिस्थितियों के हिसाब से बिना गोलकीपर के फील्ड प्लेयर्स के साथ ही मैच खेल सकते हैं। टर्फ की चारों ओर साइड लाइन की जगह साइड बोर्ड होंगे। ताकि बॉल बाहर न जाए और यदि साइड बोर्ड नहीं है तो नार्मल हॉकी के नियम लागू होंगे।

# विश्वकप के लिए बीसीसीसी ने 15 सदस्यीय संभावित टीम का चयन किया

BCCI

**मुम्बई।**

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट को देखते हुए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम बनायी है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई की चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने एशिया कप में भारत-पाक मुकाबले के बाद इस टीम का चयन किया है। इसमें चोट से उबर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को शामिल किया गया है जबकि संजू सैमसन बाहर हो गये हैं। वहीं दूसरे विकेटकीपर के तौर पर ईशान को अवसर मिला है।**

अगरकर श्रीलंका गए थे और वहां कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर उन्होंने इस टीम का चयन किया। ये बैठक कैंडी में भारत बनाम पाकिस्तान एशिया कप मैच के बाद हुई।

सैमसन के अलावा, युवा तिलक वर्मा और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी इस टीम में जगह नहीं मिली है। इस टीम में कप्तान रोहित के अलावा, युवा बल्लेबाज शुभमन गिल, अनुभवी विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को भी शामिल किया गया है। चयन समिति ने राहुल की फिटनेस को मेडिकल टीम की मंजूरी मिलने के बाद भी शामिल किया गया। राहुल अभी नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं और उन्होंने बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में कई घंटों तक बल्लेबाजी की है। बीसीसीआई के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की समय सीमा के अनुसार टीम घोषित करने के लिए पांच सितंबर तक का समय था पर उसने पहले ही टीम घोषित करना सही समझा।

**विश्वकप के लिए संभावित 15 सदस्यीय भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज

## शिखर धवन ने तैयार कराए बल्ले

# क्रिकेटरों से बोले-सकारात्मक सोच से खेलें, भारतीय टीम की तारीफ की

**मेरठ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन परतापुर गगोल रोड स्थित एसजी स्पोर्ट्स फैक्टरी पहुंचे। यहां उन्होंने अपने मनपसंद बल्ले तैयार कराए। इस दौरान उन्होंने बाल क्रिकेटरों को बल्लेबाजी के टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि हमेशा सकारात्मकता के साथ मैदान पर बल्लेबाजी के लिए उतरना चाहिए। मैच की स्थिति को देखते हुए बिना दबाव के बल्लेबाजी करने का प्रयास करना चाहिए। टी-20 क्रिकेट हो या वनडे, मैच जीतने के लिए आपको पिच पर जमना होता है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान मैच के लिए कहा कि भारतीय टीम दबाव में बहुत अच्छा खेली।

उन्होंने गांधी बाग क्रिकेट एकेडमी के बाल क्रिकेटरों के स्विंग गेंदबाजी खेलने को लेकर किए गए सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा स्विंग गेंद को बॉडी के करीब और फ्रंटपुट से खेलना पसंद करते हैं। स्विंग को दूर से खेलने में विकेट गवां सकते हैं।

इसके बाद वनडे में 300 पार के स्कोर को बनाने के टिप्स दिए। शिखर ने कहा बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरें तो कभी स्कोर के बारे में न सोचें, बल्कि मन में प्रति पांच ओवर में रन बनाने का लक्ष्य तय कर लें।




शिखर धवन ने कहा कि शुरू से ही बड़े स्कोर को लेकर बल्लेबाज दबाव में आ जाने के कारण अपना स्वभाविक खेल भी भूल जाता है। शिखर धवन करीब चार घंटे फैक्टरी रुके। उन्होंने पांच बल्ले तैयार कराए।

फैक्टरी से निकलते समय महिला कर्मचारियों ने शिखर के साथ सेल्फी भी ली। इसके बाद गंगानगर में एसजी कंपनी के शोरूम का शुभारंभ किया। गंगानगर में शिखर धवन के पहुंचने की सूचना मिलते ही शोरूम के बाहर क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ लग गई। शोरूम में शिखर ने बल्लों की थ्रो टेस्ट की।

# 17 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं भारत की सबसे कम उम्र की विश्व तीरंदाजी चैंपियन अदिति गोपीचंद

**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के सतारा की रहने वाली 17 वर्षीय अदिति गोपीचंद स्वामी ने पिछले महीने जर्मनी के बर्लिन में आयोजित हुंडई विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में इतिहास रचा। उन्होंने भारत का पहला व्यक्तिगत कंपाउंड खिताब जीता और 17 साल की उम्र में सबसे कम उम्र की भारतीय विश्व चैंपियन बन गईं, और विश्व कप युग (2006 से) में इतिहास रचा। दीपिका कुमारी, अभिषेक वर्मा, जयंत तालुकदार और लिंबा राम की विरासत अंतरराष्ट्रीय मंच पर हावी रहेगी और स्वामी ने उनका नाम इस सूची में जोड़ दिया है। स्वामी पहले ही सर्वश्रेष्ठ स्तर का प्रदर्शन कर चुकी हैं और बड़े टूर्नामेंटों का इंतजार कर रही हैं। आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 उनके लिए बड़ी चुनौती होगी, जिससे पहले वह एशियाई खेल 2023 में जीतना चाहेंगी, जिससे उन्हें अपना मनोबल बढ़ाने के लिए मंच मिलेगा। कंपाउंड महिला टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के बाद, भारत के लिए पहली बार, हमवतन ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर के साथ, 17 वर्षीय ने एंड्रिया बेसेरा को 149-147 के स्कोर के साथ हराकर डबल विश्व चैंपियन का



खिताब जीता, बस दो महीने से भी कम समय पहले जूनियर विश्व चैंपियन का खिताब जीतने के बाद। स्वर्ण पदक फाइनल में, तीन भारतीयों ने मैक्सिकन संयोजन डैफने क्विंटेरो, एना सोफा हर्नांडेज़ जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराया। नीदरलैंड के लिमरिक में हुई 2023 विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप में, क्वार्टर फाइनल में एक रोमांचक शूटआउट में, उन्होंने नीदरलैंड की साने डी लाट को हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला कंपाउंड सहकर्मी ज्योति सुरेखा वेन्नम से हुआ, जिन्होंने पहले 2019 में कांस्य और 2021 में रजत पदक जीता था। वेन्नम ने तुर्की के इपेक टोमरुक के खिलाफ कांस्य पदक जीता, जिससे पोडियम पर भारत का दोहरा प्रदर्शन रहा। अपनी आदर्श और सहकर्मी ज्योति के खिलाफ सेमीफाइनल मैच स्वामी के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। उसने 149-145 से जीतकर निर्णायक जीत हासिल की। चैंपियनशिप जीतने के बाद स्वामी ने कहा, मुझे बहुत गर्व है, मैं विश्व चैंपियनशिप में बजने वाले 52 सेकंड के राष्ट्रगान को सुनना चाहती थी । यह वाकई बहुत अच्छी बात है कि 17 साल की उम्र में मैं विश्व चैंपियन बन सकी । खेल की नियामक संस्था विश्व तीरंदाजी ने भी उनकी जीत की घोषणा करते हुए ट्वीट किया, अदिति स्वामी को भारत के लिए पहला व्यक्तिगत विश्व खिताब मिला। 17 वर्षीय प्रतिभा अब विश्व चैंपियन है। स्वामी को खेल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए, उनका परिवार 15 किमी दूर एक गांव से सतारा शहर में स्थानांतरित हो गया। उनके पिता गोपीचंद ने शहर में गणित शिक्षक के रूप में काम करना शुरू किया। खेलों के प्रति गहरी रुचि रखने वाले गोपीचंद चाहते थे कि उनकी बेटी कम से कम एक खेल में भाग ले। उनकी संघर्षपूर्ण कहानी दृढ़ता और अटूट दृढ़ संकल्प का उदाहरण है। चीन के हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों में स्वामी एक बार फिर एक्शन में नजर आएँगी।

## मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है भारत के नाम

# टीम का हर 24वां वनडे बेनतीजा रहता है, हमेशा बारिश नहीं होती वजह

**नई दिल्ली।**

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में ग्रुप-ए का मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 266 रन बनाए। लेकिन ज्यादा बारिश होने के कारण पाकिस्तान की पारी शुरू ही नहीं हो सकी। इसलिए दोनों ही टीमों को एक-एक पॉइंट मिला। वनडे के इतिहास में ऐसा 44वां बार हुआ, जब भारत का मैच रद्द हुआ है। इस मामले में टीम इंडिया पहले से ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हुए हैं। भारत का हर 24वां वनडे रद्द हो जाता है। रद्द होने वाले मैचों के पीछे बारिश सबसे बड़ा फैक्टर है। हालांकि कुछ मैच बिना बारिश के भी रद्द हुए हैं।

**सबसे ज्यादा भारत-श्रीलंका वनडे रद्द हुए** - वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया के सबसे ज्यादा मुकाबले श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुए हैं। भारत ने अब तक श्रीलंका के खिलाफ 165 वनडे मैच खेले हैं। इनमें से 11 मैच बेनतीजा रहे। इनमें 2002 चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनल मैच भी शामिल हैं। फाइनल के पहले दिन श्रीलंका की पारी के दौरान बारिश शुरू हो गई। इसके बाद खेल नहीं हुआ और मैच को रिजर्व डे में ले जाया गया। उस समय के नियम के मुताबिक रिजर्व डे में नए सिरे से मैच खेला गया। इस बार भी श्रीलंका की पारी के बाद खेल मुमकिन नहीं हुआ और मुकाबला रद्द कर दिया गया। अगली तस्वीर में देखिए कि किस टीम के खिलाफ भारत के कितने वनडे मैच रद्द हुए हैं।

**दर्शकों की पत्थरबाजी के कारण भी रद्द हुआ मैच** - ऐसा नहीं है कि इनमें से सभी मैच बारिश के कारण रद्द हुए हों। पाकिस्तान के खिलाफ 1989 में खेला गया वनडे मैच दर्शकों के खराब व्यवहार के कारण रद्द हुआ था। तब पाकिस्तानी




दर्शकों ने अपनी टीम के तीन विकेट जल्दी गिर जाने के कारण पत्थरबाजी शुरू कर दी थी।

इसी तरह भारत और श्रीलंका के बीच 2009 में दिल्ली में खेला गया वनडे मैच खराब पिच के कारण रद्द कर दिया गया था। उस मुकाबले में 23.3 ओवर का खेल हुआ था। पिच से असमान तक उछाल मिल रही थी जिससे बल्लेबाजों के चोटिल हो जाने का खतरा था।

**कितने ओवर का खेल हो जाए तो मैच रद्द नहीं होता** - अगर किसी वनडे मैच की दोनों पारियों में कम से कम 20-20 ओवर का खेल हो जाए तो मुकाबला रद्द नहीं होता है। फिर डकवर्थ लुईस नियम के तहत फैसला होता है।

अगर शुरुआत से ही पता चल जाए कि मुकाबला 20-20 ओवर का ही होगा तो फिर डकवर्थ-लुईस का रोल नहीं होता है। इसके अलावा अन्य स्थितियों में इसे लागू किया जाता है। अगर 20-20 ओवर का खेल भी मुमकिन नहीं होता है तो मैच रद्द कर दिया जाता है।

**मैच की परफॉर्मेंस काउंट होती है या नहीं** - अगर मैच में एक भी गेंद डाली गई है तो उस पर हुआ खेल रिकॉर्ड बुक में शामिल किया जाता है। इसका मतलब हुआ कि इस मैच में ईशान किशन, हार्दिक पंड्या समेत भारत के सभी बैटर्स के रन उनके करियर रिकॉर्ड में शामिल हुए। साथ ही शाहीन शाह अफरीदी समेत पाकिस्तान के सभी गेंदबाजों ने जितने भी विकेट लिए, वो सभी उनके करियर रिकॉर्ड में शामिल हुए। इसी तरह मैच की संख्या भी टीम के खाते में काउंट होती है।

**रद्द मैचों के भी टॉप बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर** - सचिन तेंदुलकर के नाम वनडे क्रिकेट में दुनिया में सबसे ज्यादा रन हैं। संयोग देखिए कि रद्द मैचों में भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी सचिन ही हैं। सचिन ने 24 ऐसे वनडे खेले जिनका कोई नतीजा नहीं निकला। इनमें मास्टर-ब्लास्टर ने 47.09 की औसत से 518 रन बनाए।



# गदर-2 की सक्सेस पार्टी 30 साल बाद एक साथ नजर आए शाहरुख और सनी

फिल्म *गदर-2* के जरिए बॉलीवुड में दमदार वापसी करने वाले एक्टर सनी देओल लगभग 30 साल बाद एक साथ आये हैं। मौका था फिल्म गदर-2 की शनिवार देर रात को हुई सक्सेस पार्टी। सनी देओल और शाहरुख खान ने केवल एक ही फिल्म में साथ काम किया था, जो यश चोपड़ा की डर थी। इस फिल्म के बाद दोनों ने कभी साथ काम नहीं किया। डर में शाहरुख खान ने नकारात्मक भूमिका निभाई थी और उस भूमिका का महिमामंडन करने से सनी देओल नाराज हो गए, जिन्होंने बाद में शाहरुख खान के साथ काम करने से परहेज किया। 30 साल बाद अब इन दोनों कलाकारों ने अपने मतभेद भुला दिए हैं और इतने सालों बाद एक साथ मीडिया के सामने आए हैं। दरअसल, फिल्म गदर-2 ने लगभग सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। इसलिए शनिवार देर रात को गदर-2 की सक्सेस पार्टी रखी गई, जिसमें बॉलीवुड के बड़े-बड़े कलाकार शामिल हुए। सलमान और आमिर तो शामिल हुए ही, लेकिन पार्टी का सबसे बड़ा और खास आकर्षण रहा शाहरुख खान और सनी देओल का एक साथ आना। सनी और शाहरुख मीडिया के सामने आए और साथ में तस्वीरें भी खिंचवाई। दोनों अपने मतभेद भुलाकर एक साथ आए, तो उनके फैंस भी खुश हो गए। दोनों ने एकदूसरे से खुलकर बातचीत भी की। इन दोनों की मुलाकात का ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शाहरुख खान ने हाल ही में ट्वीट कर गदर-2 की तारीफ की थी। शाहरुख खान और सनी देओल के इस रीयूनियन से दोनों के फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि ये दोनों जल्द ही एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। उधर सनी देओल की एक्शन ड्रामा फिल्म गदर 2 शुरुआत से ही काफी अच्छा बिजनेस कर रही है। अमीषा पटेल और सनी देओल स्टारर फिल्म को 22 साल बाद दोगुना प्यार मिल रहा है। तीसरे वीकेंड भी फिल्म की कलेक्शन काफी धमाकेदार रही और गदर 2 ने रविवार को इंडिया में 450 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया। सनी देओल की एक्शन ड्रामा फिल्म गदर 2 शुरुआत से ही काफी अच्छा बिजनेस कर रही है। अमीषा पटेल और सनी देओल स्टारर फिल्म को 22 साल बाद दोगुना प्यार मिल रहा है। तीसरे वीकेंड भी फिल्म की कलेक्शन काफी धमाकेदार रही और गदर 2 ने रविवार को इंडिया में 450 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया। अमीषा पटेल इन दिनों मिल रही फेम को खूब इंजॉय कर रही हैं। गदर 2 से उनकी पर्दे पर वापसी हुई है। हाल ही में सनी देओल ने फिल्म की सक्सेस पार्टी ऑर्गनाइज की, जहां इंडस्ट्री के बड़े बड़े सितारों ने शिरकत की।



# *कहो ना प्यार है* से करीना को निकालकर मुझे दिया गया था मौका : अमीषा

फिल्म *कहो ना प्यार है* से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अमीषा पटेल इन दिनों फिल्म *गदर-2* की सक्सेस को एन्जॉय कर रही हैं। अमीषा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस करीना कपूर खान को लेकर बयान दिया। अमीषा ने दावा किया है कि शुरुआत में कहो ना प्यार है फिल्म में करीना कपूर थीं, लेकिन बाद में करीना को फिल्म से निकाल दिया गया था। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर ऋतिक रोशन अहम भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया है। अब अमीषा ने एक इंटरव्यू में कहा कि दरअसल करीना ने यह फिल्म छोड़ी नहीं थी, बल्कि राकेशजी ने करीना को फिल्म छोड़ने के लिए कहा था, क्योंकि उनके बीच मतभेद थे। ऋतिक की मां पिंकी भी हैरान थीं, क्योंकि सेट तैयार था और हमें तीन दिन में सोनिया के किरदार के लिए एक्ट्रेस ढूंढनी थी। उन्होंने आगे कहा कि यह रितिक की डेब्यू फिल्म थी और हर कोई टेंशन में था। पिंकी आंटी ने मुझे आगे बताया कि राकेशजी ने मुझे एक शादी में देखा था और उन्हें पूरी रात नींद नहीं आई।



अमीषा का कहना है कि 2020 में राकेश रोशन ने बताया था कि करीना को क्यों रिप्लेस किया गया। उन्होंने कहा था कि करीना की मां बाबाती हर चीज में बहुत ज्यादा दिलचस्पी रखती थीं। इसलिए उन्होंने ये फिल्म छोड़ दी।




Subscribe to Asom Barta Whatsapp 'Assam' at 8287912158
-- Janasanyog /D/9899 / 23


मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**